CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 । वर्ष – 34 । अंक –353 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु



आतंक की जड़ पर करें वार : प्रमोद तिवारी — पृष्ठ 3
- रो रही है झेलम कश्मीरियत के क़त्ल पर
- नरेंद्र मोदी के सामने पाकिस्तान की आईएसआई से ... — पृष्ठ 4
- गाजा पर इजरायली हमलों में 29 फिलिस्तीनियों की मौत
- अमेरिका के 12 राज्यों ने अवैध टैरिफ को लेकर ट्रम्प प्रशासन... — पृष्ठ 9
रोहित विश्व स्तरीय खिलाड़ी : बोल्ट — पृष्ठ 10

# पहलगाम हमले पर हुई सर्वदलीय बैठक

## राजनाथ, शाह, खड़गे व राहुल मौजूद रहे, बैठक में दो मिनट का मौन रखा गया

**नई दिल्ली**, 24 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम हमले को लेकर पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक 2 घंटे चली। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेता इसमें शामिल हुए। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इससे पहले केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर गुरुवार को पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ना होगा, क्योंकि 27 अप्रैल से उनके वीजा रद्द कर दिए गए हैं। जिन्हें मेडिकल वीजा मिला है, उन्हें 29 अप्रैल 2025 तक भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की भी सलाह दी है। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी कल ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪



### पहलगाम हमले पर सरकार ने मानी सुरक्षा चूक

सर्वदलीय बैठक खत्म होने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने माना कि सरकार से चूक हुई है। उन्होंने कहा, ये घटना कैसे हुई और कहां चूक हुई इसके बारे में बैठक में बताया गया। हमारे ऑफिशियल की तरफ से बताया गया घटना कैसे हुई।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, जहां ये घटना घटी वो मेन रोड पर नहीं है। सभी पार्टियों को बताया गया कि सबकुछ सही होते हुए भी एक चूक हुई है और इससे सभी दुखी हैं। हम पता लगाएंगे कि कहां चूक हुई। आगे ऐसी घटनाएं न हो उनके लिए प्रबंधन किया गया है। सभी पार्टी के नेताओं ने एक आवाज में कहा है कि सरकार जो भी कदम उठाएगी, हम उसमें साथ देंगे। कुछ मुद्दे भी सामने आए, जिनपर सफाई दी गई। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, यह बहुत दुखद घटना है। पिछले कई सालों से कश्मीर में लोग शांति से अपना व्यापार कर रहे थे, टूरिस्ट आ रहे थे, गतिविधियां चल रही थी और सब बहुत अच्छा हो रहा था। सभी राजनैतिक दलों ने अपने-अपने विचारों को रखा और एक बात सामने आई कि देश को एकजुट होकर और एक आवाज में बोलना चाहिए। सभी पार्टियों ने कहा है कि वे सरकार के साथ हैं।

### कांग्रेस कार्यसमिति की हुई बैठक, कहा-ये हमारे गणतंत्र पर सीधा हमला

- **भाजपा पर भेदभाव को बढ़ावा देने का लगाया आरोप**

पहलगाम हमले को लेकर पूरे देश में गम और गुस्से का माहौल है। गुरुवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। इस बैठक में कहा गया कि पहलगाम के कायराना हमले का मास्टरमाइंड पाकिस्तान है और यह हमला हमारे गणतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। कांग्रेस ने भाजपा की आलोचना भी की और आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी इस त्रासदी को भी तुष्टिकरण और भेदभाव को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल कर रही है, जबकि इस समय एकता की सबसे ज्यादा जरूरत है। कांग्रेस पार्टी की फैसले लेने वाली सर्वोच्च निकाय कांग्रेस ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪

# पहलगाम हमले में मृत दिनेश मिरानिया का अंतिम संस्कार

## मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री ने दिया कंधा



- 15 साल के बड़े बेटे शौर्य ने दी मुखाग्नि
- मुंबई दौरा छोड़कर लौटे सीएम भी शामिल

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम में बुधवार को हुए हमले में आतंकवादियों की गोली से मृत रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया (अग्रवाल) का गुरुवार को सुबह मारवाड़ी श्मशान गृह में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मिरानिया के पुत्र शौर्य ने मुखाग्नि दी। आतंकियों ने पहलगाम में जब मिरानिया को गोली मारी, शौर्य और भाई तथा मां भी उनके साथ थे। स्व. मिरानिया की शवयात्रा उनके निवास से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन तथा रायपुर के लोगों के साथ सीएम विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। सीएम साय के आज रात तक मुंबई में कार्यक्रम निर्धारित थे, जिन्हें कैंसिल कर वे सुबह ही रायपुर लौट आए और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। दिनेश मिरानिया चैंबर के सदस्य थे तथा जवाहर नगर में उनका मशीनरी का कारोबार है। उनकी शवयात्रा में चैंबर पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में राजधानी के कारोबारी भी शामिल हुए। स्व. दिनेश मिरानिया का निवास गरबा मैदान, चौबे कालोनी में है। उनका शव कल रात रायपुर लाया ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪

### मिरानिया के नाम पर सड़क या चौक का नामकरण

सीएम साय ने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सीएम ने कहा कि स्वर्गीय मिरानिया की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने लिए सरकार किसी सड़क या चौक का नामकरण उनके नाम पर करेगी।

## सार संक्षेप

### केंद्र ने लग्जरी आइटम्स पर 1 फीसदी टीसीएस किया लागू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने 1 लाख रुपए से अधिक कीमत वाली लग्जरी वस्तुओं जैसे कलाई घड़ी, हैंडबैग, धूप का चश्मा, जूते और स्पोर्ट्सवियर पर 1 प्रतिशत टैक्स कलेक्शन एट सोर्स (टीसीएस) को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए नए नियमों को अधिसूचित किया है। आर्ट से जुड़ी वस्तुएं जैसे पेंटिंग और मूर्तियां, नौकाएं, होम थिएटर सिस्टम और रेसिंग या पोलो के लिए घोड़े भी इस लिस्ट का हिस्सा हैं।

### बसंतगढ़ मुठभेड़ में जवान शहीद

**जम्मू।** पहलगांव हमले के बाद प्रदेश में कई जगह आतंकियों ने मोर्चे खोले हैं। अगर बसंतगढ़ में मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया तो कुलगाम में वे आतंकी भागने में कामयाब हो गए जिनके साथ कल रात से ही मुठभेड़ चल रही थी। पुंछ, किश्तवाड़ के बाद अब कठुआ के कई इलाकों में आतंकियों को देखे जाने की खबरों के बाद व्यापक तलाशी अभियान छेड़े गए हैं।

### टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को मिली धमकी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर को धमकी मिली है। आतंकी संगठन आईएसआईएस की ओर से गौतम गंभीर को धमकी दी गई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। धमकी मिलने के बाद गंभीर के पर्सनल सेक्रेटरी गौरव अरोड़ा की ओर से दिल्ली पुलिस को शिकायत दी गई।

### पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के दिन शनिवार को राजकीय शोक

**नई दिल्ली।** ईसाई धर्म गुरू पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के दिन शनिवार को देश भर में राजकीय शोक रहेगा। राजकीय शोक के दिन शनिवार को पूरे देश में भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

### पाकिस्तान की हिरासत में है बीएसएफ जवान

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में बुधवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जीरो लाइन पार कर बीएसएफ का एक जवान सरहद लांघ कर पाकिस्तान चला गया था। जवान को पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में लिया है। 24 घंटे के बाद भी रिहा नहीं किया है।

# पाकिस्तान ने पानी रोकने को 'युद्ध जैसी कार्रवाई' बताया

- भारत के साथ व्यापारिक संबंध खत्म करने की घोषणा
- भारतीय उड़ानों के लिए अपनी वायु सीमा बंद की

**नई दिल्ली**, 24 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के कड़े फैसले से बिलबिलाए पाकिस्तान ने भारत के साथ व्यापार खत्म करने का ऐलान किया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक बुलाई।

इस बैठक में भारत सरकार के सख्त फैसलों पर करीब दो घंटे तक चर्चा की गई। बैठक में पाकिस्तान सरकार ने भारत के साथ व्यापारिक संबंध खत्म करने की घोषणा की। इसके साथ ही भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। भारत के सिंधु जल समझौते को निलंबित किए जाने पर पाकिस्तान ने कहा कि पानी रोकना युद्ध जैसी कार्रवाई है।

**भारत के आरोपों को निराधार बताया**

पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) ने भारत के आरोपों को खारिज करते हुए निराधार और मनगढ़ंत बताया है। एनएससी का कहना है कि पहलगाम हमले को लेकर नई दिल्ली ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪

## फिटजी कोचिंग संस्थान के खिलाफ ईडी की कार्रवाई

# दिल्ली में 8 ठिकानों पर तलाशी

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीम दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम के आठ स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

जांच एजेंसी ईडी की ओर से की गई यह कार्रवाई एक प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान 'फिटजी' के प्रमोटर्स और मालिकों के खिलाफ की गई है, जिन पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप है। ईडी ने 'फिटजी' के प्रमोटर डीके गोयल सहित कुछ अन्य प्रमुख लोगों के आवासीय परिसरों और कार्यालयों की तलाशी ली। जांच एजेंसी को संदेह है कि इन लोगों ने कोचिंग सेंटर्स से प्राप्त फंड्स को निजी उपयोग या अन्य संस्थाओं में डायवर्ट किया है। इस कार्रवाई की जनवरी 2025 में %फिटजी% के कई केंद्रों के अचानक बंद हो जाने से जुड़ी हुई है।

इसके बाद देश भर में सैकड़ों अभिभावकों ने आरोप लगाया था कि उन्होंने पूरे साल की फीस पहले ही जमा कर दी थी, लेकिन बिना किसी सूचना के सेंटर अचानक बंद कर दिए गए। इससे करीब 12 हजार छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया था। इस मामले में उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कई प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई थीं, जिनके आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की।

# मुठभेड़ में 5 नक्सली ढेर, सभी के शव बरामद

**बीजापुर**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को सफलता मिली है। मुठभेड़ में ढेर नक्सलियों के आंकड़े आने चालू हो गए हैं। मुठभेड़ में जवानों ने पांच नक्सलियों को मार गिराया है। सूत्रों के मुताबिक, पांचों नक्सलियों का शव और हथियार बरामद कर लिया गया है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



बता दें कि बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया गया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह से करीब 5 हजार से अधिक की संख्या में नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों ने माओवादी संगठन के बटालियन नंबर-1 के नक्सलियों को घेर रखा है। लगातार दोनों ओर से गोलीबारी जारी है। यह मुठभेड़ कर्रेगट्टा, नडपल्ली, पुजारी कांकेर की पहाड़ी पर 30 घंटे से जारी है। इस मुठभेड़ में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र के जवानों ने मोर्चा संभाला है। अब तक 100 से अधिक आईईडी मिलने की बात सामने आई है, जिन्हें जवानों को निशाना बनाने के मकसद से बिछाया गया था। इस इलाके में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1, 2, समेत अन्य कंपनियां सक्रिय हैं। बताया जा रहा है कि मौके पर 100 से अधिक संख्या में नक्सली मौजूद हैं। टॉप नक्सली लीडर हिड़मा, देवा, विकास समेत आंध्र-तेलंगाना-महाराष्ट्र के सेंट्रल कमेटी, दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी, डिविजनल कमेटी मेंबर, एरिया कमेटी मेंबर, ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪

## प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकियों को दिया कड़ा संदेश

# आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी

**मधुबनी**, 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।



उन्होंने मंच से ऐलान किया, आज बिहार की धरती से मैं पूरी दुनिया से कहता हूं, भारत हर आतंकवादी और उसके सरगना की पहचान करेगा, उसे खोजेगा और उसे सजा देगा। हम उन्हें धरती के कोने-कोने तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को सजा मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं, जो इस मुश्किल समय में हमारे साथ खड़े हैं।'पीएम मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है, कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है।

# गुजरात में एक साथ उठीं पिता-पुत्र की अर्थियां

- पुणे में बेटी ने दी पिता के शव को मुखाग्नि

**नई दिल्ली**, 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले मृतकों की गुरुवार को आखिरी विदाई हुई। गुजरात के भावनगर में मृतक पिता यतीशभाई सुधीरभाई परमार और बेटे स्मित यतीशभाई परमार का अंतिम संस्कार किया गया।

सूरत में मृतक शैलेशभाई कलथिया को बेटे ने मुखाग्नि दी। बेटे ने हमले वाले दिन के बारे में बताया कि हम घुड़सवारी कर रहे थे, तभी आतंकवादी आ गए और उन्होंने गोली मार दी। इधर पुणे में मृतक संतोष जगदाले का बेटी असावरी ने अंतिम संस्कार किया। इनके अलावा, बेंगलुरु के मंजूनाथ और भारत भूषण, पुणे के कौस्तुभ गणबोटे, ओडिशा के प्रशांत सतपथी और आंध्र प्रदेश के मधुसूदन राव की अंतिम यात्रा में भारी भीड़ जुटी। वहीं, जयपुर में सीए नीरज उधवानी के पार्थिव शव के पास पत्नी आयुषी रोती रहीं। इंदौर के सुशील नथानियल को ईसाई रीति-रिवाज से अंतिम विदाई दी गई। कानपुर के शुभम द्विवेदी के घर सीएम योगी पहुंचे। अंतिम संस्कार के समय लोगों की आंखें नम हो गई। नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की बहन सृष्टि का हरियाणा के सीएम नायब सैनी के सामने गुस्सा फूट पड़ा। सृष्टि ने सैनी को कहा कि डेढ़ घंटे तक कोई वहां नहीं आया।

# सीआरपीएफ जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**सुकमा**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरुवार को सीआरपीएफ 159 बटालियन के एक जवान ने अपने हेड चार्टर में सुबह अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने के बाद सीआरपीएफ के आला अधिकारी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गए और जवान को जिला अस्पताल लाया गया जब तक जवान की मृत्यु ही गई थी। घटना के बाद सीआरपीएफ के अलावा स्थानीय पुलिस भी मामले की जांच में जुट गए है। मिली जानकारी के सुकमा जिले के चिकपाल में स्थित सीआरपीएफ 159 बटालियन हेड चार्टर में पदस्थ मोहन शर्मा ने अज्ञात कारण से सुबह तकरीबन 08 बजे अपने सर्विस रायफल से खुद को पेट मे गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। जवान ने अपने पेट मे दो गोली दागी। जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल लाया गया जब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही सीआरपीएफ के आला अधिकारी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद सीआरपीएफ और पुलिस दोनों ही इस मामले की जांच में जुट गए है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को देने के साथ ही सीआरपीएफ के अधिकारियों ने संवेदना व्यक्त की है। बताया गया कि मृतक जवान बिहार का रहने वाला था।



## दुश्मनों को भारत का सख्त संदेश — मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली है मिसाइल

# नौसेना ने मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण किया

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर भारत ने दुश्मनों को कड़ा संदेश देते हुए गुरुवार को जंगी जहाज आईएनएस सूरत से मिसाइल परीक्षण किया।**

नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी है। नौसेना के मुताबिक, इस दौरान भारत के स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक जहाज आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाबी हासिल की है। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेश निर्मित निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में स्थित एक लक्ष्य पर सटीक हमला किया। यह देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास और संचालन में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। इसके साथ ही यह रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित भी करती है। यह देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता और 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

गौरतलब है कि इससे कुछ दिन पहले ही डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने स्वदेशी रूप से विकसित वर्टिकल-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (वीएलएसआरएसएएम) का सफल परीक्षण किया था। ओडिशा तट पर चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से 26 मार्च को दोपहर लगभग 12:00 बजे यह परीक्षण पूरा हुआ था। इस दौरान मिसाइल ने भूमि-आधारित वर्टिकल लॉन्चर से एक उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य को बहुत नजदीकी रेंज और कम ऊंचाई पर नष्ट किया था। इस उड़ान परीक्षण के दौरान, मिसाइल ने लक्ष्य को पूरी तरह से नष्ट करने के लिए आवश्यक उच्च गति का प्रदर्शन किया था। वहीं, सैन्य शक्ति में जबरदस्त इजाफा करते हुए इसी माह भारत ने लड़ाकू विमान से दागे जाने वाले लंबी दूरी के ग्लाइड बम (एलआरजीबी) 'गौरव' का भी सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 8 से 10 अप्रैल के बीच 'गौरव' लॉन्ग-रेंज ग्लाइड बम के सफल रिलीज ट्रायल्स को अंजाम दिया था। परीक्षण सुखोई-30 एमके-1 विमान से किए गए, जिसमें हथियार को विभिन्न वॉरहेड कॉन्फिगरेशन के साथ कई स्टेशनों पर एकीकृत किया गया था।

# आतंकवाद पर मोदी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति अडिग

## केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का बड़ा बयान



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे (कायराना हरकत) बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ अपनी (जीरो टॉलरेंस) की नीति पर पूरी तरह अडिग है।

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछ-पूछकर निर्दोष लोगों की हत्या की, जो बेहद निंदनीय और विभाजनकारी मानसिकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना की गंभीरता को देखते हुए अपना विदेश दौरा रद्द कर तुरंत भारत लौटने का निर्णय लिया।

(देश अब स्थायी समाधान चाहता है। जो भी आतंकवाद फैलाने की कोशिश करेगा, उसे माकूल जवाब दिया जाएगा) उन्होंने दो टूक कहा।

मंत्री श्री साहू ने आगे आरोप लगाया कि इस हमले में शामिल आतंकी एक विशेष धर्म से ताल्लुक रखते थे और जो लोग ऐसे तत्वों का समर्थन करते हैं, उन्हें अब आंखें खोल लेनी चाहिए। भावुक होते हुए उन्होंने कहा, (जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उनका दर्द शब्दों में नहीं बयां किया जा सकता।)

**वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पर विरोधियों को चेतावनी**

वक्फ बोर्ड संशोधन कानून को लेकर हो रहे विरोध पर मंत्री तोखन साहू ने कहा कि यह बिल संसद के दोनों सदनों में पर्याप्त चर्चा के बाद पारित हुआ है और अब यह देश का कानून बन चुका है।

(भारत कानून से चलता है, न कि सड़कों पर उतरने से,) उन्होंने विरोध करने वाले संगठनों को स्पष्ट संदेश दिया।

उन्होंने कांग्रेस, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य विपक्षी दलों पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि यह कानून मुस्लिम समाज की विधवा, परित्यक्ता और वंचित बहनों को अधिकार प्रदान करेगा, जिससे उनका सशक्तिकरण होगा।

### स्थानीय मुद्दों पर भी बोले मंत्री-पेंड्रा बाईपास और पर्यटन को लेकर किए बड़े ऐलान

स्थानीय विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए मंत्री साहू ने पेंड्रा बाईपास की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बताया कि भाजपा कार्यकर्ता और संगठन के रितेश फरमानिया द्वारा यह मामला उठाया गया है। मंत्री ने बताया कि वे स्वयं इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विभागीय मंत्री अरुण साव से बजट को लेकर चर्चा करेंगे।

पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करते हुए मंत्री साहू ने कहा कि (अमरकंटक, जो कि नर्मदा मैया की जन्मस्थली है और जिले से सटा हुआ है, उसे पर्यटन क्षेत्र में और बेहतर ढंग से विकसित करने की दिशा में हमारी सरकार काम कर रही है।) उन्होंने यह भी कहा कि गोरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में पर्यटन की संभावनाओं को तलाश कर, क्षेत्र में निवेश और सुविधाएं बढ़ाने की योजना पर काम चल रहा है।

## सल्फा गांव में अवैध रेत भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, एक हजार ट्राली रेत जब्त

मुंगेली, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर पथरिया विकासखण्ड के ग्राम सल्फा में अवैध रेत भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। खनिज अधिकारी ने बताया कि तहसीलदार सरगांव और नायब तहसीलदार के संयुक्त दल द्वारा गंगा बाई चक्रधारी, अश्वनी कौशल, राहुल महिलांगे, सुरेन्द्र साहू, शत्रुघ्न ठाकुर, पप्पू सतनामी, विकास अग्रवाल सहित कुल 07 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इन लोगों द्वारा डंप की गई लगभग 01 हजार ट्रैक्टर-ट्राली रेत जब्त की गई है। इसके अलावा अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया।

## मदकूदीप में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

### कल कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा



**मुंगेली,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पथरिया विकासखंड के ग्राम मदकूदीप स्थित अष्टभुजी गणेश मंदिर परिसर में 26 अप्रैल को विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आज स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंचीय व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, बैठक व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, बैरिकेटिंग, पंडाल, माइक और साउंड सिस्टम सहित सभी व्यवस्थाएं समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई और आगंतुकों के बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव, एसडीएम पार्वती पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मंदिर ट्रस्ट के संत रामरूपदास महात्यागी, भृगु अवस्थी, ललित मखीजा सहित अन्य पदाधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद थे और आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। यह आयोजन क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने वाला होगा, जिसमें आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी प्रशासन द्वारा की गई है।

## पुत्र की हत्या के आरोप में पिता और चाचा गिरफ्तार

### 24 घंटे के भीतर पुलिस ने किया खुलासा




मुंगेली 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पथरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कंचनपुर में हुए युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मृतक भोला श्रीवास के हत्यारे कोई और नहीं बल्कि उसका खुद का पिता शिवचरण श्रीवास और चाचा राजेन्द्र श्रीवास निकले। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छावड़ा, उप पुलिस अधीक्षक नवनीत पाटिल एवं अनुविभागीय अधिकारी मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में पथरिया पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की। 23 अप्रेल की रात लगभग 11 बजे शिवचरण श्रीवास ने ग्राम कोटवार को सूचना दी कि उसका बेटा भोला श्रीवास घर के आंगन में लहूलुहान पड़ा है। जब कोटवार और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो पाया कि युवक के सिर, पीठ, हाथ, पैर में गंभीर चोटें हैं और उसकी मौत हो चुकी है। प्रारंभिक रिपोर्ट में किसी अज्ञात व्यक्ति पर हत्या का संदेह जताया गया था। जांच के दौरान मृतक के पिता शिवचरण व अन्य परिजनों से पूछताछ में यह बात सामने आई कि भोला अक्सर शराब के नशे में अपने पिता से झगड़ा करता था। घटना वाली रात भी उसने गाली-गलौज की और पिता का गला पकड़ लिया। इस पर गुस्से में आकर शिवचरण ने आंगन में रखे बांस के डंडे से बेटे को कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में भाई राजेन्द्र श्रीवास ने डंडे को पुलिया के नीचे छिपा दिया। पुलिस ने आरोपियों के बयान के आधार पर खैरझिटी रोड स्थित पुलिया के नीचे से घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया है। मृतक की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर धारा 238 (ख), 3(5) बीएनएस को भी अपराध में जोड़ा गया है।

दोनों आरोपियों- शिवचरण श्रीवास (55 वर्ष) और राजेन्द्र श्रीवास (40 वर्ष) को दिनांक 24.04.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।इस जघन्य हत्याकांड के खुलासे में निरीक्षक रघुवीर लाल चन्द्रा, सउनि नरेश साहू, प्र.आर. मुकेश कुर्रे, आर. लालजी आंनद, हलिश गेंदले, ईश्वर साहू, राजतिलक बंजारे और राजीव पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## समर कैम्प में बच्चों ने सीखे कौशल विकास के गुण

**तखतपुर** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। इन्फेंट हेवेन वर्ल्ड स्कूल में समर कैंप के आयोजन में बच्चों ने सीखे कौशल विकास के गुण शैक्षणिक सत्र की समाप्ति पर इन्फेंट हैवेन वर्ल्ड स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। दो दिवसीय आयोजन में ड्राइंग, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, फायर लेस कुकिंग, डांस जैसे आयोजन कर बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। समर कैंप समापन अवसर पर प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया जिसमें बच्चों व पालकों ने हिस्सा लिया। पुरस्कार प्रदान कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला प्राचार्य हुपसिंह क्षत्रिय ने बच्चो का उत्साह बढ़ाते हुए आयोजन की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को मंच प्रदान करते है। व्याख्याता जितेंद्र



शुक्ला ने कहा कि ऐसे आयोजन प्रतिभागियों को अवसर प्रदान करते है कलात्मक विकास के लिए ऐसे आयोजन होने चाहिए। दिलीप तोलानी ने बताया कि बच्चो को सांस्कृतिक ,कलात्मक विकास के लिए ऐसे आयोजन को माध्यम बनाकर कर शिक्षा देने का प्रयास है।इस अवसर पर, शशि थवाईत, रीता शिवहरे, रोशनी कसेर, रीना ठाकुर, प्राची ठाकुर, संध्या देवांगन, नसरीन, सना खान, नैंसी केशरवानी, संतोषी देवांगन, संजय देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पी.एम.श्री आत्मानन्द स्कूल मरवाही में हुई घटना की जांच की मांग



### कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

### एक शिक्षक के पेशे को बदनाम करने का कृत्य कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग करता हूँ-उत्तम वासुदेव

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पिछले दिनों पी.एम.श्री आत्मानंद स्कूल मरवाही में स्कूल के शिक्षक द्वारा दुष्कृत्य किया गया उक्त हुई घटना की सूक्ष्म जांच कर उचित कार्यवाही करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने निम्न मांग की है।

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिला कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन देते वक्त प्रमुख मांग है कि पी.एम.श्री आत्मानंद स्कूल मरवाही के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारियों का अन्यंत्र स्थानांतरित किया जाये। साथ ही जिले के समस्त स्कूल जहाँ बालक व बालिका दोनों एक साथ अध्ययन करते हैं, वहाँ बालिकाओं की सुरक्षा का समुचित व्यवस्था एवं शिक्षकों की गतिविधियों पर गोपनीय प्रतिवेदन प्रति माह मंगाया जाए। ज्ञापन के माध्यम से आगे कहा गया है कि उक्त घटनाक्रम अक्षम्य अपराध है इस पर दोषी शिक्षक पर बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाने की मांग की गई है।

इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने कहा एक शिक्षक के द्वारा इस तरह का कृत्य बरदास्त करने के लायक नही है लोग शिक्षक पर भरोसा करके अपने बच्चों को विद्यालय पढ़ने भेजते है इस तरह की घटनाओं से बच्चों तथा अभिभावक के मन में पीड़ा उत्पन्न होती है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**पहलगाम हमले पर...**

श्रीनगर जा रहे हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु से मिले अमित शाह व जयशंकर, पहलगाम आतंकी हमले पर दिया अपडेट-सर्वदलीय बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की है। सर्वदलीय बैठक से पहले अमित शाह और विदेश मंत्री जयशंकर इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनको पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी दी है।

पाकिस्तान में रह रहे भारतीय लौटे स्वदेश-पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से वर्तमान में पाकिस्तान में रह रहे भारतीयों को स्वदेश लौटने की सलाह दी गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा- भारत के नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी जाती है। साउथ ब्लॉक पहुंचे कई देशों के राजदूत-जर्मनी, जापान, पोलैंड, ब्रिटेन और रूस समेत कई देशों के राजदूत विदेश मंत्रालय के साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने चुनिंदा देशों के राजदूतों को पहलगाम हमले के बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने जी-20 देशों के चुनिंदा राजदूतों को पहलगाम आतंकी हमले के बारे में जानकारी दी, जिनमें चीन और कनाडा भी शामिल हैं। यह बैठक करीब 30 मिनट तक चली।

**कांग्रेस कार्यसमिति ने ...**

कार्यसमिति की बैठक में पहलगाम हमले की निंदा करते हुए प्रस्ताव लाया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि यह हमला कायराना और पूरी तरह से सोची समझी रणनीति के तहत किया गया, जिसका मास्टरमाइंड पाकिस्तान है। यह हमारे गणतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। जानबूझकर हिंदुओं को निशाना बनाया गया ताकि पूरे देश की भावनाओं को भड़काया जा सके।

**पाकिस्तान ने पानी रोकने ...**

की ओर से पाकिस्तान को निशाना बनाने का अभियान पूरी तरह झूठ पर आधारित है। इस सिलसिले में एनएससी ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में तैनात भारतीय रक्षा, नौसेना और वायु सेना के सलाहकारों को निष्कासित करने का फैसला किया है और उन्हें तथा उनके सहायक कर्मचारियों को 30 अप्रैल तक पाकिस्तान छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही निर्णय लिया गया है कि भारतीय उच्चायोग में राजनयिक कर्मचारियों की संख्या 30 अधिकारियों तक सीमित रहेगी और यही नियम भारत में स्थित पाकिस्तान उच्चायोग पर भी समान रूप से लागू होगा।

**भारत के एकतरफा निर्णय का कड़ा विरोध**

एनएससी ने भारत के सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को एकतरफा रूप से निलंबित करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है और इस मुद्दे को विश्व बैंक तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाने की घोषणा की है। समिति का कहना है कि विश्व बैंक इस संधि का एक पक्ष है, इसीलिए भारत को इस पर कोई भी एकतरफा निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। इसके अलावा एनएससी ने भारत द्वारा सीमा बंद करने के जवाब में वाघा-अटारी बॉर्डर को बंद करने का फैसला भी किया है। पाकिस्तान ने भारत पर पलटवार करते हुए उस पर देश में अशांति फैलाने का आरोप लगाया है और कहा है कि भारतीय जासूस कुलभूषण जाधव पाकिस्तान में पकड़ा गया था।

**पहलगाम हमले में ...**

गया और अंतिम दर्शन के लिए निवास पर ही रखा गया। श्रद्धांजलि देने के लिए उनके निवास पर रातभर बड़ी संख्या में लोग जुटे रहे। शवयात्रा सुबह निवास से ही मारवाड़ी श्मशान के लिए निकली। इसमें सीएम साय के अलावा भाजपाध्यक्ष किरण देव, मंत्री विजय शर्मा और ओपी चौधरी, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत, नान चेयरमैन संजय श्रीवास्तव और समाजसेवी योगेश अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता तथा परिजन मौजूद थे और सबने अर्थी को कंधा दिया। बेटे शौर्य ने चिता को मुखाग्नि दी।

**मुठभेड़ में 5 नक्सली...**

संगठन सचिव जैसे बड़े कैडर्स के नक्सली भी यहां मौजूद हैं। सुरक्षा बलों का मानना है कि मोस्ट वांटेड माओवादी नेता हिडमा कर्रेगुट्टालू के एक बंकर में छिपा हुआ है। हिडमा के नेतृत्व में पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) की कंपनी-1 ने अन्य शीर्ष माओवादी नेताओं दामदोदर और आज़ाद के साथ मिलकर इलाके को मजबूत कर दिया है।

बारूदी सुरंगों और अन्य जालों की मौजूदगी के संदेह में सुरक्षा बल अत्यधिक सावधानी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस स्थिति ने पेनुगोलू, कोंगाला, अरुणाचलपुरम और बोलारम सहित आसपास के गांवों के साथ-साथ मलप्पुरम, लक्ष्मीपुरम, मुथारम और सीतारामपुरम जैसे सीमावर्ती गांवों में उच्च तनाव का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों से इन क्षेत्रों से दूर रहने का आग्रह किया गया है क्योंकि लगभग 280 वर्ग किलोमीटर में फैली कर्रेगुट्टालू की जंगली पहाड़ियाँ इस उच्च-दांव वाले ऑपरेशन का केंद्र बिंदु बनी हुई हैं।

## ट्रेलर चालक ने पिकअप को मारी ठोकर

**तखतपुर** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रेलर चालक ने पिकअप को ठोकर मार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 185, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला को विवेचना में ले लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरहट निवासी जर्नादन निषाद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 23 को वह पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 28 एल 0495 को लेकर तखतपुर आया था और वाहन को पुराना बस स्टैण्ड के पास खड़ा किया था तभी मुंगेली की ओर से आ रही ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 एवाई 8114 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 185, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला को विवेचना में ले लिया।

## निधन

### ईश्वर साहू



**तखतपुर।** ग्राम अमोरा निवासी ईश्वर साहू का 34 वर्ष का 24 अप्रैल को निधन हो गया। वे प्रहलाद साहू के पुत्र, देवी साहू, ताराचंद साहू, डबलेस साहु के भाई पुनाराम साहू, रवि साहू, मेन प्रकाश साहु, नकुल साहु के चाचा एवं योगेश साहु के पिता थे इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम अमोरा में किया गया।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 218/2025 दिनांक 15.04.2025

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा चार्टड एकाउंटेन फर्म से आंतरिक अंकेक्षण कार्य हेतु (Online) आनलाईन आर.एफ.पी.आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा में आंतरिक अंकेक्षण नियुक्त किये जाने बाबत्। (प्रथम आरएफपी) | 31.86 | 09.05.2025 (T.No. 167120) |

उपरोक्त कार्यों की आर.एफ.पी.की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

## ठेकेदार द्वारा तालाब की मनमाने ढंग से की जा रही खुदाई

**तखतपुर** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। ठेकेदार द्वारा तालाब की मनमाने ढंग से खोदाई कर उस मिट्टी का उपयोग निजी लाभ के लिए सड़क निर्माण में करते हुए राजस्व की हानि शासन को हो रही है। विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत चनाडोंगरी में जतीबंध एवं देवरी में दीयाबंध और तालाब है जिसमें से ठेकेदार अनिल बिल्डकान मनमाने ढंग से दोनों तालाब की खोदाई कर उसकी मुरूम का परिवहन अपने सड़क निर्माण के ठेके में करते हुए तालाब में अस्त व्यस्त ढंगा से मिट्टी को छोड़ दिया गया है ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के लिए तालाब से मुरूम निकालने हेतू किसी भी प्रकार की रायल्टी भी नही ली गई है और यदि रायल्टी ली गई है तो कुछ क्षेत्र की रायल्टी जमा कर उसके कई गुना ज्यादा क्षेत्र का अवैध उत्खनन करते हुए शासन को लाखों रूपए का चुना लगाया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा देवरीखुर्द से चनाडोंगरी के बीच 7 किलों मीटर के सड़क निर्माण का ठेका 6 करोड़ में लिया गया है और जिसमें उनके द्वारा सभी शर्तो के पालन करने की बात भी कही गई है परंतु अवैध उत्खनन कर एक तरफ शासन को राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही है दूसरी ओर उस राशि का उपयोग अपने लिए किया जा रहा है। बेतरतीब ढंग से तालाब की खोदाई करने से कभी भी दूर्घटना भी हो सकती है वहीं सड़क निर्माण के लिए मुरूम, गिट्टी, मिट्टी का अनुपात का लेयर होना है उसका भी पालन न करते हुए गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है एक तरफ ग्रामीणों की लम्बे अर्से से मांग थी कि देवरीखुर्द से चनाडोंगरी के बीच का सड़क का निर्माण पूरा हो ताकि उसे आवागमन में सुविधा मिल सके। और जैसे ही इस सड़क का निर्माण कार्य प्रांरभ हुआ तो लोगों को खुशी हुई कि उनकी समस्या हल हो जाएगी, परंतु गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी भी है।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AASTHA KIRTI D/O GYASHUTOSH SAO resident of D-234, RAMA GREEN CITY, KHAMTARAI ROAD, KHAMTARAI, BILASPUR, (C.G.) 495006 have changed my old name AASTHA KIRTI D/O -GYASHUTOSH SAO so in future I should be recognized by my new name that is AASTHA KIRTI SAO W/O ABHISHEK SAHU in all Government and other documents.

AASTHA KIRTI SAO
D-234, RAMA GREEN CITY,
KHAMTARAI ROAD,
KHAMTARAI, BILASPUR, (C.G.)
495006

**आवश्यकता**

श्रीयांक शिक्षा समिति, ग्राम खोरसी, पामगढ़ (छ.ग.) द्वारा संचालित शिव शक्ति कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, खोरसी तह. पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के लिए शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के परिनियम- 28 के तहत प्राचार्य पद की आवश्यकता है।

| क्र. | पद | संख्या | योग्यता एवं वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | 1 | यूजीसी/ विश्वविद्यालय / छ.ग. शासन के नियमानुसार |

पात्र/ इच्छुक अभ्यर्थी बायोडाटा के साथ अपने समस्त दस्तावेजों की दो प्रति विज्ञापन दिनांक से सात दिवस के भीतर निम्नलिखित पते पर स्वयं उपस्थित होकर या पोस्ट या ई-मेल के माध्यम से भेजें।

अध्यक्ष
श्रीयांक शिक्षा समिति,
ग्राम खोरसी तह. पामगढ
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) पिन- 495556
मो.नं. 9907146045
ई-मेल -
ssartsandsciene453@gmail.com

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**1st call**

NIT NO: 599/PWD/Zone-9/2025 RAIPUR DATED: 24/04/2025

Online bids are invited for the following works of works up to Date 16/05/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate | Earnest Money Deposit | Eligible class of contractor /firm | Time allowed for Completion | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 167436 | जोन क्रमांक 9 के तहत् कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के खेमका बी.एस.यू.पी. में सीवर लाईन, वेस्ट पाईप लाईन मरम्म्त एवं वाटर सप्लाई मरम्मत, सी.सी. नाली मरम्मत कार्य में शेष कार्य | 38.11.000/- | 29,000/- | Class-D & above | 06 Months | लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर.दि. 01.01.20215 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित |
| 02 | 167438 | जोन क्रमांक 9 के तहत् कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के सीवर ईरानी लाइन डेरा वी.एस.यू.पी. पाईप में लाईन मरम्मत एवं वाटर सप्लाई मरम्मत, सी.सी. नाली मरम्मत कार्य में शेष कार्य | 25.33.000/- | 19.000/- | Class-D & above | 06 Months | लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर.दि. 01.01.2015 में प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधन |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 24/04/2024 17.30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.
NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. प्रत्येक कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। इस कार्य के लिए निविदा शुल्क राशि रु. 1,500/- मात्र देय डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

घरों से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

Zone Commissioner
ZONE- MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

# देश

उवाच "जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने राष्ट्र की भावनाओं और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। सिंधु जल समझौता सहित पांच फैसले भविष्य में निर्णायक साबित होंगे: **अरुण साव, डिप्टी सीएम छत्तीसगढ़**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.2 | [illegible] |
| मुंबई | 33.7 | 23.5 |
| कोलकाता | 37.2 | 28.6 |
| चेन्नई | 35.5 | 29.1 |

### पहलगाम हमले पर कांग्रेस का सख्त रुख, कहा

# आतंक की जड़ पर करें वार : प्रमोद तिवारी



**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए। सरकार की ओर से लिए गए इस फैसले पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी और झारखंड के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने टिप्पणी की। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से सख्त और निर्णायक कदम उठाने की मांग की है। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। प्रमोद तिवारी ने कहा कि मैं साफ करना चाहता हूं कि आतंकवाद का जो क्रूर हमला हुआ है, वह अत्यंत निंदनीय है। जिस क्रूरता के साथ कैराना और बुझिलाना में आतंकवादियों ने घुसपैठ कर हमला किया है, वह देश की संप्रभुता पर सीधा हमला है। कांग्रेस पार्टी इस मामले में सरकार के साथ खड़ी है। हमने सरकार से कहा है कि देशहित में वह जो भी कदम उठाएगी, कांग्रेस पार्टी उसका समर्थन करेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस पर रुख स्पष्ट किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आतंकवाद के खिलाफ लिए गए कड़े निर्णयों की याद दिलाते हुए तिवारी ने कहा कि आज फिर उसी तरह की सख्ती की आवश्यकता है। आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाना चाहिए। आतंकवाद की जड़ पर वार होना चाहिए। किसी भी कीमत पर आतंकवाद बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

## सीएम सिद्दारमैया ने भारत भूषण के परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की, कहा- ऐसा नहीं होना चाहिए था

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु के निवासी भारत भूषण की पहलगाम में आतंकियों ने हत्या कर दी थी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मृतक के परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और मृतक को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैं सरकार और सात करोड़ कन्नड़िगों की ओर से मृतक भारत भूषण के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। वह युवा थे और उन्होंने एमबीए किया था। ऐसा नहीं होना चाहिए था। मैं इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। आतंकवाद को खत्म करना सरकार का कर्तव्य है। हमारे देश में आतंकवाद को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हम केंद्र सरकार के साथ खड़े हैं। मैं केंद्र सरकार से सभी आतंकियों को खत्म करने का आग्रह करता हूं। उन्हें हमारा पूर्ण समर्थन है। उन्होंने आगे कहा कि बेगुनाह लोग कश्मीर गए थे। उनकी पत्नी के सामने उन्हें गोली मार दी गई। इन लोगों में कोई मानवता नहीं है। मैं इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। इन आतंकवादियों को हमारे देश में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। आतंकवादियों को खत्म करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

## अब बर्दाश्त नहीं करना, पाकिस्तान पर चढ़ाई जरूरी, हम सरकार के साथः उदित राज



कांग्रेस प्रवक्ता उदित राज ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ केंद्र सरकार की ओर से उठाए गए कदमों को सही करार दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सख्त कार्रवाई की भी मांग की। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए बयान पर टिप्पणी करने से बचे। दुबे ने सतलुज नदी के जल बंटवारे को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर तल्ख टिप्पणी की थी। उदित राज ने कहा कि यह दुख की घड़ी है और मैं इस पर कोई छिछली बात नहीं करूंगा। सरकार ने जो फैसले लिए हैं, उनका हम समर्थन करते हैं, और आगे जो कड़े फैसले लेना चाहती है, हमारी पार्टी उसका पूरा समर्थन करती है। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पाकिस्तान के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि उरी, पठानकोट, पुलवामा, गुलमर्ग और अब यह हालिया घटना, ये बार-बार हो रही हैं। बड़े सैन्य अधिकारी और पुलिसकर्मी शहीद हो रहे हैं। अब यह बर्दाश्त नहीं होता। पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का समय है, और पूरा देश इसके लिए उनके साथ है।

# हम एनडीए के साथ हैं और आगे भी रहेंगे : नीतीश कुमार

**मधुबनी,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में एक बार फिर भरोसा दिया कि वह अब भाजपा को छोड़कर राजद के साथ नहीं जाएंगे। उन्होंने मधुबनी के झंझारपुर में पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) 2005 में राजद के खिलाफ ही लड़ी थी और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। पंचायती राज दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने 13,480 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कई रेल परियोजनाओं की भी सौगात बिहारवासियों को दी।

इस मौके पर आयोजित रैली को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बीच में गड़बड़ी हो गई थी, लेकिन अब कभी भी महागठबंधन में या राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू यादव और कांग्रेस की टीम के साथ नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा, 'हमारी पार्टी वालों ने बीच में गड़बड़ कर दिया। अब हम लोग कभी उनके (महागठबंधन के) साथ नहीं जा सकते हैं क्योंकि सबने बहुत गड़बड़ किया है।' पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमलों पर दुख जताते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि दो दिन पहले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में कई लोगों की हत्या हुई। यह घटना काफी दुखद और निंदनीय है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश आतंक के खिलाफ एकजुट है।



**जनता दल (यूनाइटेड) 2005 में राजद के खिलाफ ही लड़ी थी और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगीः नीतीश कुमार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बिहार में राजद और उनके सहयोगियों की सरकार थी तो जनता की भलाई के लिए उन लोगों ने कुछ नहीं किया। 2005 के नवंबर-दिसंबर में एनडीए की सरकार बनी। उससे पहले के पंचायतों में बहुत बुरा हाल था। कहीं काम नहीं होता था। जब एनडीए की सरकार बनी तो 2006 में हमने पंचायती राज और 2007 में नगर निकाय के कानून में संशोधन किया गया। उन्होंने कहा, 'हमने ग्राम पंचायत और नगर निकाय के चुनाव में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण किया। ये लोग कभी किसी महिला के लिए कोई काम किए थे? अब देखिए महिलाओं के लिए कितना काम हो रहा है। अब तक हम लोगों ने जो-जो किया, उसमें पंचायती और नगर निकाय के चार चुनाव हो चुके हैं' मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के सभी पंचायतों में पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

## सार संक्षेप

### कश्मीर और पीओके हमारा है और हमारा ही रहेगा : एमएस बिट्टा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ऑल इंडिया एंटी-टेररिस्ट फ्रंट के चेयरमैन एमएस बिट्टा ने पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए कहा कि कश्मीर हमारा है और हमेशा हमारा ही रहेगा। इसी तरह पीओके हमारा था और हमारा ही रहेगा। एमएस बिट्टा ने पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक में लिए गए पांच फैसलों पर कहा कि पीएम मोदी के आने के बाद यह ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। पठानकोट में जब आतंकी हमले हुए तब से पाकिस्तान से बातचीत बंद है। गोली का जवाब गोली से दिया जा रहा है। अब जो कदम उठाए गए हैं, इससे पाकिस्तान को नुकसान होगा। पाकिस्तान की आवाम को मजबूरन सरकार के खिलाफ आना होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को और कदम उठाने की जरूरत है। ऐसे लोगों की पहचान भी होनी चाहिए जो पाकिस्तान के आईएसआई से जुड़े हुए हैं।

### अटारी-वाघा सीमा पर रिट्रीट समारोह के दौरान बंद रहेंगे गेट, दोनों कमांडर नहीं मिलाएंगे हाथ

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर पंजाब के अटारी, हुसैनीवाला और सादकी में रिट्रीट सेरेमनी के दौरान होने वाले औपचारिक प्रदर्शन का पैमाना कम करने का फैसला लिया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पंजाब फ्रंटियर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अटारी-वाघा सीमा पर रिट्रीट समारोह में भारतीय गार्ड कमांडर और पाकिस्तानी गार्ड कमांडर के बीच प्रतीकात्मक हाथ मिलाने की परंपरा बंद की जाएगी। इसके अलावा, समारोह के दौरान गेट भी बंद रहेंगे। बीएसएफ ने कहा कि यह कदम सीमा पार शत्रुता पर भारत की गंभीर चिंता को दर्शाता है और यह पुष्टि करता है कि शांति और उकसावा साथ-साथ नहीं चल सकते।

### आतंकी हमले को लेकर मुंबई में विरोध प्रदर्शन, पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ मुंबई में गुरुवार को उद्धव ठाकरे (यूबीटी) शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिवसेना के कार्यकर्ता शामिल हुए। हाथ में तरह-तरह के बैनर लिए कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन में शामिल उद्धव ठाकरे (यूबीटी) शिवसेना के विधायक महेश सावंत ने गुरुवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात की। उन्होंने कहा कि हम सभी यहां यह सुनिश्चित करने के लिए हैं कि कश्मीर में जो हुआ उसकी निंदा की जाए और ऐसा दोबारा न हो। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है।

### शिवसेना यूबीटी ने पहलगाम हमले को लेकर केंद्र सरकार से पूछा सवाल, बोले

# 26 लोगों की मौत के लिए केंद्र की नीतियां जिम्मेदार

**मुंबई,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) ने अपने मुखपत्र 'सामना' के जरिए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के लिए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने इस हमले में 26 लोगों की मौत के लिए केंद्र की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया और कश्मीर में बढ़ती हिंसा पर सवाल उठाए।

'सामना' में लिखा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदमों की बात करते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि आतंकी सीमा पार कर भारत में घुस रहे हैं और निर्दोष हिंदुओं की हत्या कर रहे हैं।



**'सामना' में साधा निशाना**

संपादकीय में दावा किया गया कि आतंकी पर्यटकों को संदेश देकर कहते हैं, 'जाओ, मोदी को बताओ कि क्या हुआ।' शिवसेना (यूबीटी) ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कश्मीर में हिंदुओं पर हो रहे हमलों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

पार्टी ने मुखपत्र में कहा कि जब बंगाल में हिंसा होती है, तो ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की जाती है, लेकिन कश्मीर में बार-बार होने वाली हिंसा के लिए केंद्र सरकार जवाबदेही से बच रही है।

'सामना' में अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले पर भी सवाल उठाए गए। संपादकीय में लिखा है कि 2019 में अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया और दावा किया गया कि घाटी से आतंकवाद खत्म हो जाएगा। लेकिन, इसके बाद भी हिंसा नहीं रुकी। 2019 से अब तक घाटी में 198 सुरक्षाकर्मी, 135 नागरिक और 700 संदिग्ध आतंकी मारे गए हैं, जो यह दर्शाता है कि कश्मीर में शांति नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) ने 2014 के चुनाव में कश्मीरी पंडितों के लिए किए गए वादों को भी याद दिलाया। पार्टी ने कहा कि कश्मीरी पंडितों की घर वापसी का वादा पूरा नहीं हुआ, उल्टा हिंदू घाटी से पलायन कर रहे हैं। 'सामना' में केंद्र से सवाल किया गया कि अनुच्छेद 370 हटाने से क्या हासिल हुआ, जब घाटी में हर दिन खून बह रहा है।

## आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होताः अखिलेश यादव

**लखनऊ,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता है। उनका मकसद लोगों में डर पैदा करना होता है। सरकार को ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को राजधानी लखनऊ में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, 'हम ऐसी घटना की निंदा करते हैं, सरकार को ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, क्योंकि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता। आतंकियों का मकसद डर पैदा करना, देश-प्रदेश के कारोबार को रोकना, लोगों को तकलीफ पहुंचाना है। इस घटना के खिलाफ पूरे देश में गुस्सा है। हमारे राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव सर्वदलीय बैठक में समाजवादी पार्टी की तरफ से सुझाव रखेंगे।' उन्होंने कहा, 'आज के दिन सपा कार्यालय में यूपी और उत्तराखंड के पूर्व गवर्नर अजीज कुरैशी साहब का कार्यक्रम बड़े पैमाने पर उनके साथी करना चाहते थे। जो घटना हुई है, वह बहुत दुखद है, पर्यटक शहीद हुए हैं। जो घटना के वीडियो आ रहे हैं, सोशल मीडिया और अन्य मीडिया के माध्यम से जो भी वीडियो आ रहे हैं, ये बहुत गंभीर मुद्दा है, इसलिए समाजवादी पार्टी ने फैसला किया है कि दिल्ली में होने वाली सर्वदलीय बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव हिस्सा लेंगे और समाजवादी पार्टी का पक्ष रखेंगे।'



### महबूबा मुफ्ती ने अमित शाह से की बात, कहा

# 'हम दुख की इस घड़ी में राष्ट्र के साथ खड़े'

**श्रीनगर,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की। साथ ही उन्होंने शाह से विभिन्न राज्यों में कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों को धमकी देने वालों के खिलाफ तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'पहलगाम आतंकी हमले पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करने और शोक संतप्त परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की। हम दुख की इस घड़ी में राष्ट्र के साथ खड़े हैं।



उन्होंने कहा कि साथ ही अमित शाह से विभिन्न राज्यों में कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों को खुलेआम धमकाने वाले कुछ तत्वों के मद्देनजर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। मैंने उनसे आग्रह किया कि जहां भी ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, वहां उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बिना देरी किए हस्तक्षेप करें। बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल (मंगलवार) को हुए आतंकी हमले की महबूबा मुफ्ती ने कड़ी शब्दों में निंदा की थी। जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए लिखा था, 'चैंबर एंड बार एसोसिएशन जम्मू ने पर्यटकों पर हुए इस भयानक आतंकवादी हमले के विरोध में बुधवार को पूर्ण बंद का आह्वान किया है। मैं सभी कश्मीरियों से अपील करती हूं कि वे पहलगाम में हुए इस क्रूर हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के सम्मान में इस बंद का समर्थन करें।

# समस्तीपुर पहुंची नमो भारत रैपिड रेल यात्री बोले, हमारे लिए बड़ी सौगात

**समस्तीपुर,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जयनगर और पटना के बीच शुरू हुई नमो भारत रैपिड रेल गुरुवार को समस्तीपुर पहुंची। इस दौरान ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों ने बिहार को मिली सौगात पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। साथ ही उन्होंने नमो भारत रैपिड रेल की व्यवस्थाओं को लेकर तारीफ भी की।

यात्री शुभम कर्ण ने कहा कि मैं जयनगर से पटना के लिए सफर कर रहा हूं। प्रधानमंत्री ने बिहारवासियों को आज बड़ी सौगात दी है। जयनगर से पटना का सफर पांच घंटों के अंदर ही पूरा हो पाएगा। मैं ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों से अपील करूंगा कि सरकार ने एक अच्छी सौगात दी है, इसलिए ट्रेन में सफर कर रहे सभी लोग साफ-सफाई का ख्याल रखें। मुझे पता चला है कि इस ट्रेन की अधिकतम स्पीड 110 किमी प्रति घंटा है, जिससे हमारा सफर और भी सुहाना हो पाएगा। वहीं, एक अन्य यात्री ने कहा कि पीएम मोदी ने नमो भारत रैपिड रेल की सौगात दी है, जो समस्तीपुर के लिए बड़ी सौगात है। मैं पीएम मोदी का आभार जताता हूं, जिन्होंने इस ट्रेन का तोहफा दिया।




■ **ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया**

लवे में तैनात राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि यह ट्रेन सुबह 6 बजे चलेगी, जो सहरसा सुबह 8 बजकर 50 मिनट पर पहुंचेगी और दोपहर में 2 बजकर 5 मिनट पर वहां से रवाना होगी। सुपौल होते शाम में 5 बजे पिपरा पहुंचेगी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को 13,480 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कई रेल परियोजनाओं की भी सौगात देशवासियों को दी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर बिहार के गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की आधारशिला रखी। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए उन्होंने बिहार में 1,170 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 5,030 करोड़ रुपए से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

### तेजस्वी यादव ने पहलगाम की घटना को लेकर केंद्र को घेरा, बोले

# विपक्षी पार्टियों के खिलाफ जांच एजेंसियां लगाई जाती, आतंकियों के खिलाफ क्यों नहीं?

**पटना,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में महागठबंधन की गुरुवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 मई को घटक दलों की एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी। महागठबंधन की बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में समन्वय समिति के प्रमुख और राजद नेता तेजस्वी यादव ने बताया कि 4 मई को आयोजित होनी वाली बैठक में सभी घटक दलों के प्रदेश के नेता, सांसद, विधायक, विधान पार्षद, जिला के सभी दलों के अध्यक्ष और महासचिव शामिल होंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को पहलगाम की आतंकी घटना के विरोध में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में कैंडल मार्च निकाला जाएगा। पटना में आयोजित कैंडल मार्च में घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष शामिल होंगे।



बैठक शुरू होने से पहले महागठबंधन के नेताओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा और फिर बैठक शुरू की गई। बताया जा रहा है कि महागठबंधन की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग समेत चुनाव प्रचार की रणनीति पर चर्चा की गई। तेजस्वी यादव ने प्रेस वार्ता में पहलगाम आतंकी हमले में इंटेलिजेंस को असफल बताया। उन्होंने सरकार से सवाल पूछा कि पहलगाम हाई सिक्योरिटी जोन में है और अगर हाई सिक्योरिटी जोन में आतंकवादी 20 मिनट रहते हैं तो पर्यटकों की सुरक्षा का इंतजाम क्यों नहीं किए गए? वह हाई सिक्योरिटी जोन है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि देश की सभी विपक्षी पार्टियों के खिलाफ जांच एजेंसियां लगाई जाती हैं, इन आतंकियों के खिलाफ कोई एजेंसी क्यों नहीं लगती? इंटेलिजेंस फेल है। इस बड़ी लापरवाही की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। सरहद पार से आतंकी आ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने बिहार के श्रमिकों की हत्या की घटनाओं को अंजाम दिए, उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? सरहद पार से आतंकी देश में आ रहे हैं, यह देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है और बहुत


# पाकिस्तान पर सिंधु जल संधि का 'परमाणु बम' पूरी तरह से फोड़ने का दबाव

## भारत ने पहलगाम में हुए नरसंहार के बाद सिंधु जल संधि को 'स्थगित' करने का ऐलान किया

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत ने पहलगाम में हुए नरसंहार के बाद सिंधु जल संधि को 'स्थगित' करने का एलान किया है न कि समाप्त करने का। पर अब जम्मू कश्मीर की जनता को आशा है कि भारत, पाकिस्तान के साथ की गई सिंधु जल संधि को पूरी तरह से समाप्त कर देगा। सभी पक्षों, जहां तक की पर्यवेक्षकों का भी मानना है कि इस संधि को समाप्त करना एक परमाणु बम गिराने के समान होगा क्योंकि अगर जल संधि तोड़ दी जाती है तो भारत से बहने वाले दरियाओं के पानी को पाकिस्तान की ओर जाने से रोका जा सकता है जिसके मायने होंगें पाकिस्तान में पानी के लिए हाहाकार मचना और यह सबसे बड़ा बम होगा पाकिस्तानी जनता के लिए और वह आतंकवाद को बढ़ावा देने की अपनी नीति को बदल लेगा। पुलवामा हमले के बाद से ही यह दबाव और बढ़ा है।

वर्ष 1960 के सितम्बर महीने में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व पंडित जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के सैनिक शासक फील्ड मार्शल अयूब खान के बीच यह जल संधि हुई थी। इस जलसंधि के मुताबिक, भारत को जम्मू कश्मीर में बहने वाले तीन दरियाओं-सिंध, जेहलम और चिनाब -के पानी को रोकने का अधिकार नहीं है। अर्थात, जम्मू कश्मीर के लोगों के शब्दों में 'भारत ने राज्य के लोगों के भविष्य को पाकिस्तान के पास गिरवी रख दिया था।'




■ **1960 में स्व पंडित जवाहर लाल नेहरू व पाकिस्तान के मार्शल अयूब खान के बीच यह जल संधि हुई थी**

■ **पानी रूका तो पाकिस्तान पानी के लिए हाहाकार मचेगा**

यह कड़वी सच्चाई भी है। इन तीनों दरियाओं का पानी अधिक मात्रा में राज्य के वासी इस्तेमाल नहीं कर सकते। इससे अधिक बदनसीबी क्या होगी कि इन दरियाओं पर बनाए जाने वाले बांधों के लिए पहले पाकिस्तान की अनुमति लेनी पड़ती है। असल में जनता का ही नहीं, बल्कि अब तो नेताओं का भी मानना है कि इस जलसंधि ने जम्मू कश्मीर के लोगों को परेशानियों के सिवाय कुछ नहीं दिया है।

नतीजतन सिंधु जल संधि को समाप्त करने की मांग करने वालों में सबसे प्रमुख स्वर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री डा फारूक अब्दुल्ला और अब उमर अब्दुल्ला का भी है। वे पिछले कई सालों से इस मांग को दोहरा रहे हैं जहां तक कि अपने शासनाकाल में वे तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जम्मू कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे के दौरान भी फारूक अब्दुल्ला इस मांग का राग अलापने से नहीं चूके थे। उनकी मांग जायज भी थी क्योंकि पाकिस्तान तथा पाक कब्जे वाले कश्मीर की ओर बहने वाले जम्मू कश्मीर के दरियाओं के पानी को पीने तथा सिंचाई के लिए एकत्र करने का अधिकार जम्मू कश्मीर को नहीं है। और अब जबकि सीमाओं पर युद्ध के बादल मंडराने लगे हैं तथा राज्य में पिछले 35 सालों से पाकिस्तान समर्थक आतंकवाद मौत का नंगा नाच खेल रहा है इस जलसंधि को तोड़ने की मांग बढ़ी है। यही नहीं सेना तो कहती है कि पाकिस्तान के साथ युद्ध लड़ने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी अगर भारत जलसंधि के 'परमाणु बम' को पाकिस्तानी जनता के ऊपर पूरी तरह से फोड़ देता है। अर्थात अगर वह जलसंधि को पूरी तरह से तोड़ कर पाकिस्तान की ओर बहने वाले पानी को रोक लेता है तो पाकिस्तान में पानी के लिए हाहाकार मच जाएगा और बदले में भारत जम्मू कश्मीर से पाकिस्तान को अपना हाथ पीछे खिंचने के लिए मजबूर कर सकता है। इस सच्चाई से पाकिस्तान भी वाकिफ है कि भारत का ऐसा कदम उसके लिए किसी परमाणु बम से कम नहीं होगा। यही कारण है कि वह इस जलसंधि के तीसरे गवाह कह लिजिए या फिर पक्ष, विश्व बैंक के सामने लगातार गुहार लगाता आ रहा है कि वह भारत को ऐसा करने से रोके।

वैसे यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि भारत के लिए ऐसा कर पाना अति कठिन होगा, विश्व समुदाय के दबाव के चलते। लेकिन आम नागरिकों का मानना है कि अगर देश को पाकिस्तानी आतंकवाद से बचाना है तो उसे अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे झुकना स्वीकार नहीं करना होगा। नागरिकों के मुताबिक, अगर भारत पाकिस्तानी चालों के आगे झुक जाता है तो कश्मीर में फैला आतंकवाद कभी भी समाप्त नहीं होगा।

देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## पहलगाम त्रासदी को भुनाने की कवायद शुरू

27 लोगों की जान लेने वाले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले को अभी 48 घंटे भी नहीं हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसका लाभ लेने की कवायद प्रारम्भ कर दी। बिहार के मधुबनी के झंझारपुर की लोहना पंचायत में 'पंचायती राज दिवस' पर आयोजित आम सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आतंकियों को यह कहकर 'मिट्टी में मिलाने' की धमकी दी कि 'उन्होंने सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं वरन भारत पर हमला किया है।' इस राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसलिये मोदी की इस सभा को चुनावी प्रचार का आगाज़ भी माना जा रहा है। मोदी ने इस सभा से बिहार की 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

बेशक यह सभा विकास कार्यों के शिलान्यास-उद्घाटन के लिये आयोजित की गयी थी परन्तु पहलगाम हादसे के बाद भी इसे रद्द न करने से बात साफ हो गयी थी कि इसका लाभ लेने की कोशिश होगी। सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर लौटे प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हवाईअड्डे पर ही बैठक की और पाकिस्तान के खिलाफ़ कई फैसले लिये लेकिन इसे लेकर न तो कोई अधिकृत बयान दिया, न कोई जनता को संदेश। सत्ता समर्थक मीडिया तथा सोशल मीडिया में बुधवार से ही यह बात घूमने लगी थी कि 'प्रधानमंत्री पाकिस्तान को कड़ा संदेश बिहार की धरती से देंगे।' यह सचमुच आश्चर्यजनक था कि अंतरराष्ट्रीय महत्व की इस बड़ी घटना के बारे में कुछ कहने के लिये उन्होंने देश की राजधानी दिल्ली को नहीं चुना, न ही संसद में या सर्वदलीय बैठक में चेतावनी देनी पसंद की। रेडियो-टीवी पर वे देशवासियों को सम्बोधित कर सकते थे। साफ है कि वे इसका लाभ लेने की पहले से ठान चुके थे।

इन अनुमानों को मोदी ने गलत साबित नहीं होने दिया। सभा में उन्होंने आतंकियों के हाथों मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिये सभी से दो मिनट का मौन धारण कराया तथा उनके परिजनों को यह कहकर सांत्वना दी कि 'देश उनके साथ है।' फिर इस घटना का ज़िक्र करते हुए आतंकियों को चेतावनी दी कि 'उनकी बची-खुची जमीन भी खत्म कर दी जायेगी।' उन्होंने ऐलान किया कि 'अब उन्हें मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। जिन आतंकियों ने देश की आत्मा को चोट पहुंचाई है उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।'

देश भर से इस घटना को लेकर समर्थन मांगने की कोशिश में मोदी ने इस बात को रेखांकित किया कि 'हमले में किसी ने बेटा खोया, तो किसी ने भाई। किसी ने अपना जीवन साथी खोया है। उनमें कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था तो कोई यहां बिहार का लाल था।' भावुकता की रौ में बहे मोदी दुख और गुस्सा दोनों का इज़हार करते नज़र आये। उन्होंने कहा कि 'पहलगाम में आतंकियों ने मासूम लोगों को जिस बेरहमी से मारा है उससे करोड़ों देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ है। सरकार इसके भी प्रयास कर रही है कि जिन घायलों का इलाज जारी है वे जल्द स्वस्थ हों।' प्रधानमंत्री ने दावा किया कि 'पर्यटकों को मारने वाले आतंकियों को 'उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा' दी जाएगी।' उन्होंने कहा-'मैं बिहार की धरती से पूरी दुनिया को कहना चाहता हूं कि भारत सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सजा देगी। इस तरह के हमले से आतंकी देश के मनोबल को नहीं तोड़ सकेंगे। आतंकी हमले के बाद अब न्याय दिलाने के लिए भारत सब कुछ करेगा। जो लोग मानवता में विश्वास करते हैं वे हमारे साथ हैं।'

मोदी ने आतंकी घटना के लिये सीधे-सीधे पाकिस्तान का नाम तो नहीं लिया लेकिन यह ज़रूर कहा कि '140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति 'आतंक के आकाओं' की कमर तोड़ देगी।' फिर भी, उनकी रैली में 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाए गए जो इस बात का इशारा है कि हमलावरों का मददगार कौन है; या कम से कम किसे समझा जा रहा है। यह समझ से परे हैं कि आखिर पाकिस्तान का नाम लेने में दिक्कत क्या है जबकि वे सिंधु जल बंटवारा संधि तोड़ चुके हैं, पाक उच्चायुक्त के कुछ लोगों को वापस जाने के लिये कह चुके हैं, पाकिस्तान से अपने कुछ अधिकारियों को बुला रहे हैं तथा देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में लौट जाने का हुक्म दे चुके हैं।

मधुबनी की सभा से यह संकेत निकला है कि भारतीय जनता पार्टी को बिहार चुनाव के लिये एक मुद्दा मिल गया है। यदि वह विकास की बात करेगी तो श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ले जायेंगे। वैसे यह मुद्दा इसके बाद होने वाले पश्चिम बंगाल चुनाव के लिये कारगर होगा या नहीं, कहना मुश्किल है क्योंकि तब तक यह पुराना पड़ चुका रहेगा तथा वहां के मतदाता इससे शायद ही प्रभावित हों। बिहार में इसका असर पड़ा तो खतरा भाजपा के सहयोगी दल तथा नीतीश बाबू की पार्टी जनता दल यूनाइटेड को होगा। वहां भाजपा अगली बार अपना मुख्यमंत्री देखना चाहती है। राज्य इकाई कह चुकी है कि 'ऐसा होने पर ही अटल बिहारी वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।' नीतीश के कथित सुशासन के मुकाबले भाजपा इस मुद्दे को आगे बढ़ाती है तो वह कोशिश करेगी कि जेडीयू से ज्यादा सीटें या बेहतर स्ट्राइक रेट लाकर सीएम पद पर दावा करे। हालांकि सीट बंटवारे पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा। फिर, इस मसले को छह माह तक जीवित रखना आसान नहीं रहेगा।

# रो रही है झेलम कश्मीरियत के क़त्ल पर



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

**श्रीनगर में जहां कदम-कदम पर फौजी नंगी स्टैनगनों के साथ मुस्तैद नज़र आए थे, वैसा पहलगाम में नहीं दिखा था। पहलगाम यानी चरवाहों का गांव और वाकई लिद्दर नदी के हमराह यहां सिर्फ घोड़े ही घोड़े नज़र आते हैं। ऊपर के गांवों से नीचे आते हुए घोड़े और फिर इन्हीं रास्तों से लौटते हुए, मानों पहाड़ों के साथ सड़कों पर भी इन्हीं का राज हो। वहां के गुर्जर चरवाहों की यही रोज़ी है।**

हां, झेलम मंगलवार की रात से ही रो रही है कश्मीरियत के क़त्ल पर क्योंकि यही वह नदी है जो कश्मीर की जीवन रेखा है; और गवाह है धरती के इस ख़ूबसूरत हिस्से की भोगी हुई पीड़ाओं की। इसने जाना है कि 'धरती का स्वर्ग' कहलाने के बाद आततायी किस तरह पहले लालची नज़रों से देखते हैं और फिर ख़ूनी वार करते हैं। इसने देखा है कि शातिरों ने इसके अपने बच्चों के हाथों में कैसे बंदूकें थमा दीं, लेकिन अब इसने चाहा है कि इस बेहद सुन्दर जगह को जिन बुरी नज़रों ने घेर रखा है उनकी शिनाख्त ज़रूरी है। झेलम का ज़ार-ज़ार रोना जारी है क्योंकि जिन मासूम बेगुनाहों का खून उसने देखा है, वह उसे भीतर से सुखा दे रहा है। वह नई नवेली दुल्हन जो अपने पति के शव के पास बिलख रही है, झेलम उसके दु:ख को झेल पाने में नाकाम है। इसे कश्मीरी अवाम ने भी उसी तरह महसूस किया है और यही वजह है कि ग़मज़दा होकर वह सड़कों पर हैं, मशालें लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रही है। अपने शहर बंद कर रही है। जम्मू से श्रीनगर तक यही भावना है, जैसे अभी चुप रहेंगे तो आगे और बड़े गुनाहों के भागी होंगे। वह गुहार लगा रही है 'बंद करो, बंद करो यह ख़ूनी हिंसा बंद करो !ज्वह शर्मिंदा भी है कि अपने मेहमानों को नहीं बचा सकी। वे लगातार बोल रहे हैं, लिख रहे हैं कि हम शर्मिंदा हैं और इस कुकृत्य पर हमारा सर शर्म से झुका हुआ है। हिंदी पट्टी का सोशल मीडिया अगर बहस कर रहा है कि धर्म पूछ कर मारा या सरकार के इंटेलिजेंस की नाकामी है या बिना फ़ोर्स के उस जगह तक पर्यटकों को जाने की अनुमति क्यों थी, तो कश्मीर के लोग लिख रहे हैं कि कोई भी कहानी ऐसे अंत के लिए नहीं बनी है। यह तस्वीर हमेशा-हमेशा के लिए कश्मीर को दर्द देती रहेगी।

आतंकियों ने धर्म पूछा फिर मारा यह बात हरेक के दिल में घर कर गई है। जो केवल यही सच है तो फिर अनंतनाग के सय्यद हुसैन शाह को किसने मारा? मृतकों में उनका नाम क्यों है? वह घायलों को बचाते हुए कुर्बान हुआ। लेखक आशुतोष कुमार लिखते हैं कि अगर आप इतना ही याद रखेंगे और यह भूल जाएंगे कि हमले के दौरान और उसके ठीक बाद घायलों को अपने कंधों पर या घोड़ों से अस्पताल पहुंचाने वालों ने न धर्म पूछा न जाति, तो आप आतंकवादियों की ही मदद कर रहे हैं। अस्पतालों में डाक्टरों और नर्सों ने बहुत कम सुविधाओं के साथ अपनी भूख, प्यास और नींद सब भूलकर घायलों का इलाज किया, जिससे मृतक संख्या को नियंत्रित किया जा सका। अगर आप इसे भूल जाएंगे तो आतंकवादियों की ही मदद कर रहे होंगे। बहुत देर तक कोई सरकारी सहायता नहीं पहुंच पाई थी, कोई वाहन नहीं थे, तब स्थानीय लोग घरों से बाहर निकले और अपनी जान की बाजी लगाकर उन लोगों को रेस्क्यू किया जो हमले की ज़द में थे। अगर आप यह भी भूल जाएंगे तो आप आतंकवादियों की ही मदद कर रहे हैं। सारा का सारा जम्मू-कश्मीर इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में उठ खड़ा हुआ है। बिना किसी भय और हिचक के उन्हें संदेश दिया कि कश्मीर का बच्चा-बच्चा उनके खिलाफ़ तनकर खड़ा है। अगर आप यह भूल जाएंगे और केवल हिंदू-मुस्लिम नफ़रती पोस्टर बनाने वालों को याद रखेंगे तो आप आतंकवादियों की ही मदद कर रहे हैं।

पोस्टर की बात करें तो छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी का ही एक पोस्टर सोशल मीडिया में खूब प्रचार पा रहा है। पोस्टर में पत्नी का पति के शव के साथ स्केच है और उस पर लिखा है - 'धर्म पूछा जाति नहीं... याद रखेंगे।' इसे क्या कहा जाए कि पार्टी बेहतर महसूस कर रही है कि जाति नहीं पूछी क्योंकि वे खुद धर्म की सियासत करते हैं और उनके विरोधी जाति की। आपदा में अवसर शायद इसे ही कहा जाता है कि भीषण दु:ख और अपरिहार्य परिस्थिति में भी दलों से सियासत नहीं भूली जाती। किसी को भी यह समझने में क्यों भूल करनी चाहिए कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता। वे अपने हिंसक आक़ाओं की हसरतों के मोहरे भर होते हैं। अगर जो होता तो श्रीलंका में लिट्टे यानी लिबरेशन टायगर्स ऑफ़ तमिल ईलम नहीं होता जिसने भारत के एक युवा प्रधानमंत्री (राजीव गांधी) की जान ली थी। धर्म देखकर फ्रिज खोलकर मीट चेक करने के बाद हत्या को अंजाम तो कुछ और भी लोगों ने दिया है। बेहतर है कि पहलगाम में 27 निर्दोषों की हत्या को इस तंग नैरेटिव के बीच न सीमित कर दिया जाए। सरकार को इस घटना से ऐसा सबक लेना चाहिए कि कश्मीर में फिर कभी ऐसी विभीषिका न हो। सरकार ने ही संसद में अपनी बात कहकर लोगों को यकीन दिलाया था कि कश्मीर में सब कुछ सामान्य है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह सरकार चुप बैठने वाली नहीं है, घर में घुसकर मारती है। अब जो हुआ है, यह उन सैलानियों के यकीन का क़त्ल है। उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि आप यहां आएं, आप सुरक्षित हैं। नतीजतन 2023 में दो करोड़ दस लाख से ज़्यादा सैलानी यहां आए जो साल 2020 में 35 लाख से भी कम थे। अभी तो सीजन शुरू ही हुआ था और अगले तीन महीनों तक यह सिलसिला जारी रहना था लेकिन पहलगाम की घटना ने कश्मीर को फिर पीछे पंहुचा दिया है।

इसी यकीन के भरोसे सपरिवार पिछले बरस आठ दिन कश्मीर में और दो दिन पहलगाम में बिताए थे। सब खुश थे। घोड़े वाले, टैक्सी वाले, होटल वाले, कॉफ़ी शॉप वाले कि घाटी में बहार आई है और सैलानी लगातार आ रहे हैं। ऑटो और शिकारा चलाने वाले भी बेहद खुश थे कि इस बार टूरिस्टों की संख्या ने उनके घर, दुकान, गाड़ियों के लोन अदा करवा दिए। खूब तो ऊनी कपड़े पसंद किये गए, खूब मखमली केसर और अखरोट सैलानी अपने घर ले गए। उनका बस चलता तो घाटी का बेमिसाल मौसम भी साथ ले आते। वह आता भी है तस्वीरों में कैद होकर, लेकिन पहलगाम के इन पर्यटकों के साथ ऐसा नहीं हुआ।

श्रीनगर में जहां कदम-कदम पर फौजी नंगी स्टैनगनों के साथ मुस्तैद नज़र आए थे, वैसा पहलगाम में नहीं दिखा था। पहलगाम यानी चरवाहों का गांव और वाकई लिद्दर नदी के हमराह यहां सिर्फ घोड़े ही घोड़े नज़र आते हैं। ऊपर के गांवों से नीचे आते हुए घोड़े और फिर इन्हीं रास्तों से लौटते हुए, मानों पहाड़ों के साथ सड़कों पर भी इन्हीं का राज हो। वहां के गुर्जर चरवाहों की यही रोज़ी है। सर्दियों में वे अपने बनाए गर्म कपड़ों को लेकर भारत के मैदानों में आ जाते हैं। टूरिस्ट पहलगाम से टैक्सी लेकर आस-पास के स्थानों पर दिन भर में घूमकर पहलगाम लौट आते हैं। आरु वैली, बेताब वैली, चन्दन बाड़ी (जो अमरनाथ यात्रा का बेस पॉइंट है), बैसरन घाटी जैसे कई पिकनिक स्पॉट्स तक सैलानी जाते हैं।

इस यात्रा ने जिस बात ने अभिभूत किया वह थी कश्मीरियों की मेज़बानी। वे सैलानी को बहुत सम्मान देते हैं। ग़लती से आप किसी ऐसी जगह पहुंच जाते हैं जो टूरिस्ट के लिए नहीं, तब भी वे आपकी आवाभगत करते हैं। पहलगाम के आतंक ने उन्हें भीतर तक हिला दिया है। वे सड़कों पर निकल पड़े हैं। उनका विरोध और भारत सरकार के पाकिस्तान को मज़बूत जवाब देने की नीयत, दोनों का एक साथ आना कश्मीर के हालात को बदल सकता है। फ़िलहाल जवाब तो इस बात के भी ढूंढने होंगे कि इन सैलानियों की सुरक्षा के लिए क्यों कोई जवाबी कार्रवाई नहीं देखी गई? सुरक्षा बल वहां क्यों नहीं थे? यह चूक क्यों थी? बैसरन घाटी का हमला पुलवामा के बाद सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। इतना बड़ा इंटेलिजेंस फेलियर कैसे हुआ ? जो कोई इनपुट मिले थे तो सुरक्षा क्यों नहीं बरती गई और जो नहीं मिले तो यह कैसे संभव हुआ?

मुख्यधारा का मीडिया और हिंदी के ज़्यादातर अख़बार धर्म के नैरेटिव को सेट करने में लगे हैं? ज़िम्मेदार देश को यूं बांटने और अस्थिर करने की साज़िश पर क्यों मौन हैं? कश्मीर के अख़बारों ने काली जगह छोड़कर विरोध जताया है। कश्मीर टाइम्स ने अपनी एक स्टोरी में बताया है कि पहलगाम की किशोरी रूबीना, जो वहां पर्यटकों को नन्हें ख़रगोश बेचती है, उसने अपने छोटे से घर को सैलानियों के लिए सुरक्षित आवास में बदल दिया। वह और उसकी बहन मुमताज़ तीन बार पार्क में गए और घायलों को सुरक्षित नीचे अपने घर ले लाए। आज रूबीना है और सोलहवीं सदी में शायरा हब्बा ख़ातून थीं जिनका संदेश केवल मोहब्बत रहा है। दोनों ने हर बार, हर हाल में कश्मीरियत को ज़िंदा रखा। हब्बा ख़ातून (जूनी) जिनके प्रेम में पगे लोकगीत आज भी गाए जाते हैं। यह शायरी जैसे उन्होंने अपने साथ उन जोड़ों के लिए भी लिखी थी जो इस दुर्दांत आतंकी घटना में बिछड़ गए। उनकी इस रचना 'तुम बिन' का अनुवाद सुरेश सलिल ने किया है-

अनुपम छवि वाले,ओ मेरे प्यारे,  
ललक रहे हैं  
मेंहदी-रचे मेरे हाथ  
तुम्हें सहलाने को,  
तड़प रही हूं  
तुम्हारी रतनारी झलक  
एक पाने को!  
आओ, बुझाओ प्यारे, मेरी अबूझ प्यास  
कैसे कटें तुम बिन ये बंजर दिवस-मास!

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# नरेंद्र मोदी के सामने पाकिस्तान की आईएसआई से निपटने का यक्ष प्रश्न

**■ सुशील कुट्टी**

**पाकिस्तानी सेना उस धार्मिक व्यवस्था का एक 'अभिन्न अंग' है जो पाकिस्तानी दिमाग पर राज करती है, जिसमें 'दो-राष्ट्रसिद्धांत' गहराई से समाया हुआ है। पाकिस्तानी अखबार ने पहलगाम को 'पर्यटक आकर्षण का केंद्र' और '2000 के बाद से नागरिकों पर सबसे घातक हमला' कहा। मारे गये लोगों में एक भारतीय नौसेना अधिकारी और भारतीय सेना का एक अरुणाचली सैनिक शामिल था।**

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से प्रेरित 'मुस्लिम आतंकवादियों' द्वारा कश्मीर के दर्शनीय 'पहलगाम' में 'पर्यटक' हिंदू भारतीय पुरुषों की गोली मारकर हत्या करने के एक दिन बाद बुधवार को पाकिस्तान ने भारत में हुई त्रासदी के लिए सहानुभूति जताते हुए 'पर्यटकों की जान जाने पर चिंता' व्यक्त की, एक पाकिस्तानी अखबार ने रिपोर्ट की।

जनरल असीम मुनीर की संक्षिप्त जीवनी में कहा गया है कि वे 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' के पक्षधर हैं। 10 दिन पहले ही जनरल मुनीर ने 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' और हिंदू-मुस्लिम अलगाव की बात की थी और 22 अप्रैल को पहलगाम की घटना हुई। मुनीर को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से परेशानी है। इसके अलावा, अमेरिकी मीडिया में कुछ समय पहले आयी खबरों में बताया गया था कि पाक कॉकस से जुड़े कुछ कांग्रेसियों ने मुनीर को संवेदनशील पद से हटाने की मांग की थी। कई विशेषज्ञों का कहना है कि क्या पहलगाम में हत्याएं उनकी सत्ता के दावे का हिस्सा थी?

आतंकवादियों ने 26 हिंदू पुरुषों को उनकी स्तब्ध पत्नियों के सामने पैंट नीचे करने का आदेश देने के बाद गोली मारने से पहले हिंदू चमड़ी की जांच की। इसे पुष्टि, तथ्य-जांच कहते हैं!

पाकिस्तानी अखबार ने पीड़ितों को 'भारत-अधिकृत कश्मीर में लोकप्रिय गंतव्य के आगंतुक' कहा। अखबार, अनेक अन्य पाकिस्तारनियों की तरह मानता है कि मुस्लिम बहुल जम्मू और कश्मीर एक नासूर 'विवाद' है जबकि भारत कश्मीर को 'अभिन्न अंग' कहता है।

पाकिस्तानी सेना उस धार्मिक व्यवस्था का एक 'अभिन्न अंग' है जो पाकिस्तानी दिमाग पर राज करती है, जिसमें 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' गहराई से समाया हुआ है। पाकिस्तानी अखबार ने पहलगाम को 'पर्यटक आकर्षण का केंद्र' और '2000 के बाद से नागरिकों पर सबसे घातक हमला' कहा। मारे गये लोगों में एक भारतीय नौसेना अधिकारी और भारतीय सेना का एक अरुणाचली सैनिक शामिल था।

पाकिस्तान ने संवेदना व्यक्त की। क्या पाकिस्तान चीफ जनरल असीम मुनीर का सिर थाली में परोस कर देगा? ध्यान रहे, 'बदला' अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी समस्या है। मोदी ने अपनी सऊदी अरब यात्रा को बीच में ही रोक दिया और भारत के मुख्यधारा के टेलीविजन मीडिया ने इसे मोदी के इतिहास का सबसे बड़ा बलिदान करार दिया।

प्रधानमंत्री मोदी के पास भागने के लिए कोई जगह नहीं है। अगर वे सऊदी अरब की यात्रा पर पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष होते और पहलगाम में कोई घटना होती, तो उन्हें सऊदी अरब में शरण मिल सकती थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा को बीच में ही रोककर वापस भारत आने का फैसला किया और गृह मंत्री अमित शाह को जम्मू-कश्मीर जाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मोदी के पास बचने का कोई रास्ता नहीं है।

अमित शाह को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक हफ्ते पहले ही शाह सुरक्षा समीक्षा के लिए जम्मू-कश्मीर में थे और फिर सुरक्षा भंग हो गई! सवाल पूछे जाएंगे, लेकिन सवालों को 'गोदी मीडिया' की सुरक्षा से परे जाना होगा। यह एक बार फिर पुलवामा जैसा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस समय फिल्म की शूटिंग के लिए उतने ही दूर थे।

26 मई, 2014 से ही प्रधानमंत्री के कंधे पर एक अपशकुन सवार है। क्या किसी ने इसे 'पनौती' नहीं कहा? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मोदी है तो मुमकिन है' की किंवदंती के सामने खड़ा होना होगा। आतंकवादियों ने मारे गये लोगों की 'पत्नियों' से कहा कि 'जाओ मोदी से कहो', यह खून जमा देने वाला संदेश मोदी के लिए माहौल तैयार करता है।

तो, प्रधानमंत्री मोदी को बता दिया गया है। अब क्या? यह भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान के लिए चुनौती है, जिसके मोदी बहुत करीब हैं। मोदी को अपने मन में सीमा पार करनी है और मोदी 'भारत द्वारा चुनी गयी जगह और समय' के पीछे छिप नहीं सकते। वह बहाना अब खत्म हो चुका है। यह समय 'विशेष' है। यहां तक कि सबसे ज़्यादा चापलूसी करने वाला 'मोदी भक्त' भी बदला मांग रहा है।

क्या प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर साबित कर देंगे कि वे सिर्फ़ बकवास करने वाले नहीं हैं; कि वे वाघा के इस तरफ़ से सुनी जाने वाली पाकिस्तानी बातों से मूर्ख नहीं बनते, जब भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी कश्मीर में घुसते हैं?

पहलगाम श्रीनगर से 90 किलोमीटर दूर है और हिंदू पर्यटकों की आतंकवादी हत्याओं के एक घंटे के भीतर पहलगाम 'पर्यटक-मुक्त' हो गया था। एक पल में हज़ारों हिंदू पर्यटक मौज-मस्ती कर रहे थे और आतंकवादी हमले के तुरंत बाद हज़ारों की संख्या में 'पलायन' हो गया, ठीक वैसे ही जैसे 1989-90 में हुआ था, जब 'कश्मीरी पंडित' सुरंग के अंत की रोशनी की तरफ पलायन कर गये थे!

भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण का क्या हुआ? पहलगाम 2025, 5 अगस्त, 2019 पर एक काला धब्बा है। पर्यटकों की संख्या स्टेरॉयड पर एड्रेनालाईन की तरह बढ़ गयी थी, और सुरक्षा का स्तर एक नयी ऊंचाई पर पहुंच गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने श्रीनगर के लाल चौक पर 'स्नोबॉल' खेला!

सारी मेहनत पहलगाम में बेकार चली गयी। कश्मीर फिर से पहले जैसी स्थिति में आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कुछ भी कहते हैं, उससे कश्मीर को उस रसातल से बाहर निकालने में मदद नहीं मिलेगी, जिसमें वह गिर गया है। अनेक सवाल हैं, और सबसे असहज सवाल भी। मोदी समर्थक मीडिया को 'मोदी महिमा मंडन' तुरंत बंद कर देना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी को काम करना होगा या फिर पीछे हटना होगा। 'मोदी है तो मुमकिन है' की टैगलाइन धराशायी हो गयी है। अपने मारे गये पति के शव के बगल में बुद्ध की तरह बैठी नई युवा विधवा की तस्वीर, सड़ांध का प्रतीक और प्रतीकात्मक है। 'मोदी को यह बताओ' कहा गया। वह आतंकवादी है और मोदी को बता दिया गया है कि वह क्या करने जा रहा है; क्या वह कुछ करेगा?

## आपके पत्र

### इंसानियत पर काला धब्बा है पहलगाम का आतंकी हमला

पहलगाम का आतंकी हमला मानवता पर काला कलंक है। पुलवामा अटैक में 47 जवान शहीद हुए थे। उसके बाद की यह सबसे बड़ी घटना है। नाम और धर्म पूछकर आतंकियों ने गोली मारी थी। जो यह कहते थे कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता है। उस कहावत को गलत ठहराते हुए आतंकियों ने 26 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया जिसमें विदेशी सैलानी भी शामिल थे। आतंकियों का लक्ष्य कश्मीर नहीं होकर अन्य शहर को टारगेट करना है और आतंकियों को अभ्यास कराया जा रहा है। यह हिन्दू-मुस्लिम के बीच बढ़ रही खाई का ही परिणाम है कि आतंकवादियों ने निर्दोष व्यक्तियों पर हमले करने का सीधा मार्ग प्रशस्त कर दिया है। कश्मीर की वादियों में अमन-चैन और जवानों की चाकचौबंद व्यवस्था को देखते हुए आतंकवादियों ने हमला करने का रास्ता ही बदल दिया है। प्रशिक्षित आतंकियों के पनाहगार पाकिस्तान ने सांत्वना के दो शब्द भी नहीं कहे हैं। जबकि सारा किया धरा पाकिस्तान का ही है। हिंदुओं को भारत भूमि पर ही निशाना बनाया जाता है तो विदेश में उन अल्पसंख्यक हिंदुओं की क्या दशा होती होगी, जहा सरकार भी हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान नहीं कर रही है। आतंकवाद का जड़मूल से सफाया करने और जीरो टॉलरेंस की नीति पर हम भरोसा कर सरकार के हाथ मजबूत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन सवाल यह है कि इस तरह से निर्दोष लोगों को आए दिन मौत के घाट उतार रहे हैं तो फिर और क्या कहा जाए? देश सबका है फिर भी हम खुद असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सरकार ने जिस कश्मीर में चाकचौबंद व्यवस्था की है, वहां पर आतंकी घुस भी नहीं सकते हैं। इसलिए आतंकवादी पर्यटन स्थलों पर हमला कर रहे हैं। इस घटना के बाद तो पर्यटकों का आना-जाना ही बन्द हो जाएगा। दरअसल, जब से जम्मू कश्मीर में प्रादेशिक पार्टी की सरकार बनी है, उसके बाद आतंकियों के हौसले बुलंद है। आतंकवाद को कुचलने की मंशा पर सरकार की नीतियों पर पहलगाम की घटना ने पानी फेर दिया है। आतंकियों का लक्ष्य हिंदुओं को टारगेट करना है। जिस तरह से कश्मीरी पंडितों ने पलायन शुरू किया था उसी की तर्ज पर पहलगाम और जम्मू तक आतंकियों के हमले का मुख्य लक्ष्य दहशतगर्दी फैलाना है। पाकिस्तान के प्रतिबंधित संगठन लश्कर ए तैयबा के आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। 2019 के बाद बनाया गया द रेजिस्टेंस फ्रंट आतंकवाद को एक स्वदेशी प्रतिरोध आंदोलन के रूप में चित्रित करना था। आतंकवाद की जड़ें हिलाने के लिए सरकार के पास विकल्प के तौर पर क्या है? पुलवामा हमले का बदला हवाई हमले से लिया गया था। पाकिस्तान के आतंकियों ने टूरिस्ट पैलेस की अप्रैल में रेकी करवाई गई जिसमें पहलगाम की होटलें एवं तीन-चार आतंकियों ने अंजाम दिया था। मोदी सऊदी की यात्रा छोड़ लौटे हैं और सीवीसी की बैठक आयोजित करने की पूरी संभावना है। मनीष को उनके बच्चों के सामने मारा तो कांकेर निवासी मयंक को मौत खींच लाई, वे थोड़े समय पहले ही पहाड़ी से नीचे उतरे थे। खास बात तो यह है कि नौसेना अध्यक्ष की शादी छह दिन पूर्व ही हुई थी। उसके पति को पत्नी के समक्ष गोली मार दी। आतंकवाद और सरकार के बीच की दूरियां कम नहीं हुई तो इसी तरह पहलगाम जैसे हमले के लिए तैयार रहना होगा। आतंकी हमला निंदनीय और मानवता पर कलंक समान है। आतंकी जैसे क्रूर पौराणिक काल के राक्षस भी ऐसी हरकत नहीं करते रहे होंगे। ईश्वर मृत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### भारत-पाकिस्तान-बांग्लादेश

*'अभी मेरा मानना है कि भारत की जनता को अपने पूर्वाग्रह छोड़कर, नेताओं की बयानबाजी से प्रभावित हुए बिना, खुद अपने विवेक का इस्तेमाल कर, खुले मन से विचार करना चाहिए कि हमारे दीर्घकालीन हित में क्या है और वह कैसे संभव होगा? यदि हम नफरत और अविश्वास की भावना को अपने ऊपर हावी होने देंगे तो उस आंच में झुलसे बिना नहीं रह सकते। हमें यह सच्चाई स्वीकार करना चाहिए कि बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार- ये सब हमारे पड़ोसी देश हैं। जिस तरह से यहां अच्छे या बुरे, जिम्मेदार या गैरजिम्मेदार, समझदार या सनकी लोग बसते हैं वैसे ही इन देशों में भी बसते हैं। हम अपने पड़ोसियों को नहीं बदल सकते, राजनैतिक सीमाओं को भी मिटा नहीं सकते, लेकिन रहना तो साथ-साथ है। लड़ें-झगड़ें, मारकाट करें, उससे अंतत~ क्या मिलना है। दंगों में आम लोग मारे जाते हैं, लड़ाइयों में सैनिक मरते हैं, लेकिन एक मौत भी अपने आप में एक त्रासदी होती है। एक व्यक्ति के साथ उसका घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, दोस्त, पड़ोसी सब होते हैं। जब अकाल मृत्यु होती है तो वह इन सबको जो न भरने वाले जख्म दे जाती है। जो पीड़ा औरतों और बच्चों को झेलना पड़ती है उसकी कल्पना ही की जा सकती है। क्या हम इस सबसे बच नहीं सकते?'*

**(देशबंधु में 15 अगस्त 2018 को प्रकाशित विशेष सम्पादकीय)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/08/blog-post_14.html

## पावन प्रसंग

### वर्तमान में जीने का अभ्यास करें

वर्तमान के कड़वाहट भरे पल हमारा पीछा नहीं छोड़ते। हमारा जीवन वर्तमान की धरातल पर रहता है। हम तमाम प्रयास करते हैं लेकिन ये यादें हमें पीछे खींचती रहती हैं। हम जीते उस अतीत के साथ हैं जिनकी यादें हमारे मन मस्तिष्क को कुरेदती रहती हैं। इस कशमकश में हम तनाव, ग्लानि एवं विषाद से घिरे रहते हैं, जिससे हमारे संबंध एवं कार्यक्षमता दोनों प्रभावित होते हैं। मनोवैज्ञानिक कहते हैं इंसान अपने अतीत की सुनहरी एवं सुखद घटनाओं के स्थान पर दुखद एवं पीड़ित करने वाले क्षणों को अधिक याद करते हैं, अर्थात व्यक्ति सहज ही दुखों से आसक्त होता और उन्हें भूल नहीं पाता है। मन सदा पीड़ा देने वाले क्षणों के साथ इतना तारतम्य स्थापित कर लेता है कि वह उन्हें छोड़ता ही नहीं, बारंबार याद करता रहता है। हमारे साथ किसने अच्छा किया है यह याद नहीं रहता है हमारे साथ बुरा हुआ यह याद रहता है। नकारात्मक चिंतन एवं स्मृतियों से तनाव बढ़ता है और तनाव बढ़ने से शरीर में कार्टीसोल नामक हार्मोन का स्राव बढ़ जाता है। इससे प्रतिरक्षा शक्ति घट जाती है। परिणामस्वरूप शरीर में संक्रामक रोग सरदी- जुकाम का खतरा बढ़ जाता है। यह नियति लंबे समय तक चलती रहती है।

मनोवैज्ञानिक का कहना है कि अतीत की सारी बातें अपने आप में पीड़ित करने वाली नहीं होती हैं। परेशानी तो तब होती है जब यह बोझ बनकर हमारे मनोमस्तिष्क को झकझोरने लगे। हमारे व्यक्तित्व को प्रभावित करने लगे। इसके लिए हम स्वयं जिम्मेदार होते हैं। जबकि ढेर सारी बेकार बातों को, तथ्यों एवं घटनाओं को हम अपने मन में अनावश्यक ही बनाए रखते हैं। इन बातों पर विफलता, गुस्सा, दुश्मनी, पश्चाताप, अपराधबोध, अतृप्ति, असंतोष आदि की परत चढ़ी रहती है।

इससे बचने के लिए हमें सर्वप्रथम यादों एवं विचारों से बचना चाहिए जो हमें नकारात्मकता से भर देते हैं। बुरी आदतों सें बचने के लिए हमें किसी श्रेष्ठ कार्य को मन लगाकर करना चाहिए, जिसमें हमारी रुचि हो। हमें अपने दैनिक क्रियाकलाप में वांछित परिवर्तन लाना चाहिए जैसे भोजन एवं निंद्रा के समय निर्धारित करना चाहिए जिससे मन शांत एवं स्थिर रहता है तथा अनावश्यक तनाव देने वाला चिंतन मन का साथी नहीं बन पाता। सही दिनचर्या के साथ ही श्रेष्ठ साहित्य का अध्ययन भी करना चाहिए ।ताकि हमारा मन सकारात्मक सोच से सराबोर रहे। अतीत की कड़ुआहट से बचने के लिए हमें वर्तमान में जीने का अभ्यास जालना चाहिए। जो अतीत की भूलों में सुधार करक भावी भविष्य को उज्जवल, सुनहरा बना लेता है। जीवन बड़ा बहुमूल्य एवं बेहद खूबसूरत है, उसे केवल वर्तमान के पलों से सजाया एवं संभाला जा सकता है। अत: हमें अपनी समस्त ऊर्जा वर्तमान में ही खपाना चाहिए यही सुखी जीवन का रहस्य है।

**-युग निर्माण योजना**

उल्टा पुल्टा

पत्नी- तुम हर बात में मेरे मायके वालों को बीच में क्यों लाते हो?

पति- देखो जब टीवी में खराबी आती है तो कोई टीवी को थोड़े ही बोलता है...गाली तो कंपनी वाले ही खाते हैं।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

# बिलासपुर से 775 यात्रियों का पहला जत्था रवाना

## विधायकों ने ट्रेन को दिखाई हरी झण्डी,यात्री पुरी,भुवनेश्वर और कोणार्क दर्शन करेंगे







## श्रद्धालुओं में उत्साह, कहा मुख्यमंत्री ने बुजुर्गो का सपना किया पूरा

**बिलासपुर**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर पांच साल के लम्बे अंतराल के बाद मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू हुई है। योजना के तहत आज बिलासपुर जिले के 775 यात्रियों का पहला जत्था पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए रवाना हुआ। यात्रियों ने योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। बिलासपुर, मुंगेली और जीपीएम जिले के तीर्थ यात्री बिलासपुर स्टेशन पर पहुंचे जहां पर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। ट्रेन को बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यात्रियों को भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा रवाना किया गया। तीर्थ यात्रा की बरसो पुरानी अभिलाषा पूरी होने पर बुजुर्गो के आंखों की चमक देखते बन रही थी। इस अवसर पर महापौर श्रीमती पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार मौजूद थे।

विधायक धरमलाल कौशिक और सुशांत शुक्ला ने तीर्थ यात्रा पर जा रहे बुजुर्गो से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल तीर्थ यात्रा ही नहीं बल्कि नागरिकों को उनकी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना भी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन जैसी कल्याणकारी योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लोगों के बेहतरी के लिए लगातार काम कर रहे हैं वे श्रवण कुमार की भूमिका निभाते हुए लोगों को तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं। यह योजना शुरू कर सरकार ने अपना एक और वादा निभाया है।

### बुजुर्गो की आंखों में बरसो से पल रही तीर्थ यात्रा की अभिलाषा हुई पूरी

पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए जा रहे बुजुर्गो की आज बरसो पुरानी तीर्थ यात्रा की अभिलाषा पूरी हुई है। तीर्थ यात्रा को लेकर उनमें खासा उत्साह देखा गया। सभी समय से पहले ही स्टेशन पहुंच चुके थे। स्टेशन पर यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। 65 वर्षीय श्रीमती अम्बे सिंह बिलासपुर से यात्रा पर निकली। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पहले रामलला दर्शन योजना शुरू की गई। उसके बाद मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू कर मुख्यमंत्री ने हम सब बुजुर्गो की सुध ली है। पंडित ईश्वर पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की यह सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि एक निश्चित उम्र के बाद हर किसी बुजुर्ग का सपना होता है कि तीर्थ यात्रा दर्शन के लिए जाए लेकिन पैसों की कमी के कारण यह सपना अधूरा रह जाता है। इस योजना से हमारा सपना पूरा हुआ है।

सिरगिट्टी से यात्रा पर जा रहे चन्द्रपाल सिंह राजपूत ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम जैसे लोगों के लिए तीर्थ यात्रा पर जाना सपने जैसे होता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हमारा यह सपना पूरा किया है। जोरापारा सरकण्डा निवासी धनी राम अग्रवाल भी सपत्निक यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना बुजुर्गो के लिए अमूल्य अवसर है। जगन्नाथ पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन की खुशी साझा करते हुए राज्य शासन का आभार व्यक्त किया। यात्रा के दौरान शासन द्वारा तीर्थयात्रियों को भोजन, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं समेत सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

संपादकीय

## छात्रों से काम न लें शिक्षक

*अक्सर देखा जाता है कि शालाओं में शिक्षकगण छात्र-छात्राओं से कई तरह के कार्य कराते हैं। इनमें अपने से जूनियर बच्चों को पढ़ाने से लेकर स्कूल की साफ-सफाई तक और मध्यान्ह भोजन बनाने से लेकर कई तरह के काम होते हैं। स्कूल की स्टेशनरी को अलमारियों में लगाने, ब्लैक बोर्ड सफाई, पानी लाने ले जाने आदि जैसे अनेक काम उनसे कराये जाते हैं। ग्रामीण इलाकों में तो शिक्षक-शिक्षिकाएं घरों के कामों में भी मदद लेती हैं। बाजार से घरेलू उपयोग का सामान, जैसे चावल, दाल, सब्जियां, मसाले आदि ढोकर लाने के काम तक कराये जाते हैं। शिक्षकों के प्रति सम्मान और भय दोनों के ही चलते बच्चे काम करने से इंकार नहीं कर पाते। यह जहां बच्चों के समय को जाया करना है तो वहीं उनके आत्मसम्मान तथा गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। शिक्षक-शिक्षिकाओं के व्यक्तिगत या अध्ययन से इतर काम करने वाले ज्यादातर बच्चे अपने मन से ये काम नहीं करते। इसके कारण उन्हें अपने सहपाठियों के सामने शर्मिंदा तक होना पड़ता है। कई बार उनसे स्कूली काम कर पैसे बचाये जाते हैं। गांवों में ईंधन खरीदने के लिये राशि मिलती है पर वह प्रधान पाठक या प्रभारी शिक्षकगण हजम कर जाते हैं। सामग्री ढुलाई के लिये भी पैसे मिलते हैं परन्तु वह काम छात्रों से कराकर उस राशि को जेब में डाल लिया जाता है।*

*सारंगढ़ के बिलाईगढ़ विकासखंड में जेवराडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां बच्चों को यूनिफॉर्म वितरित किये जाने थे जिन्हें लाने के लिये प्रधान पाठक कीर्तिकेश्वर सिंह ने छोटे-छोटे बच्चों को भेजा जो अपनी साइकिलों से उसे लेकर आये। यह खबर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एलपी पटेल को मिली जिन्होंने सिंह के अलावा बिलाईगढ़ के बीआरसीसी फणीन्द्र सिंह नेताम तथा सीएसी देवसर फिरतराम सायंतोड़े को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कीर्तिकेश्वर सिंह के स्पष्टीकरण से असंतुष्ट बीईओ ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया तथा फीरतराम को उनके मूल विद्यालय वापस भेज दिया। नेताम को चेतावनी दी गयी।*

*निश्चित ही यह अत्यंत प्रशंसनीय कार्रवाई बीईओ द्वारा की गयी है जिसका अनुसरण सभी शिक्षा अधिकारियों को करना चाहिये। विशेष रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी इस बात पर बेहतर तरीके से नज़र रख सकते हैं। सभी प्रधान पाठकों को इसकी सख्त ताकीद दी जानी चाहिये कि छात्र-छात्राओं से स्कूलों के अथवा निजी काम न कराये जायें। विद्यार्थियों को भी जानकारी दी जानी चाहिये कि वे शालाओं अथवा गुरुजनों के काम करने हेतु बाध्य नहीं हैं। इंकार करने पर अगर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है तो वे इसकी सूचना अपने पालकों-अभिभावकों को दें। उन्हें भी जानना चाहिये कि स्कूलों के या व्यक्तिगत काम करने कि लिये बच्चों को मजबूर नहीं किया जा सकता। ऐसा होता है तो इसकी शिकायत अवश्य की जानी चाहिये।*

सार-संक्षेप



## बोदरी में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लगा शिविर

**बिलासपुर**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बोदरी के वार्ड 1,2,3 में चार पांच दिनों से लगातार डायरिया फैलने की शिकायत नागरिकों द्वारा प्राप्त होने पर, बुधवार को नगर पालिका बोदरी की अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा द्वारा बिल्हा स्वास्थ्य विभाग प्रभारी को पत्र लिख कर बोदरी वार्ड 1,2,3 में स्वास्थ्य शिविर लगाने हेतु अवगत कराया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुवार को शिविर लगाकर तीनों वार्डों में घर-घर जाकर नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया। परीक्षण में जानकारी मिली की एक मरीज बिलासपुर हॉस्पिटल में भर्ती हैं बाकी वार्डो में डायरिया संबंधित कोई मरीज नही मिला। इस अवसर पर सभापति विजय वर्मा,उपाध्यक्ष शिमला सुनील वर्मा,सभापति फिरतु राम बनवारे,पार्षद अतुल ध्रुव, भुनेश्वर कौशिक व स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

## शिवसेना ने पाकिस्तान आतंकवादियों का पुतला दहन किया




**बिलासपुर**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के निर्देशानुसार नगर महासचिव रोमेश शर्मा के नेतृत्व में पाकिस्तान आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया सुनील झा का कहना है कि उनको जेल में ना डाल के उनके दोनों हाथ पैर काट के फेंक दिया जाए। संगीता सोनी ने कहा की उनको कड़ी से कड़ी सजा मिले आतंकवादियों को पुतला दहन में मुख्य रूप से सुनील कुमार झा संगीता सोनी अनामिका अवस्थी माधुरी शर्मा टिया सोनी निमेश शर्मा अशोक निषाद मणि शंकर शर्मा मुकेश निर्मलकर शिव रजक अजय वैध कमल सिंह परदेसी साहू रमेश कश्यप संदीप झा गोलू विश्वकर्मा डागा यादव आदि शिव सैनिक उपस्थित थे जिसमें पुलिस प्रशासन एवं मीडिया का बहुत अधिक सहयोग मिला विनीत रोमेश शर्मा नगर महासचिव शिवसेना बिलासपुर।

# खेलो इण्डिया सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल 29-30 को

### आवासीय अकादमियों में प्रवेश हेतु तीरंदाजी, हॉकी एथलेटिक्स, बालक-बालिका कबड्डी एवं गैर आवासीय राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन

**बिलासपुर**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में खेलो इण्डिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक की अकादमी संचालित है। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ने बताया कि आवासीय अकादमियों में प्रवेश हेतु तीरंदाजी, हॉकी एथलेटिक्स, बालिका कबड्डी एवं गैर आवासीय (दैनिक प्रशिक्षण केन्द्र) बालक कबड्डी हेतु राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 29 एवं 30 अप्रैल को स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में किया जा रहा है।

नियमानुसार 13-17 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं का चयन ट्रायल लिया जाना है। जिले में संचालित खेलो इण्डिया लघु केन्द्र से 10-10 बालक एवं बालिका खिलाड़ी एवं खेलो इण्डिया लघु केन्द्र के अतिरिक्त जिले से प्रत्येक खेल के 4-4 बालक एवं बालिका उत्कृष्ट खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में सम्मिलित किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे जिले जहाँ नैसर्गिक खेल प्रतिभाएं विद्यमान है, तथा भविष्य में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, उन जिलों से खिलाड़ियों की संख्या में वृद्धि किया जा सकता है।

चयन ट्रायल में खिलाड़ियों का मोटर एबलिटी टेस्ट, स्किल टेस्ट, गेम अवेयरनेस टेस्ट (मेंटल एबिलिटी टेस्ट) लिया जाएगा। अकादमी में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के दोगुनी संख्या में खिलाड़ियों को चिन्हित कर उनका 06 दिवसीय असेसमेंट कैम्प लिया जाएगा। इस दौरान उनका एम.एस.के. टेस्ट फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा लिया जाएगा। असेसमेंट कैम्प के बाद योग्य खिलाड़ियों को रिक्त सीटों की संख्या अनुसार अकादमी में प्रवेश हेतु अंतिम रूप से चयनित किया जा सकेगा। चयनित खिलाड़ियों को देश के प्रतिष्ठित प्रशिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा और एसएनसी के माध्यम से स्ट्रैन्थ एंड कंडीशनिंग 6000 किलो कैलोरी का स्वच्छ पोषणयुक्त आहार, फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा इंजरी का ईलाज व पुनर्वास, आईस बाथ, स्वीमिंग की सुविधा उपलध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन शिक्षा, आने-जाने का साधन, चिकित्सा, दुर्घटना बीमा, आवश्यक एवं सहायक खेल उपकरण, खेल परिधान, एकरूप परिधान, प्रतियोगिताओं के दौरान यात्रा व्यय की भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# संभागायुक्त सुनील जैन ने कार्यभार ग्रहण किया

## निवर्तमान कमिश्नर महादेव कावरे की बिदाई

**बिलासपुर**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। संभाग के नये कमिश्नर सुनील जैन ने काम-काज संभाल लिया। उन्होंने निवर्तमान कमिश्नर महादेव कावरे से पूर्वान्ह में कार्यभार ग्रहण किया। श्री कावरे लगभग 8 महीने तक रायपुर के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार के रूप में बिलासपुर के संभागायुक्त का काम संभाल रहे थे। नये कमिश्नर श्री जैन वर्ष 2009 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इसके पहले वे भौमिकी एवं खनिकर्म विभाग के संचालक थे। संभागीय आयुक्त कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में निवर्तमान कमिश्नर महादेव कावरे को बिदाई एवं नये कमिश्नर सुनील जैन का स्वागत किया गया।




श्री जैन ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में शासन की योजनाओं को पात्र व्यक्ति तक पारदर्शिता पूर्ण तरीके से पहुंचाने में टीम भावना के साथ काम करने की सभी अधिकारियों से अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सकारात्मक मानसिकता और ईमानदारी के साथ जरूरतमंद लोगों के हित में काम करें। अपने मातहत कर्मचारियों के काम-काज पर नियंत्रण रखकर नियमित समीक्षा करते रहें। श्री जैन ने कहा कि विभागों और कर्मचारियों की वाजिब समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। निवर्तमान संभागायुक्त श्री कावरे ने विगत 8 माह में यहां की उपलब्धियों एवं कार्यानुभव को साझा किया। अधिकारी-कर्मचारियों की ओर से महादेव कावरे को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला, सीसीफ प्रभात मिश्रा सहित सभाग स्तरीय अधिकारियों ने भी संभागायुक्त महादेव कावरे के साथ गुजारे गये क्षणों को याद कर इसे अविस्मरीणय बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन डिप्टी कमिश्नर श्रीमती स्मृति तिवारी ने किया। इस अवसर पर कमिश्नर कार्यालय के साथ ही संभाग स्तरीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव एवं अपोलो प्रबन्धन पर हत्या का मामला दर्ज कर सजा दी जाए-कांग्रेस

### मांगों को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**बिलासपुर**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव एवं अपोलो प्रबन्धन के खिलाफ हत्या की धारा के तहत एफआईआर करने एवं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई भी फर्जी डॉक्टर बनकर मरीजो के जीवन से खिलवाड़ न कर सके उक्त मांग को लेकर आज शहर अध्यक्ष विजय पांडेय के साथ एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

प्रतिनिधि मंडल में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, प्रदेश संयुक्त महामंत्री देवेंद्र सिंह, राजेन्द्र साहू,राकेश शर्मा ऋषि पांडेय,समीर अहमद, शिबली मेराज,संध्या तिवारी महेश दुबे, सिद्धांशु मिश्रा, जगदीश कौशिक,शेरू असलम,जावेद मेमन,विनोद साहू,शेख असलम,रामशंकर बघेल,वीरेंद्र सारथी,दिनेश सूर्यवँशी,किशन पटेल,पवन साहू,नीलेश,तरुण यादव ने ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि अप्रैल 2006 से मार्च 2007 तक अपोलो हास्पिटल में डॉ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम कार्यरत थे, जिनकी सभी मेडिकल की डिग्री फर्जी है। इस कालखण्ड में उनके द्वारा पूर्व स्पीकर विधानसभा स्व राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल सहित अन्य 8 लोगो के हार्ट का ऑपरेशन किया गया और शुक्ल जी सहित सभी मरीजो का निधन हो गया। इस घटना को अपोलो प्रबन्धन ने छुपाते हुए उस डॉक्टर को भगाने में मदद की,जब डॉक्टर की डिग्री फर्जी साबित हुआ तो अपोलो प्रबन्धन बिलासपुर द्वारा उस डॉक्टर की नियुक्ति चेन्नई से करने का बयान अखबारों में आया, अपोलो एक प्रतिष्ठित स्वास्थ्य सेवा संस्थान है किंतु एक फर्जी डॉक्टर की नियुक्ति के बाद अपोलो के व्यवहार,विश्वसनीयता सन्दिग्ध है, अपोलो प्रबन्धन ने एक फर्जी डॉक्टर की नियुक्ति करने की दोषी,उस डॉक्टर के ऊपर कानूनी कार्यवाही न कर उसे भागने में मदद की , अपोलो अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करता तो अन्य मरीजो का जान बच सकता था किंतु उसने ऐसा न करके एक गम्भीर साजिश में शामिल रहा।



कांग्रेस कमेटी यह मांग करती है कि अपोलो चेयरपर्सन डॉ प्रताप रेड्डी, पृथा रेड्डी ,एक्सक्यूटिव चैयरपर्सन अपोलो , डॉक्टर मनीष मट्टू ,रीजनल हेड अपोलो ग्रुप , अर्णव राहा ,बिलासपुर अपोलो हॉस्पिटल यूनिट हेड एवं फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमदित्य यादव के विरुद्ध नामजद हत्या की धारा के अंतर्गत एफआईआर करने की मांग की जाती है।

छत्तीसगढ़ सरकार की स्वास्थ्य योजना आयुष्मान कार्ड को अपोलो सहित अन्य निजी हॉस्पिटल में मान्य नही किया जाता जबकि इस योजना से छत्तीसगढ़ की गरीब जनता को लाभ होता है किंतु सरकार की योजनाओ को लागू न करना गरीब जनता के साथ अन्याय है उन्हें उचित स्वास्थ्य लाभ से वंचित करना है साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि अपनी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाए।

अपोलो हॉस्पिटल सहित अन्य हॉस्पिटल में कार्यरत डॉक्टर्स की डिग्री को सार्वजनिक करना ताकि मरीज को पता चल सके कि उसका इलाज एक काबिल डॉक्टर कर रहा है कि नही।

भारत से बड़ी तादात में युवा यूक्रेन, कजाकिस्तान, रसिया सहित अन्य देशो से मेडिकल की डिग्री लेकर भारत आ रहे है पर उनकी डिग्री की वैधतात की की जांच नही हो रही है, जबकि सरकार ने एफएमजीई (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जाम) के प्रावधान है किंतु इस परीक्षा को बिना उत्तीर्ण किये प्रैक्टिस कर रहे है और जान जनता की जा रही है।

अत: उक्त सभी बिंदुओं पर त्वरित कार्यवाही करने की कृपा करें। कांग्रेस कमेटी की मांग पर कार्यवाही नही की जाती है तो 2 मई को ज़िला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण/शहर) द्वारा अपोलो से नेहरू चौक तक स्वास्थ्य न्याय यात्रानिकाली जाएगी एवं नेहरू चौक में एक आम सभा की जाएगी, जिसमे कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व शामिल होगा। इन मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

# पुनर्वास के एवज में भू-विस्थापितों को 3 लाख अतिरिक्त मिलेंगे

## एसईसीएल प्रबंधन के साथ हुई बैठक



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड ने भूविस्थापितों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें मुआवजा, पुनर्वास व स्वरोजगार जैसे कई विषय पर बातचीत हुई। तय किया गया कि पुनर्वास की स्थिति में विस्थापितों को भविष्य में 3 लाख रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। स्व सहायता समूहों को खदानों में आवश्यक कार्य भी दिए जाएंगे।

पिछले दिनों ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा था। जिसके बाद सीएमडी हरीश दुहन, डायरेक्टर तकनीकी (पीपी) एन फ्रेंकलिन जयकुमार, डायरेक्टर पर्सनल बिरंचि दास, जीएम भू-राजस्व, जीएम श्रम शक्ति सहित अन्य सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों की दो चरण में लंबी बैठक हुई। इस दौरान विचार के साथ निर्णय लिए गए। तय हुआ कि परियोजना स्तर पर पुनर्वास कमेटी बनाई जाएगी जो समस्याओं को हल करेगी। कोल इंडिया पालिसी के स्थान पर केंद्रीय पुनर्वास नीति 2013 को लागू करने के लिए पहल की जाएगी ताकि बेहतर पुनर्वास रोजगार की व्यवस्था किया जा सकेगा। छोटेखातेदार और अर्जन के बाद जन्म ,पुराने रोजगार के लंबित मामलों के निराकरण के लिए लीगल ओपिनियन के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी। वन एवं शासकीय भूमि पर निर्मित मकानों एवं सामूहिक अधिकार दिलाने के लिए टीम द्वारा जांच कराई जाएगी तथा अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। भूविस्थापित व प्रभावितों के लिए आउटसोर्सिंग कंपनियों में 80 प्रतिशत भर्ती के लिए एनआईटी में संशोधन किया जाएगा। जिला खनिज न्यास मद की राशि को प्रभावित ग्रामो में पंचायत के माध्यम से कराए, जाने के लिए एसईसीएल जिला प्रशासन को प्रस्ताव बनाकर भेजेगी। अमगांव के रोजगार से वंचित लोंगो को 5 लाख दिलाने के लिए क्षेत्र स्तर पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी। मूल किसानो के मुआवजा में कटौती नही की जाएगी, कट ऑफ डेट के बाद बने मकानों के मुआवजा निर्धारण में मूल किसानो को नुकसान नहीं होगा। बैठक में सपुरन कुलदीप, लक्ष्मी चौहान, विजयपाल सिंह ठाकुर, रुद्र दास महंत, अनुसुईया राठौर, सन्तोष चौहान, बसन्त कुमार कंवर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पीएम आवास में मनमानी भारी पड़ी, 6 आवास मित्र बर्खास्त

कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के 6 आवास मित्रों की सेवाएं समाप्त की गई हैं। इसके साथ ही योजना के कार्यों में न्यून प्रगति होने पर 13 आवास मित्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

सीईओ जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के द्वारा समीक्षा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले तथा कार्यों में न्यून प्रगति और लापरवाही बरतने वाले आवास मित्र शत्रुहन सिंह क्लस्टर आमाटिकरा, पुरुषोत्तम सिंह क्लस्टर जामकछार, सरवन कुमार क्लस्टर कोड़गार, दिनेश कुमार क्लस्टर नवापारा, कुमारी नीलावती क्लस्टर पोड़ी खुर्द, कुमारी सुलक्षणा क्लस्टर पिपरिया को आवास मित्र के पद से तत्काल सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इसके साथ मनहरण दास क्लस्टर मल्दा, को पंच निर्वाचित होने पर तथा लेखराम अहीर क्लस्टर चंद्रौटी को उपसरपंच निर्वाचित होने पर आवास मित्र के पद से तत्काल सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

इसके साथ ही आवास के कार्यों में न्यून प्रगति वाले 13 आवास मित्रों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। याद रहे कलेक्टर अजीत वसंत ने 18 अप्रैल को जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के सद्भावना भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की वृहद समीक्षा बैठक ली थी। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए थे कि प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में प्राथमिकता दी जाए। आवास के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आवास के कार्यों में लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### कोसाबाड़ी मंडल ने दी श्रद्धांजलि, आतंकवाद का पुतला जलाया



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कोसाबाड़ी भाजपा मंडल ने नेताजी चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए आतंकवाद का पुतला जलाया और आतंकवादियों की गोलियों से शहीद हुए 28 पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के दौरान दीप प्रज्वलित कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। सभा को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर सहित अन्य वक्ताओं ने इस अमानवीय कृत्य की कठोर निंदा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार धर्म पूछकर निर्दोष लोगों की हत्या करना आतंकवाद का घिनौना चेहरा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर आतंकवाद के प्रतीक स्वरूप पुतले का दहन कर आतंकवाद और उसके समर्थकों के प्रति तीव्र विरोध प्रकट किया गया। उपस्थित लोगों ने भारत सरकार से मांग की कि दोषियों को शीघ्र चिन्हित कर सख्त से सख्त सज़ा दी जाए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कठोर कदम उठाए जाएं।

### राष्ट्र गौरव अवार्ड से सिन्हा सम्मानित



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिन्हा को ब्रिज लोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी फतेहपुर आगरा द्वारा वर्ष 2025 राष्ट्रीय अवार्ड डॉ. भीमराव अंबेडकर राष्ट्र गौरव अवॉर्ड छत्तीसगढ़ में समाज सेवा के लिए प्रदान किया गया है, अकादमी आगरा के अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ऋषि वर्मा द्वारा विनोद सिन्हा को अवार्ड लेने हेतु आगरा आमंत्रित किया गया था लेकिन सिन्हा द्वारा अवार्ड लेने हेतु आगरा जाने में असमर्थता व्यक्त करने पर संस्थान ने डाक पार्सल द्वारा प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र तथा मेडल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राष्ट्र गौरव अवॉर्ड भेजा गया है।

### गोपालपुर के समीप जंगल में लगी आग



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जिलान्तर्गत गोपालपुर चोरभट्टी के पास स्थित आईटीआई के पीछे जंगलों में दोपहर के वक्त एकाएक आग लग गई जिसने धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर लिया। गर्मी का मौसम होने से आग तेजी से जंगल में फैलने लगी। जिससे दूर से धुआ उठता नजर आ रहा था। यही पास में आइओसीएल का तेल और गैस का भंडारण गृह होने से क्षेत्र संवेदनशील माना जाता हैं। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया।

### सामाजिक सरोकार दिखाए कुसमुंडा पुलिस ने



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। भीषण गर्मी के दौरान परेशान राहगीरों को शुद्ध व ठंडा पेयजल उपलब्ध कराते हुए मौसम की मार से बचाने सर्वमंगला चौक पर जिला पुलिस ने प्याऊ घर शुरू किया है। सीएसपी दर्री विमल पाठक व कुसमुंडा टीआई निरीक्षक रूपक शर्मा ने राहगीरों को पानी पिलाकर व छायादार पौधा वितरण कर प्याऊ घर का शुभारंभ किया। इस दौरान सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी भी मौके पर मौजूद थे।

# नेक्स्ट जेन ई हास्पिटल शुरू करें : स्वास्थ्य सचिव



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा का निरीक्षण कर केंद्र में मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, प्रसुती वार्ड, प्रयोगशाला, एक्सरेकक्ष, टीकाकरण कक्ष, फार्मेसी, स्टोर, ऑपरेशन थियेटर, धन्वन्तरी जेनेरिक दवा दुकानोंसहित पूरे परिसर का अवलोकन कर संधारित रिकार्ड के संबंध में जानकारी लिए। श्री कटारिया द्वारा भर्ती मरीजों से अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली गई। चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार एवं बेहतर देखभाल करने का निर्देश दिया।

सचिव श्री कटारिया स्वास्थ्य द्वारा चिकित्सालयों में नेक्स्टजेन ई हॉस्पिटल को सुचारू रूप से सचालित करने के निर्देश दिए, गए गया एवं कोरबा जिले में डीएमएफ से विशेषज्ञ चिकित्सक, दंत चिकित्सक, स्टाफ नर्स, लैब टैक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन तथा चतुर्थ श्रेणी जैसे मानव संसाधन की नियुक्तिएवं अन्य विकास कार्यों के प्रति सराहना व्यक्त की इस दौरान संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर के संयुक्त संचालक डॉ. एस. के. पामभोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# आग लगने पर क्या करें, न्यू ऐरा के छात्रों ने जाना



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा सेंट्रल एवं जेसीरेट विंग के संयुक्त तत्वाधान में 22 अप्रैल को न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल, रामपुर में फायर एवं इमरजेंसी रेस्पॉस प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्कूली छात्रों को आगजनी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में सही प्रतिक्रिया देने हेतु जागरूक एवं सक्षम बनाना था। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का संचालन कोरबा की विशेष प्रशिक्षित अग्नि-शमक दल-डीडीआरएफ टीम द्वारा किया गया।

संस्था के सचिव सीए. अंकित अग्रवाल ने बताया कि, कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम निदेशक जेसी हर्ष गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य श्रीनिवास राव ने इस कार्यक्रम की सराहना की। प्रशिक्षण में डीडीआरएफ टीम ने सबसे पहले विद्यार्थियों को आग लगने के कारणों, बचाव के तरीकों एवं आपातकालीन स्थितियों से निपटने के बुनियादी सिद्धांतों की जानकारी दी। तत्पश्चात, गैस सिलेंडर, अग्निशामक यंत्रों एवं अन्य उपकरणों की सहायता से रियल-टाइम प्रदर्शन (प्रैक्टिकल) देकर आग पर काबू पाने की तकनीक सिखाई गई। कार्यक्रम के सह-निदेशक मोहित सिंघल, सीए मोरध्वज गर्ग, जेसीआई के अध्यक्ष सीए अभिषेक अग्रवाल, जेसिरेट अध्यक्षा सीए आयुषी अग्रवाल, उपाध्यक्ष आयुष अग्रवाल, प्रियम अग्रवाल, कपिल विश्वकर्मा, हेमंत अग्रवाल, डॉ. ज्योति बाला, सोनम अग्रवाल, समृद्धि गुप्ता सहित अन्य जेसी सदस्य उपस्थित रहे।

# गेवरा रोड से चलाए रेलगाड़ियां, परेशान हो रहे लोग



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। भिलाईबाजार निवासी समाजसेवी प्रदीप जायसवाल ने गेवरा रोड रेलवे स्टेशन कोरबा से सभी पैसेंजर ट्रेन परिचालन करने संबंधी ज्ञापन रेल व संचार मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रेषित किया है। प्रदीप जायसवाल ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि गेवरा रोड से सभी पैसेंजर ट्रेन परिचालन के संबंध में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल को पूर्व में पत्र प्रेषित किया गया था, लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है। कोविड से पहले पांच यात्री गाड़ियों का परिचालन हो रहा था, जिसमें पहली गाड़ी सुबह 5:45, दूसरी गाड़ी सुबह 8 बजे, सुबह 11 बजे व शाम 6 बजे में राजधानी रायपुर व अन्य जगहों के लिए थी, जो कि वर्तमान में बंद हो गई है। अब केवल एक ही गाड़ी दोपहर 1:30 बजे चल रही है, जिससे राजधानी रायपुर एवं न्यायालयधानी बिलासपुर जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गेवरा रोड से लगे नगर पंचायत दीपका, बांकीमोंगरा, हरदीबाजार एवं ग्राम पंचायत भिलाईबाजार, केसला, सलोरा, बीरदा एवं 20 से 30 पंचायत का गेवरा रोड से पैसेंजर भटक रहे हैं।

# ओडीसा फेस्टिवल में चमके पॉवर सिटी के सितारे



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। ओड़ीसा के जगन्नाथ संस्कृति यूनिवर्सिटी जगन्नाथपुरी में आल इण्डिया उड़ीसा फेस्टिवल आर्ट एण्ड कल्चर आयोजित हुआ। विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी इसमें शामिल हुए। विभिन्न विधाओं में कोरबा की प्रतिभाएं छाई रही जिन्होंने अपने शारदार प्रदर्शन से कोरबा का नाम रौशन किया। मेयर संजूदेवी राजपूत ने इन्हें सम्मानित किया।

सम्मानित छात्र कोरबा के सेंट विंसेन्ट पालोटी स्कूल से जुड़े हुए हैं। संगीत शिक्षक कन्हैया वैष्णव ने बताया कि प्रतियोगिता में गायन, वादन, नृत्य को शामिल किया गया। डेढ़ हजार छात्र इसमें शामिल हुए। हमारे विद्यालय के 14 छात्रों कु.अनीषिका महंत, आराध्य वर्मा, विराट सिंह राठौर एवं लिटिल स्टार स्कूल के धर्मेश वैष्णव एवं श्रेयश वैष्णव ने अपनी उत्कृष्ट गायन कला का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय संगीत एकल में धर्मेश वैष्णव प्रथम स्थान पर रहे, वहीं सुगम संगीत एकल महिला श्रीमती मधुमिता घटक तथा सुगम संगीत एकल पुरुष में अमन कुमार टोप्पो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं लोकनृत्य में निहारिका राम द्वितीय स्थान पर रहीं। कथकनृत्य में कु.महिमा झरबड़े एवं समाद्रिता चक्रवर्ती द्वितीय स्थान पर रहीं, शास्त्रीय संगीत में श्रीमती पिंकी वैष्णव द्वितीय स्थान पर एवं समूह नृत्य में निहारिका, महिमा, समाद्रिता व एनी पीटर तृतीय स्थान प्राप्त किया। दुबई में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु कोरबा से धर्मेश वैष्णव, मधुमिता घटक, अमन टोप्पो का चयन किया गया है।

## 54वां केंद्रीय विद्यालय संगठन-रायपुर संभागीय स्तर खेलकूद प्रतियोगिता



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। 54वीं संभाग स्तरीय केंद्रीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता विद्यालय क्रमांक 3 कुसमुंडा में आयोजित की गई है। गुरुवार को इसका शुभारंभ एसईसीएल के महाप्रबंधक और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एस. टी. पाटील ने किया। डॉ. नीतूमणी दास सीएमओ विशिष्ट अतिथि थी। इस अवसर पर खो-खो का प्रथम मैच केंद्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा और केंद्रीय विद्यालय झगराखंड के बीच में हुआ। आयोजन के तहत खो-खो प्रतियोगिता आयु वर्ग 14 और 17 की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिस्पर्धा 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक लगातार चलेगी। इस प्रतियोगिता में आयु वर्ग 14 में 82, और आयु वर्ग 17 में 82 विद्यार्थी शामिल हुए। इन विद्यार्थियों को 17 अनुरक्षक के द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इन विद्यार्थियों के रहने खाने की पूरी व्यवस्था विद्यालय में की गई है। मुख्य अतिथि ने भी अपने आशीर्वाद उद्बोधन में खेल के महत्व और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य बताया। इस खेलकूद के आयोजन में खेलकूद शिक्षक आरके प्रधान की मुख्य भूमिका रही।

### एचएसआरपी के लिए शिविर से पहले बैठक ली डीटीओ ने



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने हेतु अनुबंधित कंपनी रियलमेजोन के साथ 24 अप्रैल को जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा की बैठक सपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों में तेजी के साथ हाई सिक्योरिटी प्लेट (एचएसआरपी) लगाने हेतु विभिन्न स्थानों कलेक्टर परिसर, नगर निगम, जिला परिवहन कार्यालय, बालको प्लांट परिसर एवं जमनीपाली क्षेत्रों में शिविर का आयोजन कर एचएसआरपी लगाने का कार्य किया जावेगा। वाहन स्वामी के पंजीकृत वाहनों में मोबाईल नंबर अपडेट करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय में 10 काउंटर खोले गये हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने दी जा रही है सुविधाओं का लाभ लेते हुए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने एवं मोबाइल नंबर अपडेट कराने की अपील जिलावासियों से की है।

### आतंकी ताकतों का फन कुचल रही मोदी सरकार



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सैय्यद रियाज (फिरोज) ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवदियों के द्वारा अंजाम दिए गए नरसंहार की निंदा की है। उन्होंने इसे कायराना हरकत बताते हुए कहा है कि गंगा-जमुनी तहजीब वाले भारत में यह नफरत फैलाने वाली साजिश है जिसने 26 से अधिक परिवारों की खुशियाँ छीन ली। इस आतंकवाद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ देश के जाबांज जवान मुहतोड़ जवाब देंगे, आतंक के सरपरस्तों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। रियाज ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और इंसानियत के दुश्मन आतंकी ताकतों को संरक्षण देता आ रहा है लेकिन भारत इनसे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। रियाज ने पाकिस्तान के विरुद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाये गए कदम और निर्णयों पर कहा है कि इससे भी कठोर कदम उठाए जाने की जरूरत है ताकि आतंकी नापाक हरकतों से पहले 10 बार जरूर सोचें।

### जरूरत का सहारा बनी महतारी वंदन योजना मीरा के लिए



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के अंतर्गत लखनपुर ग्राम पंचायत में रहने वाली मीरा बाई को अपने खर्च के लिए हर महीने पैसे की जरूरत पड़ती थी। घर पर कुछ बकरियां पालन करके वह अपना गुजारा चलाने की कोशिश तो करती है, पर विपरीत परिस्थितियों के बीच जब पैसे की आवश्यकता होती थी तब उन्हें कोई मदद नहीं करता था। ऐसी परिस्थितियों में महतारी वंदन योजना से मिल रहा एक हजार की राशि उनके घर की अनेक जरूरतों को पूरा करती है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत लाखनपुर की रहने वाली मीरा बाई ने बताया कि उनके लिए एक हजार की राशि बड़ी राशि है।

गांव में किसी महिला को एक हजार हर माह मिलना बहुत बड़ी बात है, इससे उन्हें भरोसा रहता है कि जरूरत के समय वह एक हजार रूपए का उपयोग कर सकती है।

### स्थायी शिक्षा समिति की बैठक 28 को

कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पंचायत कोरबा की स्थायी शिक्षा समिति की बैठक 28 अप्रैल को अपरान्ह 2 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

## बाबा साहब अंबेडकर सम्मान अभियान 27 अप्रैल को



कोरबा-पाली, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पोड़ी लाफा में बाबा साहब अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम किया जाएगा। 27 अप्रैल को यह आयोजन होगा। भाजपा जिला मंत्री अजय जायसवाल तैयारी में लगे है। इस दौरान लोगों को बताया जा रहा है कि कांग्रेस अम्बेडकर को सिर्फ वोट बैंक के रूप इस्तेमाल कर रही है और संविधान की प्रतियां लेकर समाज में झूठ और भ्रांतियां फैलाने का कार्य कर रही है, जिला भाजपा मंत्री एवं नए अध्यक्ष पाली अजय जायसवाल पोड़ी लाफा मंडल के निवासी प्रताप सिंह जगत,चंदन सिंह श्याम,राम इतवार सारथी,शिव रतन राम बंजारे,चतुर सिंह तंवर आदि के निवास स्थान जाकर न्यौता दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष पोड़ी लाफा मंडल विपिन कौशिक,भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा, जनपद सदस्य सुरेश निषाद, रमाशंकर जायसवाल, राकेश जायसवाल, पप्पू सारथी, सतेंधर कश्यप, राममोहन आदि उपस्थित थे।

### 27 को अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी



कोरबा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। उरगा मंडल में घर-घर जाकर समाज के लोगों से मुलाकात की और उन्हें 27 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। यह संगोष्ठी बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ उनके विचारों, सिद्धांतों और समाज सुधार की प्रेरणादायक शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और अध्यक्षता मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे।

# सार-संक्षेप

## मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप 2025- आवेदन प्रक्रिया शुरू, जानें योग्यता और लाभ




**एमसीबी ,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन को बढ़ावा देने के लिए लगातार नवाचार और प्रभावी नीतियों पर जोर दे रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस फेलो योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना का उद्देश्य राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को गवर्नेंस के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर एक दक्ष एवं उत्तरदायी प्रशासनिक पीढ़ी तैयार करना है। योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर के साथ मिलकर पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करेगी। फेलो को शासन के विभिन्न विभागों में प्रायोगिक प्रशिक्षण का अवसर भी मिलेगा। मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप छत्तीसगढ़ सरकार की प्रमुख पहल है जिसकी घोषणा नवंबर 2024 में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा की गई थी।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पेशेवरों को शासन और नीति कार्यान्वयन में योगदान देना, प्रशासनिक दक्षता और प्रभाव को बढ़ाने के लिए आकर्षित करना है। इसके माध्यम से शासन की कार्यप्रणाली में दक्षता एवं पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही युवाओं को शासन, एनजीओ, थिंक टैंक एवं निजी क्षेत्र के साथ समन्वय में कार्य कर गवर्नेंस सुधार की दिशा में योगदान देने का अवसर प्राप्त होगा। आवेदक छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी, अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए। बैंक खाता और आधार मोबाइल नंबर से लिंक होना चाहिए। प्रवेश के लिए कैट परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाएगा।

## ग्राम ताराबहरा में जल संरक्षण हेतु ग्रामसभा का ऐतिहासिक संकल्प, प्रत्येक घर में बनेगा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम



**एमसीबी ,** 24 अप्रैल (देशबन्धु) ।कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत ताराबहरा, जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ में एक विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस ग्रामसभा में जल संरक्षण को लेकर एक ऐतिहासिक और सर्वसम्मत संकल्प पारित किया गया। ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि गांव के प्रत्येक घर में वर्षा जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) की संरचना बनाई जाएगी, जिससे बहुमूल्य वर्षा जल व्यर्थ न बहे। साथ ही, जल के महत्व को समझते हुए गांव में जनजागरूकता फैलाने का भी निश्चय किया गया। ग्रामसभा ने यह भी तय किया कि पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे कुएँ, बावड़ी, तालाब आदि की नियमित सफाई एवं संरक्षण को सभी ग्रामवासी अपना नैतिक कर्तव्य समझेंगे। जल संरक्षण से जुड़े हर कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाने और अगली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए निरंतर जागरूकता फैलाने का भी संकल्प लिया गया। ग्रामसभा के सभी सदस्यों ने यह जिम्मेदारी भी ली कि वे स्वयं, सार्वजनिक एवं शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना की निगरानी करेंगे। यदि किसी संरचना में कोई समस्या होगी, तो उसकी जानकारी संबंधित विभाग को तत्काल दी जाएगी। इस सराहनीय संकल्प में ग्राम सभा के सदस्य मनी सिंह, अवधेश कुमार, नकुल देव, राजेंद्र द्विवेदी, शिवप्रसाद, कल्याण सिंह, राजेश साहू, दुर्गा रामसकल, लक्ष्मण, संतोष और भुवनेश्वर कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। गौरतलब है कि इस संकल्प के अनुसार जिले में जनपद पंचायत वार फाइल फोल्डर तैयार कर विशेष वाहक द्वारा 25 अप्रैल को जनपद स्तर पर, 26 अप्रैल को जिला स्तर पर, और 28 अप्रैल को संचालनालय को संकलित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही, संकल्प लेने वाले सभी व्यक्तियों के फोटोग्राफ भी प्रपत्र के साथ संलग्न कर भेजे जाएंगे।

## सुशील रामदास व राजेश अग्रवाल नेतृत्व में टीम द्वारा किए गए कार्यों के कारण मिली जीत

रायगढ़ 23 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास और चैंबर के पूर्व मंत्री राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में चलाए गए जनसंपर्क अभियान और रणनीति के चलते एकता पैनल के प्रत्याशी शक्ति अग्रवाल को प्रदेश मंत्री पद पर जीत मिली है। इस जीत को रायगढ़ चैंबर की टीम और व्यापारी समुदाय के सहयोग की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

सुशील रामदास और राजेश अग्रवाल ने इस सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी टीम द्वारा व्यापारी बंधुओं के बीच किए गए निरंतर संपर्क और पूर्व कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के आधार पर व्यापारी समुदाय ने शक्ति अग्रवाल को भरपूर समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने मेहनत से व्यापारियों तक पहुंच बनाई और उनके विश्वास को जीता। इस जीत के लिए हम सभी व्यापारी बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

### जनसंपर्क अभियान और रणनीति

चैंबर की टीम ने शक्ति अग्रवाल के चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाई। सुशील रामदास और राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें उनके मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। चैंबर के पूर्व कार्यकाल में किए गए अनुपम कार्यों और व्यापारी हितैषी नीतियों को भी चुनावी रणनीति का हिस्सा बनाया गया। इसके अलावा, सोशल मीडिया और स्थानीय जनसम्पर्क के माध्यम से भी जनसमर्थन जुटाने में सफलता मिली।

### व्यापारी समुदाय का सहयोग

इस चुनाव में व्यापारी समुदाय ने बड़ी संख्या में शक्ति अग्रवाल को समर्थन दिया। चैंबर के नेताओं ने व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें शक्ति अग्रवाल के एजेंडे से अवगत कराया। इसके परिणामस्वरूप, व्यापारियों ने एकजुट होकर उन्हें जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भविष्य की योजनाएं

चैंबर के नेताओं ने कहा कि यह जीत व्यापारी समुदाय के हितों को और मजबूती से उठाने का अवसर है। सुशील रामदास व शक्ति अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापार और उद्योग जगत को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि चैंबर की टीम प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

# पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

## भाजपाईयों ने मौन रखा तो कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकाला



रायगढ़ 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर रायगढ़ में भाजपा व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध जताया। भाजपा ने मौन सभा कर 2 मिनट का मौन धारण किया, तो कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

बुधवार की शाम जिला भाजपा कार्यालय से भाजपा नेता व कार्यकर्ता पाकिस्तान व आंतकवाद के खिलाफ नारे लगाते हुए महात्मा गांधी चैक पर पहुंचे। जहां भाजपा नेताओं ने पाकिस्तान के घुसपैठियों का इसे कायरना हरकत बताया और कहा कि पूरे देशवासियों में इस हमले को लेकर काफी गुस्सा है। इस दौरान भाजपा नेताओं ने हमले में शहीद हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन धारण किया।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध जताया। कांग्रेस कमेटी से कैंडल मार्च निकालकर कांग्रेसी महात्मा गांधी चैक पहुंचे। जहां उन्होंने इस हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही कांग्रेसियों ने इस घटना की निंदा की है।

प्रदेश भाजपा समिति के सदस्य गुरूपाल भल्ला ने कहा कि आज पाकिस्तान के घुसपैठियों के द्वारा 28 लोगों को शहादत दी गई है। मैं इस पाकिस्तान को व पूरे देशवासियों को बताना चाहता हूं कि जैसे पूर्व में पाकिस्तान के द्वारा दहशतगर्दी दिखाई गई थी। जिसका हिंदुस्तान की सेना के द्वारा मुहंतोड़ जवाब दिया गया था। इस दहशतगर्दी का भी जवाब हमारी सेना द्वारा दिया जाएगा और उन्होंने कहा कि हम सब भारतवासी हमारी सेना के साथ हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा कि पहलगाम में जो आतंकी घटना हुई है, जिसमें पर्यटकों को आतंकवादियों ने गोलियों से मारा है। यह उनका कायरना हरकत है। जिसका विरोध जताया जा रहा है। इस घटना में जिन पर्यटकों की जान गई है उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धाजंलि देने उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस इस घटना की निंद करती है।

# संकाय सदस्य की होगी भर्ती,10 मई तक कर सकते हैं आवेदन

## जिला पंचायत संसाधन केंद्र के लिए होना है नियुक्ति

**कोरिया ,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़ विकास भवन, नवा रायपुर अटल नगर नवा रायपुर के आदेशानुसार जिला पंचायत कार्यालय, कोरिया से मिली जानकारी के तहत 'राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना (आरजीएसए) के अनुसार' जिला पंचायत संसाधन केन्द्र' (डीपीआरसी) के लिये संकाय सदस्य के स्वीकृत संविदा पद की भर्ती हेतु जारी मार्गदर्शिका में वर्णित प्रावधानों के तहत संविदा नियुक्ति हेतु इच्छुक व निर्धारित अर्हता व योग्यता रखने वाले छत्तीसगढ़ के मूल निवासी उम्मीदवारों से 10 मई 2025 के सायं 5.30 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र वांछित अर्हता व योग्यता की स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों सहित आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया (छ.ग.) के पते पर केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त होने पर ही स्वीकार किये जायेगे, व्यक्तिगत रूप से या विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा। रिक्त पदों हेतु आवश्यक शैक्षणिक अहर्ता, उम्र, वेतन आदि की जानकारी तथा आवेदन पत्र का प्रारूप अथवा जिला पंचायत कार्यालय, कोरिया के सूचना पटल पर कार्यालयीन दिवस व समय पर देखा जा सकता है।

# रात की रोशनी बन रही खतरे की घंटी

## हाई बीम से बढ़ रही दुर्घटनाएं

रायगढ़ 24 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रैफिक विभाग और नागरिकों को मिलकर सड़क सुरक्षा को लेकर अधिक संवेदनशील और जागरूक होने की आवश्यकता है। विशेष रूप से रात्रिकालीन समय में वाहन चालकों द्वारा अनुचित रूप से हाई बीम का उपयोग कई बार गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है।

रायगढ़ शहर और आसपास के क्षेत्रों में हाल ही में कई ऐसे सड़क हादसे सामने आए हैं जिनमें हाई बीम की रोशनी से सामने आने वाले वाहन चालकों को कुछ क्षणों के लिए अंधता जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। इसके परिणामस्वरूप गड्ढे, मोड़, वाहन या पैदल यात्री समय रहते दिखाई नहीं देते और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

### हाई बीम व लो बीम का समझदारी से उपयोग जरूरी

हाई बीम की रोशनी लंबी दूरी तक पहुंचती है और इसका इस्तेमाल केवल हाइवे या खुले, कम ट्रैफिक वाले मार्गों पर किया जाना चाहिए, जहाँ सामने से कोई वाहन न आ रहा हो। वहीं, शहर, बाजार और ट्रैफिक वाले इलाकों में लो बीम का उपयोग करना आवश्यक है ताकि सामने से आ रहे वाहन चालकों की दृष्टि प्रभावित न हो।

### पास लाइट का भी करें सही उपयोग

अक्सर देखा गया है कि वाहन चालक 'पास लाइट' के महत्व को नहीं समझते। पास लाइट का उपयोग सामने से आ रहे वाहन को संकेत देने या ओवरटेक करने के लिए किया जाता है। इसका उपयोग सतर्कता बढ़ाने और संभावित टकराव से बचने के लिए बेहद जरूरी है।

### जन-जागरूकता की जिम्मेदारी हम सभी की

यह हर वाहन चालक का नैतिक दायित्व है कि वे अपनी ड्राइविंग आदतों से दूसरों की सुरक्षा को खतरे में न डालें। ट्रैफिक नियमों का पालन केवल दंड से बचने के लिए नहीं, बल्कि सामूहिक सुरक्षा और सभ्य नागरिकता का प्रमाण है।

ट्रैफिक विभाग को चाहिए कि शहर में विशेष अभियान चलाकर हाई बीम और लो बीम के सही उपयोग पर जन-जागरूकता अभियान शुरू करे। इसके अंतर्गत ड्राइवरों को प्रशिक्षित करना, सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर लगाना, सोशल मीडिया और स्थानीय समाचार माध्यमों के जरिए संदेश प्रसारित करना प्रभावी हो सकता है।

निष्कर्षत:, सड़क सुरक्षा केवल ट्रैफिक पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक वाहन चालक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। यदि हम सभी इस छोटी सी आदतकृसही समय पर हाई बीम और लो बीम का प्रयोगकृको अपनाएं, तो न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी बल्कि शहर में सुरक्षित यातायात प्रणाली की दिशा में एक ठोस कदम भी होगा।

# बाइक चोरी के अंतर जिला गिरोह का एक और आरोपी गिरफ्तार, चार और बाइकें जब्त



रायगढ़ 24 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर में सक्रिय बाइक चोर गिरोह के एक और सदस्य की गिरफ्तारी से पुलिस ने चार और चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। साइबर सेल और चक्रधरनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए आरोपी दीपक बरेठ से चोरी की ये बाइकें एफसीआई गोदाम परिसर, काशीराम चैक से जब्त की गईं, जिनकी कुल कीमत लगभग ढाई लाख रुपये है। यह गिरोह रायगढ़ समेत कई जिलों में सक्रिय था और अब तक कुल 20 मोटरसाइकिलें बरामद कर ली गई हैं।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश पर चल रही इस विशेष अभियान में 4 अप्रैल को ही पुलिस ने गिरोह के चार सदस्योंकृअजय कुमार कोसले, विष्णु कोसले, मनोज देवांगन और हृदय देवांगन को गिरफ्तार कर 16 बाइकें बरामद की थीं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया था कि वे शहर के पुसौर, खरसिया, जूटमिल, कोतवाली और चक्रधरनगर थाना क्षेत्रों से बाइक चोरी कर उन्हें सारंगढ़ और महासमुंद के खरीदारों को 10 से 12 हजार रुपये में बेचते थे। इसी गिरोह से जुड़े दीपक बरेठ का नाम भी आरोपियों के कबूलनामे में सामने आया था, जो तब फरार था। 21 अप्रैल को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने उसे कबीर चैक क्षेत्र से दबोचा। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अजय और विष्णु के साथ बाइक चोरी करता था और चोरी की 4 बाइकें अब तक न बेच पाने के कारण एफसीआई गोदाम परिसर में छिपाकर रखी थीं। आरोपी का पुलिस रिमांड लेकर पुलिस ने विवेचना, बरामदगी कार्यवाही की। बरामद बाइकों में हीरो एचएफ डिलक्स, सीडी 100 एसएस, होंडा साइन जैसी गाड़ियां शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 2,50,000 रुपये है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि यह गिरोह संगठित रूप से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। इसी आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(2) संगठित अपराध, 317(2) और 317(4) चोरी संपत्ति की खरीदी-बिक्री के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी दीपक बरेठ पिता कंगालू बरेठ 32 साल कबीर चैक थाना जूटमिल रायगढ़, जो पूर्व में दुष्कर्म के मामले में लंबे समय तक जेल काट चुका है और जुआ एक्ट में भी कई बार पकड़ा जा चुका है, को थाना चक्रधरनगर के अपराध क्रमांक 61ध2025 में न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। डीएसपी अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में इस कार्रवाई को थाना प्रभारी रविंद्र गुप्ता की सक्रिय टीम ने अंजाम दिया।

# रायगढ़ में मवेशी तस्करी का भंडाफोड़

## जूटमिल पुलिस ने चार आरोपियों से नौ कृषिधन मवेशी कराए मुक्त



रायगढ़ 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जूटमिल थाना क्षेत्र में सक्रिय मवेशी तस्करों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो नौ कृषिधन मवेशियों को क्रूरता से मारते-पीटते बूचड़खाने की ओर ले जा रहे थे। गौ सेवा समिति के प्रमुख पदाधिकारी बृजेश यादव एवं अन्य सदस्यों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में मवेशियों को मुक्त कराकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।

घटना 22 अप्रैल की सुबह की है, जब छातामुड़ा चैक पर चार व्यक्ति चंद्रपुर की ओर से रायगढ़ शहर की दिशा में मवेशियों को पैदल हांकते हुए ले जा रहे थे। गौ सेवा समिति के सदस्यों ने देखा कि मवेशियों के साथ क्रूरता की जा रही है और लाठियों से पीट-पीटकर उन्हें जबरदस्ती खींचा जा रहा है। इसकी जानकारी तुरंत जूटमिल थाना पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को घेराबंदी कर रोका। पूछताछ के दौरान जब मवेशी परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे गए, तो चारों आरोपियों के पास कोई वैध कागजात नहीं पाए गए। इस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ अपराध के तहत छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 और पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने जप्त मवेशियों की पशु चिकित्सक से जांच कराई और उनके चारे-पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की। वहीं आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया गया है। इस संयुक्त कार्रवाई में पुलिस के साथ गौ सेवा समिति के सदस्यों की तत्परता और सक्रियता ने बड़ी भूमिका निभाई, जिससे एक संभावित अवैध मवेशी वध की साजिश को विफल कर दिया गया।

# पहचान छिपाकर रह रहे 37 व्यक्तियों की गिरफ्तारी

## रायगढ़ में पुलिस का विशेष अभियान



रायगढ़ 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में बाहर से आकर पहचान छिपाकर रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश पर जिलेभर में विशेष मुसाफिर जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पूंजीपथरा और कोतवाली थाना क्षेत्र में 37 व्यक्तियों की पहचान जांचकर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

अक्सर दूसरे जिलों में अपराध कर अपराधी तत्व रायगढ़ जैसे शांत क्षेत्रों में छिपकर रहते हैं और यहां भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। इसे देखते हुए पुलिस समय-समय पर इनकी छानबीन करती है। बुधवार को थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में अलग-अलग क्षेत्रों में रह रहे 19 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पुलिस कंट्रोल रूम लाया गया। उनके आधार कार्ड व अन्य पहचान पत्रों के साथ फिंगरप्रिंट भारत सरकार के नेफिस और नेटग्रिड सॉफ्टवेयर में अपलोड किए गए, जिससे उनके आपराधिक रिकार्ड की जांच हो सके। इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि सभी 19 व्यक्ति रायगढ़ में लंबे समय से पहचान छिपाकर रह रहे थे। इस पर पुलिस ने सभी पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए धारा 128 तथा पृथक से धारा 170ध126, 135(3) के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। इसी तरह थाना कोतवाली अंतर्गत थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में विभिन्न इलाकों में रह रहे 18 ऐसे व्यक्तियों को थाने तलब किया गया जिन्होंने पूर्व में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराई थी। जांच में पहचान छिपाकर रहना प्रमाणित होने पर इन्हें भी समान धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया में प्रस्तुत किया गया। कोतवाली और पूंजीपथरा थाने की कार्रवाई में पकड़े गए व्यक्तियों में अधिकांश पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, मालदा जिले के रहने वाले हैं, जो रायगढ़ के चक्रधरनगर, पूंजीपथरा, गेरवानी, उर्दना व भैंसाकोठा जैसे इलाकों में अलग-अलग किराये के मकानों में रह रहे थे। रायगढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के विशेष जांच अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे ताकि जिले में बाहरी आपराधिक तत्वों की घुसपैठ को रोका जा सके।

# कर्मचारियों को जीपीएफ राशि का अंतिम भुगतान ऑनलाईन

## जीपीएफ फाईनल पेमेंट सिस्टम के माध्यम से करने के संबंध में निर्देश जारी

**अम्बिकापुर ,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा राज्य के शासकीय सेवकों को सामान्य भविष्य निधि राशि का अंतिम भुगतान ऑनलाईन जीपीएफ फाईनल पेमेंट सिस्टम के माध्यम से करने के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं। जिसके अनुसार सामान्य भविष्य निधि अभिदाता के सेवानिवृत्ति तिथि से 03 माह पूर्व सामान्य भविष्य निधि अंतिम भुगतान प्रकरण ऑनलाईन कार्यालय महालेखाकार को प्रेषित करना अनिवार्य होगा एवं यदि सामान्य भविष्य निधि अंतिम भुगतान प्रकरण पर महालेखाकार कार्यालय द्वारा ऑनलाईन आपत्ति दर्ज की जाती है तो ऐसी आपत्ति का निराकरण कार्यालय प्रमुख द्वारा 15 दिवस के भीतर किया जाना आवश्यक होगा।

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़ द्वारा अवगत कराया गया है कि कार्यालय महालेखाकार द्वारा सामान्य भविष्य निधि अंतिम भुगतान प्रकरणों में दर्ज ऑनलाईन आपत्ति का निराकरण संबंधित आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा समयावधि में नहीं किया जा रहा है, साथ ही सेवानिवृत्ति तिथि से 03 माह पूर्व सामान्य भविष्य निधि अंतिम भुगतान प्रकरण ऑनलाईन प्रेषित नहीं किये जा रहे हैं। अत: समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के वित्त निर्देश का अनिवार्य रूप से पालन करते हुए सामान्य भविष्य निधि अंतिम भुगतान प्रकरणों का समयावधि में निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

# 70 लीटर महुआ शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

## स्कूटी भी जब्त, कोतरारोड़ पुलिस की शराब रेड करवाई



रायगढ़ 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को कोतरारोड़ पुलिस ने डीएसपी सुशांतो बनर्जी के मार्गदर्शन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 70 लीटर महुआ शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी भी जब्त की गई है।

थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम भ्रमण पर निकली पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि दो युवक स्कूटी में अवैध शराब लेकर धनागर से पतरापाली की ओर जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल सतर्कता दिखाते हुए पुलिस ने ग्राम जोरापाली स्थित सत्या टाइल्स के सामने मेन रोड पर घेराबंदी की और संदिग्ध स्कूटी को रोक लिया। स्कूटी में सवार दो युवकों से पूछताछ में चालक ने अपना नाम सुखसागर सारथी पिता पालूराम सारथी (31 वर्ष), निवासी धनागर थाना कोतरारोड़ तथा पीछे बैठे युवक ने अपना नाम नागेश सारथी पिता अमरलाल सारथी (21 वर्ष), निवासी पतरापाली थाना कोतरारोड़ बताया। स्कूटी के सामने रखे पांव रखने के स्थान पर सफेद रंग की बोरी में प्लास्टिक पन्नी में भरकर रखी गई महुआ शराब बरामद हुई। आरोपियों के कब्जे से कुल 70 लीटर महुआ शराब और एक हीरो डेस्टिनी स्कूटी जिसकी कीमत लगभग 20,000 आँकी गई, जप्त की गई। जप्त किए गए संपूर्ण माल की अनुमानित कीमत 27,000 है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतरारोड़ में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) व 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है। इस सफल कार्रवाई में उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त, प्रधान आरक्षक जयप्रकाश सूर्यवंशी, आरक्षक चंदेश पांडेय और शिवानंद प्रधान की प्रमुख भूमिका रही। कोतरारोड़ पुलिस ने दोहराया कि जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान सतत रूप से जारी रहेगा।

# ग्रीष्मकाल में लू-तापघात से बचाव एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

**रायगढ़,** 23 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में ग्रीष्मकाल में लू-तापघात से बचाव एवं नियंत्रण हेतु जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 19 में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका फोन नंबर 07762-223750 है। साथ ही डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा को नोडल अधिकारी एवं नगरीय निकाय एवं सर्व जनपद/ तहसील क्षेत्र हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। नियंत्रण कक्ष में आम नागरिकों से प्राप्त होने वाले शिकायत को पंजी में दर्ज करने, आपदा की स्थिति में तत्काल सूचना प्रसारित करने तथा अधिकारियों द्वारा दिए गए आदेश/निर्देश का पालन किए जाने हेतु 24 घंटा फोन अटैण्ड करने के लिए आगामी आदेश पर्यन्त नगर सैनिकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें प्रात- 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक नगर सैनिक क्रमांक 202 श्री गजेन्द्र सिंह मोबा.नं.93299-55828 की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री महेश साहू नगर सैनिक क्रमांक 42 मोबा.नं.90398-65526 तथा रात्रि 10 बजे से प्रात- 6 बजे तक श्री हरिशंकर चौहान नगर सैनिक क्रमांक 125 मोबा.नं.95757-04296 की ड्यूटी लगाई गई है।

# किसानों को खाद एवं बीज की ना हो कमी - कृषि उत्पादन आयुक्त

## कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में रबी 2024-25 की समीक्षा एवं खरीफ 2025 के कार्यक्रम निर्धारण की संभागीय बैठक की गई आयोजित



जांजगीर, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष जांजगीर-चांपा में रबी 2024-25 की समीक्षा एवं खरीफ 2025 का कार्यक्रम निर्धारण की संभागीय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर संचालक उद्यानिकी एस जगदीशन, संचालक पशुधन विकास चन्द्रकांत वर्मा, जांजगीर-चांपा क्लेक्टर जन्मेजय महोबे, मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार, कोरबा कलेक्टर अजित बसंत, सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर संजय कन्नौजे, गौरेला पेंड्रा मरवाही श्रीमती लीना कमलेश मंडावी सहित सभी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पंजीयक सहकारी संस्थाएं, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड, प्रबंध संचालक मार्कफेड, प्रबंध संचालक बीज प्रमाणीकरण संस्था, संचालक मत्स्य पालन विभाग, क्षेत्रीय प्रबंधक नाबार्ड, प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने ग्रीष्मकालीन धान का रकबा कम करने एवं दलहन-तिलहन, लघु धान्य फसलों तथा अन्य लाभकारी फसल लेने किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन में खाद एवं बीज की कमी नहीं होना चाहिए। इसके लिए लगातार साप्ताहिक समीक्षा करें तथा सतत निगरानी करें। साथ ही समय के पहले ही खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव करना सुनिश्चित करें। धान के बदले दलहन-तिलहन, मक्का, केला जैसे कम पानी की खपत वाले फसलों को लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने कहा कि नेशनल मिशन ऑन इडिबल आईल, नेचुरल फार्मिंग जिलो में संचालित है। जैविक कृषि के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने कहा कि खरीफ सीजन में डीएपी, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, नैनो युरिया जैसे उर्वरक की आपूर्ति होते रहे। बीज वितरण करने के पहले बीज की गुणवत्ता का परीक्षण अवश्य कराएं। अल्पकालीन ऋण अंतर्गत धान की फसल के साथ ही अन्य फसलों के लिए पर्याप्त ऋण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत किसानों को शत-प्रतिशत लाभान्वित कराने का प्रयास करें। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने पशुधन विकास विभाग अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से पशु नस्ल सुधार, पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत टीकाकरण की गुणवत्ता का आंकलन, केसीसी के अंतर्गत बैंक प्रकरण की स्वीकृति एवं राशि वितरण तथा मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संबंधित योजना के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बिलासपुर संभाग के सभी जिले के कलेक्टरों ने अपने जिले के खरीफ में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

# पुतला जलाकर पाकिस्तान और आतंकवाद का युवा कांग्रेस ने किया विरोध

## कठोर कार्यवाही करने की की गयी मांग



जांजगीर, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों के कायराना हमले में हुए 27 बेकसूर नागरिकों की मौत के विरोध में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा के संयोजकत्व में नगर के कचहरी चौक में पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारों के साथ सैकड़ों की तादात में उपस्थित युवा कांग्रेसियों की उपस्थिति में पाकिस्तान और आतंकवाद के पुतले का दहन किया।

आक्रोशित युंकाइयों ने हम अमन चाहते हैं लेकिन पहले बदला लो, बस बहुत हो गया अब कोई रिएक्शन नहीं पाकिस्तान पर एक्शन चाहिए, अब और नहीं सहेंगे पाकिस्तान को सबक सिखाओ, अब निंदा नहीं आर-पार की कार्यवाही चाहिए। कांग्रेसजनों ने इस जघन्य और कायरतापूर्ण कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए शोक संतृप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करते हुए आश्वस्त किया कि इस त्रासदी की इस घड़ी में पूरा देश उन परिवारों के साथ खड़ा है। इस दौरान प्रमुख रूप से जिले के इंका नेता गुलजार सिंह, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार, प्रदेश कांग्रेस सचिव हर प्रसाद साहू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष द्वय विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्दिकी, रफ ीक खान, महामंत्री अजीत सिंह राणा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजू शर्मा, संयुक्त महामंत्री हेमलता राठौर, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष देवकुमार पाण्डेय, मिडिया प्रभारी परमेश्वर निर्मले, पवन कश्यप, अनिल राठौर, पार्षदगण विष्णु यादव, अरमान खान, देवराजसिंह चंदेल, श्रीमती रक्षाधीरज सिंह बैस, श्रीमती रेखा सोनवान, श्रीमती जगदीश्वरी रवि सूर्यवंशी, अक्षय टेकाम, विजय बंटी अग्रवाल, विधानसभा अध्यक्ष पंकज शुक्ला, राजा सिद्दिकी, भोलू यादव, एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश तिवारी, बबला तिवारी, महेन्द्र कश्यप, अतिक कुरैशी, शांति साहू, दुष्यंत यादव, मिथुन राठौर, कुलदीप सिह, चन्द्रप्रकाश ओग्रे भाकु, आकाश सिंह, विजय सूर्यवंशी, गुड्डु पठान, राजा खान, मो. राज, रवि प्रकाश पाण्डेय, जितेन्द्र दिनकर, लखन यादव, सुमीत कश्यप, बलवीर सिंह, मुकेश केशी, मोहम्मद फरीद, हर्ष शुक्ला, कमलेश ताम्रकार, भानु प्रताप, विनोद सारथी, अविनाश राठौर, भानु गढ़ेवाल, अंशु रजक, जय सेवायक, एकांश रजक, सितेश, मुकेश राठौर सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे ।

# पहलगाम के दिवंगत आत्माओं को भाजपा नगर मंडल ने दी श्रद्धांजलि





जांजगीर, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 पर्यटकों पर गोली चलाकर की गई नृशंस हत्या के निंदनीय कृत्य के विरोध में भाजपा नगर मंडल जांजगीर नैला द्वारा शहीद स्मारक जयस्तंभ में श्रद्धांजलि सभा रख मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन धारण कर प्रार्थना की गई।

नारायण चंदेल इस बर्बरता पूर्ण अमानवीय कृत्य की भर्त्सना करते हुए इस घटना में शामिल दोषियों को कड़ी सजा देने माँग की,और कहा कि कश्मीर हमारे देश का मणिमुकुट है, यहां लोग सैर के लिए जाते और आतंकियों के द्वारा पर्यटकों को धर्म पूछ कर हत्या की गई,इस घटना को देश कभी माफ नहीं करेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े के कहा कि,हृदय विदारक घटना को अंजाम देने वाले माफी के लायक नहीं, इस घटना से पूरा देश आक्रोशित है,और पूरा देश शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है । श्रद्धांजलि सभा में कमला पाटले (पूर्व सांसद), प्रशांत सिंह,अमर सुल्तानिया,पुष्पेंद्र सिंह,हितेश यादव नगर मंडल अध्यक्ष, विवेका गोपाल, कैलाश बसाईवाल, संतोष उपाध्याय, सुधीर अग्रवाल, पुनीराम कहरा,मनीषा गोपाल, संतोषी दुबे, प्रेमलता कौशिक, दुलोरिन चौरसिया,प्रतिमा डाहरे,उमा सोनी, शिवानी कहरा, जितेन्द्र खांडे, मोती लाल डहरिया सभापति, आलोक मिश्रा, प्रेम थवाईत, विवेक सिंह, उमेश राठौर सभापति, अजित गढ़वाल सभापति, नंदलाल यादव पार्षद,अमित यादव पार्षद,गुड्डु कहरा पार्षद,पंकज कहरा पार्षद, सुनील कश्यप पार्षद,रघु कश्यप सभापति, रामचंद्र गोपाल, जितेन्द्र देवांगन, पंकज अग्रवाल,राकेश गढ़वाल, प्रदीप सोनी,रजनीश अग्रवाल,मणिकांत अग्रवाल,सूरज गोस्वामी,महेश्वर लदेर, संतोष यादव, मोंटू खान सहित बड़ी संख्या में नगर मंडल जांजगीर नैला के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिजली विभाग ने शुरू किया गर्मी पूर्व मेंटेनेंस

## 25 अप्रैल से 4 मई तक रोजाना 5 घंटे की लोड शेडिंग



जांजगीर, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए बिजली विभाग ने गर्मी पूर्व मेंटेनेंस का निर्णय लिया है। यह कार्य 25 अप्रैल से 4 मई तक चलेगा। इस दौरान शहर के विभिन्न मोहल्लों में रोजाना सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग का कहना है कि यह कार्य जरूरी है ताकि आने वाले समय में बिजली गुल होने की समस्या से राहत मिल सके।

बिजली विभाग के अनुसार, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने, इंसुलेटर, लाइन जंपर की मरम्मत और पेड़ों की टहनियों को काटने जैसे कार्य किए जाएंगे। शहर में लगभग 14 हजार उपभोक्ता हैं, और गर्मी व बारिश में बिजली की मांग व समस्याएं बढ़ जाती हैं। विभाग हर साल गर्मी व बरसात पूर्व मेंटेनेंस करता है, लेकिन इस बार मजदूरों की कमी के कारण कार्य में विलंब हुआ है।

### किस दिन कहां रहेगी बिजली बंद

भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए बिजली विभाग द्वारा 25 अप्रैल 11 केवी नहरिया बाबा फीडर क्षेत्र, शिव मंदिर, इनकम टैक्स, अनंत विहार, आशीर्वाद कॉलोनी, बीडी महंत ,26 अप्रैलवीआईपी सिटी ,मिशन कंपाउंड, चर्च के पास, राधाकृष्ण मंदिर ,27 अप्रैल 11 केवी हाउसिंग बोर्ड फीडर , एसपी ऑफिस, जिला न्यायालय, जिला अस्पताल, जिला पंचायत, दीप्ति विहार, आर्या कॉलोनी,28 अप्रैल व्हीआईपी 2 फीडर आईबी रेस्ट हाउस, पुरानी सिंचाई कॉलोनी,29 अप्रैल राम राइस मिल, सावित्री राइस मिल, नैला भाठापारा, खैरा रोड, पुलिस थाना ठाकुरदेव 30 अप्रैल सड़क पारा, भीमा पार, खड़फड़ी पारा, सिटी कोतवाली, केरा रोड, अमरैया पारा ,1 मई रमन नगर, शंकर नगर, मदन पेट्रोल पंप, गट्टानी होंडा, चांपा रोड ,2 मई शारदा चौक, नगरपालिका के पीछे, माधव लॉज, नूतन कॉलोनी ,3 मई सीएमएचओ ऑफिस, कृषि विज्ञान केंद्र, आर्या रेसिडेंसी, हसदेव विहार,4 मई एसपी बंगला, सीईओ जिला पंचायत कार्यालय, दीप्ति विहार, आर्या इनक्लेव

### गर्मी पूर्व मेंटेनेंस आवश्यक-एई कश्यप

सीएसईबी एई सौरभ कश्यप, ने बताया कि गर्मी पूर्व मेंटेनेंस आवश्यक है ताकि ट्रिपिंग और फॉल्ट जैसी समस्याएं न हों। यह कार्य उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए किया जा रहा है। थोड़ी असुविधा के बाद बिजली आपूर्ति में स्थायित्व मिलेगा।


# नाबालिग गूंगी-बहरी से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल कैद की सजा




जांजगीर, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नाबालिग गूंगी-बहरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) अनिल कुमार बारा के द्वारा 20 साल कठिन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड से दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो) चंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक, पीड़िता के पिता ने 6 सितंबर 2023 को थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री गूंगी-बहरी है। जिसे गांव के ही आरोपी परमेश्वर जांगड़े 5 सितंबर 2023 को हाथ पकड़कर खींच रहा था। इस दौरान उसकी सलवार फटी हुई थी। पीड़िता से पूछने पर इशारे से बताया कि आरोपी द्वारा 3 से 4 शारीरिक संबंध बनाया है। साथ ही उसके बैग में कागज के टुकड़े में आरोपी का लिखा हुआ नोट मिला। जिसमें अश्लील शब्दों में कई बातें लिखी हुई थी। आरोपी परमेश्वर के घर वालों को समझाने पर उनके द्वारा उसे झूठे केस में फंसा देने की बात कही गई। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिस पर अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) अनिल कुमार बारा ने आरोपी परमेश्वर जांगड़े नवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव मुड़पार को धारा 376 (2)(आई)(एन) के तहत 20 साल कठिन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।


# श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल खरसिया में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया पृथ्वी दिवस



खरसिया, 23 अप्रैल (देशबन्धु)। श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, बाम्हनपाली खरसिया में बड़े ही धूमधाम से 22 अप्रैल 2025 को 55वां पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा चित्रों के प्रदर्शन एवं भाषण के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। शिक्षिकाओं ने गतिविधि द्वारा विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस से सम्बंधित जानकारी दी शिक्षिकाओं द्वारा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षा रोपण, वन्य जीव संरक्षण पर बल देते हुए एक नवीन पर्यावरण निर्माण करने का सन्देश दिया एवं पृथ्वी दिवस के महत्त्व को बताया गया। सभी क्लास के बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर स्पीच और कविता पाठ किया, क्लास 5 के विद्यार्थी आदित्य शर्मा द्वारा पृथ्वी दिवस पर स्पीच दी गई और कविता पाठ की गई सम्भालों इसे जैसे सपना हो कोई प्यारा, पेड़ लगाओ, धरती बचाओ, पृथ्वी को स्वर्ग बनाओ जिससे सुरक्षित रहे जीवन हमारा। पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 2025 का थीम है हमारी शक्ति, हमारा ग्रह ,यह विचार शिक्षा, वकालत और सामुदायिक समर्थन के माध्यम पर केंद्रित है। इस अवसर पर प्राचार्य विश्वजीत सिंह बाबू शिक्षक शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# हत्या के दूसरे आरोपी को जयपुर से किया गिरफ्तार

## भेजा गया न्यायिक रिमांड पर, अकलतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई



जांजगीर, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले की अकलतरा पुलिस ने नौ महीने पुराने हत्या के एक सनसनीखेज मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले के फरार आरोपी दिनेश साहू को जयपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले इस केस में एक अन्य आरोपी नंदकुमार उर्फ नंदू कश्यप को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

गौरतलब है कि गत 23 जुलाई 2024 को अकलतरा थाना क्षेत्र में ओवरब्रिज के पिलर नंबर 01 के नीचे एक सड़ी-गली अज्ञात लाश मिलने की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। डीएनए जांच में शव की पहचान जलेश्वर कश्यप, निवासी ससहा रोड, पामगढ़ के रूप में हुई। जांच में यह खुलासा हुआ कि अज्ञात आरोपी ने उसकी गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को पत्थरों से ढक दिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि बोहापारा अर्जुनी निवासी नंदकुमार उर्फ नंदू कश्यप इस मामले में संलिप्त है। पूछताछ में उसने कबूल किया कि उसने और उसके साथी दिनेश साहू ने शराब के नशे में हुए विवाद के दौरान जलेश्वर की गला दबाकर हत्या कर दी थी। नंदू को 4 फरवरी 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### मुखबिर की सूचना से मिली सफलता

हत्या के बाद से फरार चल रहे दूसरे आरोपी दिनेश साहू (33), निवासी लेबर कॉलोनी, अकलतरा की तलाश लगातार की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसे राजस्थान की राजधानी जयपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने भी हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसे 24 अप्रैल 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# सिंचाई कर पटाने में उदासीन किसान, सरकार को हो रहा राजस्व का नुकसान

जांजगीर, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में स्थित हसदेव बांगो परियोजना के माध्यम से लगभग 80 प्रतिशत भूमि की सिंचाई होती है, जिससे किसान धान की भरपूर फसल लेकर आत्मनिर्भर बनते जा रहे हैं। इसके बावजूद किसानों की सिंचाई कर पटाने में रुचि नहीं है, जिससे शासन को करोड़ों का राजस्व नुकसान हो रहा है। हसदेव नदी पर बना बांगो बहुद्देशीय बांध न केवल विद्युत उत्पादन में सहायक है, बल्कि हसदेव बांगो परियोजना के अंतर्गत दाई व बाई तट नहरों से किसानों को सिंचाई जल भी उपलब्ध कराता है। इस परियोजना से जांजगीर-चांपा, सक्ती और कोरबा जिले के किसानों की स्थिति में सुधार आया है। इसके बावजूद, किसान सिंचाई कर चुकाने से बचते हैं, जबकि सरकार ने खरीफ के लिए 90 रुपये और रबी के लिए 200 रुपये प्रति एकड़ की दर तय की है।

# सार-संक्षेप

## अखिल भारतीय अघरिया समाज के देवेंद्र पटेल सचिव बने



डभरा, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। अखिल भारतीय अघरिया समाज के डभरा क्षेत्र के सचिव के पद पर देवेंद्र कुमार पटेल को नियुक्त किया गया है। आपको बताते चलें कि पूर्व में देवेंद्र कुमार पटेल समाज के कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं समाज में उनकी सक्रियता हमेशा प्रथम पंक्ति में रहती है इसी को देखते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल ने सचिव पद की जिम्मेदारी दी है। बिनोद कुमार पटेल के नियुक्ति होने पर क्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारी में खुशी एवं हर्ष व्याप्त है मुलाकात के दौरान देवेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि वह समाज के हित के बारे में सब की सहमति से कार्य करेंगे एवं समाज के विचार को समाज के अंतिम व्यक्ति के लोगों तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास करेंगे उक्त जानकारी क्षेत्रीय सोशल मीडिया प्रभारी इंद्र कुमार पटेल ने दी है

## भटगांव के समरसता कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

सारंगढ, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। आज जिले के भटगांव में आयोजित समरसता कार्यक्रम में सासंद कमलेश जांगडे जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय व जिला अध्यक्ष भाजपा ज्योति पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में डा भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक समरसता व संविधान निर्माण में अमूल्य व अतुलनीय योगदान के बारे में सभी ने प्रकाश डाला।

## चेम्बर आफ कामर्स के शपथ ग्रहण में शामिल हुए जिले के रतन शर्मा

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के आतिथ्य में हुआ शपथ



सारंगढ, 24 अप्रैल (देशबन्धु)।छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का चेम्बर भवन रायपुर में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधान सभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह,पूर्व राज्यपाल रमेश बैस,सांसद बृजमोहन अग्रवाल आदि की विशेष आतिथ्य में शपथ ग्रहण कराया गया।जिसमें सारंगढ बिलाईगढ़ जिला से नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल को भी शपथ दिलायी गई।

इस मौके पर बरमकेला चेम्बर कामर्स के अध्यक्ष रतन शर्मा,प्रदेश मंत्री दिनेश शर्मा,महामंत्री कैलाश गोयल,अधिवक्ता रामेश्वर बारीक़ विशेष रूप से मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि सारंगढ बिलाईगढ़ जिले से छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज में प्रदेश पदाधिकारी के रूप में एकमात्र मुकेश अग्रवाल का ही चयन किया गया है और उन्होंने गरिमामय एवं भव्य कार्यक्रम में शपथ ग्रहण किया।इसे बरमकेला चेम्बर ऑफ़ कामर्स इकाई की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।जिसमे रतन शर्मा एवं बरमकेला टीम का बड़ा योगदान रहा है।

## वन विभाग की लापरवाही से हिरण की मौत

### भटकते हुए पहुंच गया था ठठारी, सूचना के 12 घंटे बाद भी नहीं पहुंची थी वन विभाग की टीम



जांजगीर, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। चारा पानी की तलाश में वन्य प्राणी भटकते हुए रिहायशी इलाकों में आने लगे हैं। बुधवार को चांपा वन परिक्षेत्र के जंगल से एक हिरण बाराद्वार के ग्राम ठठारी में आ गया था। ग्रामीणों ने उसे पकड़ा पानी पिलाया और इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी मगर सूचना मिलने के बाद भी वन विभाग के अधिकारियों ने तत्परता नहीं दिखाई और सूचना के बारह घंटे बाद भी गांव नहीं पहुंचे जिसके कारण हिरण की मौत हो गई।

बुधवार की रात भटक कर एक हिरण बाराद्वार के ग्राम ठठारी पहुंच गया था। ग्रामवासियों ने मिलकर भटक कर आए हिरण को पकड़ लिया और खंभे से बांध दिया और जिसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को फोन के माध्यम से इसकी सूचना दी। परंतु सूचना मिलने के बाद भी गुरुवार की सुबह नौ बजे तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी यही वजह है कि उस हिरण की जान चली गई। सूचना मिलने के 12 घंटे बाद भी मौके पर नहीं पहुंचना वन विभाग की घोर लापरवाही को उजागर करता है। अगर सही समय पर पहुंच वन विभाग की टीम पहुंच जाती उस हिरण की जान बच सकती थी। इस संबंध में वन विभाग का पक्ष रखने के लिए अधिकारियों से संपर्क किया गया मगर संपर्क नहीं हो सका। कार्यालय में भी जाकर देखा गया मगर वहां भी कोई अधिकारी नहीं मिले। अगर कोई वन्य प्राणी इस हालत में मिलता है तो वन विभाग द्वारा रेस्क्यू कर उस वन्य प्राणी को कानन पेंडारी में छोड़ दिया जाता है जिसके बाद वह के जिम्मेदार लोग उस वन्य प्राणी की देख रख करते हैं।

## राष्ट्रीय वेबिनार में हुई सम्मानित नम्रता पटेल




जांजगीर, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। चाइल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन इंडिया के माध्यम से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में श्रीमती नम्रता पटेल पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति जिला जांजगीर चाम्पा ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। आयोजन भोपाल स्थित रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के सभागार में 250 वेबिनार पूर्ण होने की उपलक्ष्य किया गया।

इस अवसर पर नम्रता पटेल पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति जिला जांजगीर चाम्पा को बाल संरक्षण के क्षेत्र में समाज कार्य व उत्कृष्ट मास्टर ट्रेनर तथा सक्रिय भूमिका के रूप में योगदान के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्री मध्य प्रदेश शासन श्रीमति निर्मला भूरिया एवं स्वास्थ्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सीसीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा के हस्ते मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।

# देश विदेश

## हूतियों के खिलाफ अमेरिकी हवाई हमले में कई घायल

**सना,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। यमन की हूतियों के कब्जे वाली राजधानी सना पर गुरुवार को हुए नवीन अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम एक व्यक्ति घायल हो गया और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। यह जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों और हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक हवाई हमला उत्तरी सना में अल-जिराफ अल-शर्की के आवासीय इलाके में एक घर के सामने के यार्ड पर हुआ जिससे घर के अंदर मौजूद व्यक्ति घायल हो गया और आस-पास के कई घरों को नुकसान पहुंचा। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने भी इन हवाई हमलों की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया पर बताया कि ईरान समर्थित हूतियों के खिलाफ अमेरिकी विमानवाहक पोतों से लगातार अभियान शुरू किए गए हैं।

# गाजा पर इजरायली हमलों में 29 फिलिस्तीनियों की मौत



■ उपकरणों की कमी के कारण पीड़ितों को निकालने में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

**गाजा,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में गुरुवार को कई इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 29 फिलिस्तीनी मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गए।

गाजा के सिविल डिफेंस ने यह जानकारी दी। सिविल डिफेंस के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि पीड़ितों में 10 पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं, जो गाजा के उत्तरी हिस्से में जबालिया शरणार्थी शिविर में एक पुलिस स्टेशन को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में मारे गए। उन्होंने बताया कि हमले में कुछ फिलिस्तीनी घायल भी हुए हैं और घरों को भी नुकसान पहुंचा है।

प्रवक्ता ने कहा कि घायलों को गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। उपकरणों की कमी के कारण नागरिक सुरक्षा टीमों को पीड़ितों को निकालने में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, इजरायली सेना ने एक प्रेस बयान में कहा कि उसने हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) के लिए कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर के रूप में काम करने वाली एक सुविधा को निशाना बनाया। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाय आद्राई ने कहा कि परिसर का इस्तेमाल इजरायली नागरिकों और सैन्य कर्मियों के खिलाफ हमलों का समन्वय करने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि नागरिक कम से कम हताहत हों, इसके लिए कदम उठाए गए थे, जिनमें सटीक-निर्देशित युद्ध सामग्री और हवाई निगरानी का उपयोग शामिल है।

हमास या पीआईजे ने अभी तक हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। दक्षिणी शहर खान यूनिस, गाजा शहर के आसपास और मध्य गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह क्षेत्र में अन्य इजरायली हमलों की सूचना मिली है।

गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने आज बताया कि इजरायल की ओर से 18 मार्च को गाजा पट्टी में अपने गहन हमलों को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 1,978 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 5,207 अन्य घायल हुए हैं, जबकि अक्टूबर 2023 से कुल फिलिस्तीनी मौतों की संख्या बढ़कर 51,355 हो गई है।

## इजरायली बंधक ने की हमास के नए वीडियो में कैदियों की अदला-बदली की मांग

**गाजा।** हमास की सशस्त्र शाखा, अल-क़स्साम ब्रिगेड ने बुधवार को एक वीडियो जारी किया, जिसमें एक इज़रायली बंधक को तत्काल कैदियों की अदला-बदली की मांग करते हुए दिखाया गया है। इसे दोनो पक्षों में शत्रुता के बीच बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए एक नया प्रयास माना जा रहा है। वीडियो फुटेज में बंधक ने खुद की पहचान ओमरी मीरान के रूप में बतायी और कहा कि उसे डेढ़ साल से गाजा पट्टी में रखा गया था। मीरान को 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इज़राइल में हमास के सीमा पार हमले के दौरान किबुत्ज़ नाहल ओज़ से अगवा किया गया था। वह हाल ही में 48 साल का हुआ, उसने अपना दूसरा जन्मदिन कैद में बिताया।



मीरान ने अस्पष्ट परिस्थितियों में रिकॉर्ड किए गए वीडियो में कहा कि मैंने अपना दूसरा जन्मदिन यहां बिताया और जश्न नहीं मना सका। कोई खुशी नहीं है, केवल डर है। उन्होंने इज़रायली अधिकारियों से कैदियों की अदला-बदली के लिए एक त्वरित समझौता करने का आग्रह किया, साथ ही चेतावनी दी कि बंधकों को इज़रायली हवाई हमलों में मारे जाने का जोखिम है।

## हमास के आतंकवादियों को पाकिस्तान में आमंत्रित किया जाना बुरा संकेत : इजरायल



**नई दिल्ली।** भारत में इजरायल के राजदूत रुवेन अजार ने गुरुवार को कहा कि कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले और उनके अपने देश में 2023 में हुए हमले एक जैसे थे जिनमें निर्दोष निहत्थे लोगों की हत्या कर दी गई। उन्होंने पहलगाम हमले को बर्बर और क्रूर करार देते हुए कहा कि हमास के आतंकवादियों को पाकिस्तान में आमंत्रित किया जाना भविष्य के लिए बुरा संकेत है। अजार ने कहा कि यह एक क्रूर और बर्बर हमला है। लोगों को इस तरह के भयानक हमले से सुरक्षित रहते हुए छुट्टी मनाने का अधिकार है। यह चौंकाने वाला है। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। हमें जो भी करना है, करना चाहिए, न केवल अपराधियों को पकड़ना चाहिए, बल्कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकनी चाहिए। पहलगाम की घटना से बहुत पहले, राजनयिक ने फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास के आकाओं द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के साथ मिलकर काम करने की खबरों पर चिंता व्यक्त की थी।

## सुडोकू 6893


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | 2 | | |
| 4 | 8 | 1 | | | | | 7 | |
| 2 | | | 5 | 1 | | | 6 | |
| | | | 4 | | | | | 2 |
| | | 5 | | | | 6 | | |
| 6 | | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | 3 | 1 | | | 7 |
| | 7 | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | 2 | 8 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6893



**बायें से दायें:-**

१. गुरु या आचार्य का वास स्थान जहां रहकर छात्र विद्याध्ययन करते हैं, प्राचीनकालीन विद्यापद्धति
३. दोष, ऐब, बुराई
५. विच्छेद
६. अंतिम सीमा
७. मन की हालत
८. अचानक, एकाएक (उर्दू)
१३. मेहनत
१५. कठिनाई, असुविधा(उर्दू)
१६. अंधकार में विचरण करने वाला
१७. जिनकी मृत्यु हो चुकी हो
१८. पैर, पद
२०. हुक्म की तामील करने वाला
२२. मुंह तक या पूरी तरह भरा हुआ (उर्दू)
२३. एक प्रकार का धार्मिक कृत्य जिसमें हिंदू मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि देते हैं

**ऊपर से नीचे:-**

१. जासूस, भेदिया
२. बुरा वक्त, बुरा समय
३. जड़मति, मूर्ख, नासमझ
४. फूलों का गुच्छा
५. देर, देरी
९. प्रलय (उर्दू)
१०. पहचान का
११. प्रथम, मूल, प्रधान, आरंभ
१२. बांटना
१४. कोई खास कार्य न करने या नियत तिथि पर उपस्थित होने का प्रतिज्ञा पत्र जिसका उल्लंघन करने पर प्रतिज्ञाकर्ता अर्थदंड स्वीकार करता है (उर्दू)
१७. कमल
१९. सूर्य से उत्पन्न, कर्ण
२०. पानी, जल (उर्दू)
२१. तरीका, प्रणाली

### वर्ग पहेली-6892



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 23 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 13**

### राशिफल

मेष - शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा। सर्दी, कफ, बुखार की पीड़ा सता सकती है। धर्म का काम करने में धन खर्च होने की स्थिति होगी। खर्च बढ़ेगा। लुभावने ऑफरों में न पड़ें।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए आनंद से भरा है। व्यापार के साथ ही आय वृद्धि भी बेहतर रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ वातावरण आनंदमय रहेगा। नए संपर्क और परिचय व्यापार के क्षेत्र में लाभप्रद रहेंगे।

मिथुन - शारीरिक और मानसिक रूप से आज दिनभर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसायिक क्षेत्र में काम की प्रशंसा होने से उत्साह भी बढ़ेगा। सहकर्मियों का भी सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक क्षेत्र में भी मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क - आज का दिन आप धर्म, ध्यान तथा देवदर्शन में व्यतीत करेंगे। किसी तीर्थ स्थान पर जा सकते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रहेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर मिलेंगे। परिवार में भाई-बहनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजरेगा।

सिंह - आज का दिन थोड़ी सी प्रतिकूलताओं रहेगा। स्वास्थ्य के संबंध में आपको विशेष ध्यान रखना होगा। बाहर खाने- पीने से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा। नकारात्मक विचार मन पर हावी होंगे।

कन्या - सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में लाभ मिलेगा। मित्रों से विशेष लाभ होगा। दांपत्यजीवन में परमसुख के पलों का अनुभव होगा। नए वस्त्र और आभूषणों की खरीदारी तथा पहनने का अवसर मिलेगा।

तुला - आज नौकरीपेशा लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक दिन है। नौकरीवालों को उनके काम में यश और सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। विरोधियों के समक्ष विजय मिलेगी।

वृश्चिक - साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं। आज किसी सामाजिक या राजनीतिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

धनु - आज आप यात्रा प्रवास टालें, क्योंकि पेट संबंधी बीमारी और समस्या हो सकती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता बनी रहेगी। किसी काम में सफलता नहीं मिलने से मन व्याकुल रहेगा।

मकर - आपका आज का पूरा दिन सुखमय गुजरेगा। अनुकूल परिस्थिति निर्मित होने पर आप सभी काम आज सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। मन में प्रसन्नता रहेगी। व्यापार- धंधे में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। भागीदारी में लाभ होगा।

कुंभ - मन की दुविधाओं से आप में निर्णयशक्ति का अभाव होगा। परिणाम स्वरूप उलझन का अनुभव होगा। तबीयत थोड़ी नरम-गरम रहेगी। वाणी पर संयम बरतें, अन्यथा वाद-विवाद के कारण स्वजनों के साथ मनमुटाव होगा।

मीन - आज आप आनंद, उत्साह और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। नए काम की शुरुआत लाभदायक साबित होगी। मित्रों, स्वजनों के साथ भोजन का आनंद उठाने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा के योग हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिका के 12 राज्यों ने अवैध टैरिफ को लेकर ट्रम्प प्रशासन पर किया मुकदमा



■ अदालत से टैरिफ को अवैध घोषित करने व सरकारी एजेंसियों को लागू करने से रोकने की मांग

**सैन फैनसिस्को,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के 12 राज्यों के गठबंधन ने बुधवार को न्यूयॉर्क में यू.एस. कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड में अवैध टैरिफ को लेकर यू.एस. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन पर मुकदमा दायर किया।

एरिज़ोना, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, इलिनोइस, मेन, मिनेसोटा, नेवादा, न्यू मैक्सिको, न्यूयॉर्क, ओरेगन और वर्मोंट के अटॉर्नी जनरल ने ट्रम्प प्रशासन को टैरिफ लागू करने से रोकने के लिए अदालती आदेश की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया। मुकदमे में कहा गया है कि नीति ने राष्ट्रीय व्यापार नीति को ट्रम्प की वैध प्राधिकार के उचित प्रयोग के बजाय सनक के अधीन छोड़ दिया है, अदालत से टैरिफ को अवैध घोषित करने और सरकारी एजेंसियों और अधिकारियों को उन्हें लागू करने से रोकने के लिए कहा। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति केवल तभी आपातकालीन अधिनियम लागू कर सकते हैं जब विदेश से असामान्य और असाधारण खतरा हो।

**ट्रम्प विकासशील देशों को वित्त पोषण देने वाली एजेंसी करेंगे बंद**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने बुधवार को घोषणा की कि वह मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन को बंद कर देगा, जो एक विदेशी सहायता एजेंसी है। यह एजेंसी विकासशील देशों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए जानी जाती है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कर्मचारियों को एक स्टाफ मीटिंग के दौरान बताया गया कि एजेंसी व्यवस्थित रूप से बंद होने जा रही है और सभी चल रहे कार्यक्रम बंद कर दिए जाएंगे। यह घोषणा एक कर्मचारी-व्यापी ज्ञापन के बाद की गई जिसमें कहा गया था कि एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग ने एमसीसी में महत्वपूर्ण कटौती का आदेश दिया था। उल्लेखनीय है कि 2004 में स्थापित एमसीसी ने विकासशील देशों में विकास सहायता में लगभग 17 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है जो प्रशासनिक मानदंडों को पूरा करते हैं।

## यूनुस के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप खारिज

**ढाका,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। बंगलादेश उच्चतम न्यायालय ने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के खिलाफ भ्रष्टाचार के सभी आरोप खारिज कर दिए हैं, जो भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की ओर से दायर किए गए थे।

'डेली स्टार' के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के अपीलीय प्रभाग ने श्री यूनुस के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के मामले को खारिज कर दिया। उन पर ग्रामीण दूरसंचार श्रमिकों के लाभ भागीदारी कोष से 25.22 करोड़ टका की हेराफेरी करने तथा धन शोधन विरोधी कानूनों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से धन हस्तांतरित करने का आरोप लगाया गया था। ढाका की एक विशेष अदालत में 12 जून 2023 को श्री यूनुस और अन्य के खिलाफ औपचारिक आरोप दायर किए गए थे। श्री यूनुस के वकील बैरिस्टर अब्दुल्ला-अल-मामून ने कहा कि अपीलीय अदालत के फैसले के बाद सभी आरोप झूठे और बेबुनियाद साबित हुए। यह पहली बार नहीं है जब अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने के बाद श्री यूनुस पर लगे आरोप कानूनी रूप से खारिज किए गए हों।

## इस्तांबुल में भूकंप से 151 लोग घायल

**इस्तांबुल,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। इस्तांबुल के गवर्नर कार्यालय ने बताया कि 6.2 तीव्रता के भूकंप के दौरान घबराहट और बिल्डिंग से कूदने की घटनाओं के कारण 151 लोग घायल हो गए। कार्यालय ने बताया कि घायल व्यक्तियों का फिलहाल अस्पतालों में इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति ठीक है।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:30 बजे तक किसी के मरने की खबर नहीं है। गवर्नर कार्यालय ने पुष्टि की है कि फतिह जिले में एक इमारत को छोड़कर, पूरे शहर में कोई भी आवासीय इमारत नहीं गिरी है।कार्यालय के अनुसार, ऊर्जा आपूर्ति, प्राकृतिक गैस वितरण, या पेयजल एवं सीवेज अवसंरचना में कोई व्यवधान नहीं आया है, जिससे दैनिक जीवन पर प्रभाव पड़े।भूकंप के बीच पार्कों, स्कूल के मैदानों और अन्य खुले क्षेत्रों में लोग जमा हो गए। कुछ लोगों ने पार्कों में टेंट लगा लिए। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तय्यिप एर्दोगान ने राष्ट्रीय संप्रभुता एवं बाल दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भगवान का शुक्र है कि फिलहाल कोई समस्या नहीं है।

## रूस ने कीव पर किया हवाई हमला, 12 लोग घायल



हमले से स्वियातोशिन्स्की जिले को सबसे अधिक हुआ

**कीव,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि गुरुवार सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस के हवाई हमले में 12 लोग घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कीव के सैन्य अधिकारियों ने हमले की पुष्टि की। इसके साथ ही दो जिलों में हुए नुकसान का हवाला देते हुए नागरिकों से तुरंत आश्रय लेने का आग्रह किया।

मेयर ने टेलीग्राम पर कहा कि रूस के हमले से स्वियातोशिन्स्की जिले को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। हमले में सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेयर ने बताया कि इंटरसेप्ट किए गए प्रोजेक्टाइल के टुकड़ों ने मध्य शेवचेन्कीव्स्की जिले और पश्चिमी स्वीयातोशिन्की जिले में गैर-आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त कर दीं। इसके बाद बचावकर्मी मौके पर पहुंचे, और बचाव दल घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं। शहर के मेयर क्लिट्स्को ने बाद में पुष्टि की कि हमले के बाद एक तीन वर्षीय बच्चे को अस्पताल ले जाया गया है। चोटों की गंभीरता का खुलासा नहीं किया गया है। अप्रैल में कीव पर यह दूसरा बड़ा मिसाइल हमला है। इससे पहले 5 अप्रैल को एक हमला हुआ था, जिसमें कम से कम तीन लोग घायल हुए थे। रूस के पूर्ण पैमाने पर हमले की शुरुआत के बाद से, कीव को सैन्य और नागरिक दोनों क्षेत्रों को निशाना बनाकर समय-समय पर विनाशकारी मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ा है।

## सुडोकू 6893 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 2 | 8 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 |

## आज का इतिहास

1678- फ्रांसीसी सेना ने वाइप्रेस शहर पर कब्जा किया।
1809- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और पंजाब के सिख शासक रणजीत सिंह के बीच अमृतसर संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
1867- जापान की राजधानी टोक्यो में विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई।
1954- बेल लैब्स ने न्यूयार्क में पहली बार सोलर बैटरी बनाने की घोषणा की।
1957- सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार संचालित किया गया।
1960- अफगानिस्तान के नरेश अमानुल्लाह खान का निधन।
1968- 20वीं सदी के महान शास्त्रीय गायक और 'तानसेन' के नाम से मशहूर बड़े गुलाम अली का निधन।
1975- सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1981- जापान के सुरूगा में परमाणु संयंत्र में मरम्मत कार्य के दौरान 100 से अधिक मजदूर परमाणु विकिरण का शिकार हुए।
1982- दिल्ली में टेलिविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण की शुरु हुआ।
1983- जर्मनी की पत्रिका 'स्टर्न' ने हिटलर की उस विवादास्पद डायरी को छापना शुरू किया।
1989- इथियोपिया में दिमागी बुखार से 20 हजार से ज्यादा लोगों की मौत। यह बीमारी सूडान तक फैली और वहां भी कम से कम 400 लोगों की मौत।
1969- भारत के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी आई. एम. विजयन का जन्म।
1999- वेस्टइंडीज के आल राउंडर खिलाड़ी कार्ल हूपर ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया।
2010- भारतीय नौसेना ने पुराने हो चुके चेतक हेलीकॉप्टरों की जगह लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया शुरू की।
2013- ब्रिटेन ने सोमालिया में अपना दूतावास 27 वर्ष के बाद दोबारा खोला।
2015- नेपाल में भीषण भूकंप से जानमाल का बड़ा नुकसान हुआ।

**आतंकवाद** *वैश्विक सुर्खियां बनाना व भारत के लोगों में भय का माहौल पैदा करना था आतंकियों का उद्देश्य*

# पहलगाम में आतंकी हमला कोई संयोग नहीं, पाक प्रायोजित प्रयोग

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 और 35ए की समाप्ति के बाद अब धीरे-धीरे घाटी अपने खुशनुमा रंग में लौट ही रही थी। लेकिन, पाकिस्तान में बैठे नापाक इरादे वाले लोगों को यह कहां बर्दाश्त होने वाला था। पाक अधिकृत कश्मीर के पीएम की जुबानी तो इस तरह के कायराना हमले की चेतावनी पहले ही दी जा चुकी थी। फिर वहां से एक और आवाज पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष सैयद असीम मुनीर अहमद शाह की उठी, जिसने टू नेशन थ्योरी और पाकिस्तान के गठन की बुनियाद और सोच की पूरी कहानी से लोगों को रू-ब-रू करा दिया।

■ आतंकियों व पाक सेना की बुजदिली थी पहलगाम हमला

इसके बाद कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को जो हुआ, वह पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंकियों और पाक सेना के जवानों की बुजदिली थी और कुछ नहीं।

22 अप्रैल 2025 की दोपहर तक तो कश्मीर में सब कुछ सामान्य था। यहां बड़ी संख्या में घूमने आए सैलानी पहलगाम में थे। बड़ी संख्या में पर्यटक कश्मीर आ रहे थे और उनके साथ वहां के स्थानीय लोगों का व्यवहार भी काफी अच्छा था। ये वही कश्मीर था, जहां जी-20 सम्मेलन आयोजित किया गया था।

लेकिन, 22 अप्रैल 2025 को दोपहर के बाद पहलगाम में हुआ आतंकी हमला निर्दोष नागरिकों को टारगेट कर हुआ, जिसमें पूरे भारत से आए पर्यटकों को जानबूझकर निशाना बनाया गया था। पहलगाम आतंकी हमले ने इसके पैमाने नहीं, बल्कि इसकी बर्बरता की वजह से देश के लोगों को झकझोर कर रख दिया। आतंकी हमले के दौरान जो लोग बच गए, उन्होंने अपनी जुबानी बताया कि कैसे खुशियों से भरी घाटी को आतंकियों ने कुछ ही पलों में मौत का जमघट बना दिया। कैसे हथियारों से लैस आतंकियों ने लोगों से उनका नाम और धर्म पूछा और इस पहचान के आधार पर उन्हें अलग कर दिया।



यहां निहत्थे पर्यटकों पर गोलियां बरसाने का आतंकियों का उद्देश्य केवल लोगों को मारना नहीं बल्कि देश के लोगों के आत्मविश्वास को तोड़ना, इस हमले को वैश्विक सुर्खियां बनाना और भारत के लोगों में भय का माहौल पैदा करना था।

ऐसा करके पाकिस्तान की सेना ने एक बार फिर दुनिया को याद दिलाया कि वह आतंकवाद को कमजोरी के कारण नहीं, बल्कि जानबूझकर विदेश नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। यह कोई आकस्मिक हिंसा नहीं थी। यह याद दिलाता है कि कश्मीर में आतंकवाद सिर्फ राजनीतिक नहीं है, बल्कि पाकिस्तान की तरफ से पाले जा रहे आतंकी ऐसे हमलों की मूल जड़ हैं।

## दुनिया को जानें

### शनचो 20 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण पूर्णत: सफल रहा

**बीजिंग,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। चीनी मानवयुक्त अंतरिक्ष इंजीनियरिंग कार्यालय के अनुसार, पेइचिंग समयानुसार गुरुवार की शाम को 5 बजकर 17 मिनट पर, शनचो 20 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान को ले जाने वाले लॉन्ग मार्च 2एफ याओ-20 वाहक रॉकेट को प्रज्वलित किया गया और चिउछ्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र में लॉन्च किया गया। क्रू दल छन तुंग, छन चोंगरुइ और वांग च्ये से गठित है। छन तुंग कमांडर रहे।



छन तुंग ने शनचो-11 और शनचो-14 समानव अंतरिक्ष उड़ान कार्य में भाग लिया था। लगभग 10 मिनट बाद, शनचो 20 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक रॉकेट से अलग हो गया और पूर्व निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। फिलहाल अंतरिक्ष यात्री दल अच्छी स्थिति में हैं और प्रक्षेपण पूरी तरह सफल रहा। चीन की समानव अंतरिक्ष उड़ान परियोजना में यह 35वां उड़ान कार्य है। क्रू के सदस्य स्पेस स्टेशन में लगभग 6 महीने ठहरेंगे और कई वैज्ञानिक परीक्षाएं करेंगे और स्पेस वॉक भी करेंगे।

# खेल जगत



## डिजिलॉकर से खिलाड़ियों को मिलेगी बड़ी राहत: मीरा बाई चानू

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता मीरा बाई चानू ने गुरुवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में डिजिलॉकर सुविधा की सराहना की और इसे खिलाड़ियों के लिए बेहद उपयोगी कदम बताया। उन्होंने कहा कि डिजिलॉकर एक ऐसी सुविधा है जिससे खिलाड़ियों को अपने दस्तावेजों को सुरक्षित रखने और समय पर अपडेट करने में आसानी होगी। मीरा बाई ने कहा कि इससे खिलाड़ियों को बार-बार प्रशासनिक कार्यों के लिए दौड़ने की आवश्यकता नहीं होगी और वे अपने प्रशिक्षण पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। चानू ने कहा कि यह सुविधा खिलाड़ियों को आत्मनिर्भर बनाएगी और स्पोर्ट्स फेडरेशनों के साथ उनके संवाद को भी सरल और पारदर्शी बनाएगी। इससे आम लोगों को बहुत फायदा होगा। हम खिलाड़ी भी दस्तावेजों की चिंता छोड़कर अपनी ट्रेनिंग पर फोकस कर पाएंगे।

# चेन्नई व हैदराबाद का जीत की राह पर लौटने के लिए होगा आमना-सामना



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ ऋतुराज गायकवाड़ के आईपीएल से बाहर होने से सीएसके ने मुंबई के आयुष म्हात्रे को अपनी टीम में शामिल किया है

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। अपना -अपना पिछला मैच मुंबई इंडियंस से हारने वाली दो फिसड्डी टीमें पांच बार की चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स (सीएसके) और पिछली उपविजेता सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच)आईपीएल 2025 में जीत की राह पर वापस लौटने के लिए चेन्नै के चिदाम्बरम स्टेडियम में शुक्रवार को आमने- सामने होंगी। नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोट के चलते बाहर होने से फिर से कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे महेंद्र सिंह धोनी को अब मान लेना चाहिए कि वह बतौर बल्लेबाज वह अपना करिश्मा गंवा चुके हैं। 43 बरस के धोनी बतौर बल्लेबाज खुद अपनी छाया ही नजर आ रहे हैं। ऋतुराज गायकवाड़ के आईपीएल से बाहर होने से सीएसके ने मुंबई के आयुष म्हात्रे को अपनी टीम में शामिल किया है और उन्होंने अपने घरेलू मैदान मुंबई में अपनी टीम की मुंबई इंडियंस से नौ विकेट से करारी हार के बावजूद शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा के अर्द्धशतकों के साथ मात्र 15 गेंदों पर दो छक्कों और चार चौकों की मदद से 32 रन की आकर्षक पारी खेली और इससे उनके राज्य मुंबई के साथी 360 डिग्री सूर्य कुमार यादव ने उनकी पीठ थपथपाई थी। चेन्नै सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद से पिछले पांच में से तीन मैच जीते हैं और वह अपने घर मे जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने उतरेगी।

चेन्नै के लिए न्यूजीलैंड के नौजवान सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र और डेवॉन कॉनवे ने अच्छे आगाज को जारी नहीं रख पाए। मौजूदा आईपीएल के अपना आधा सफर पूरा करने के बाद पिच पर बराबर मैचों से पिचों के टूटने से अब चेन्नै सुपर किंग्स का अपने घर चेन्नै में स्पिन टू विन का मंत्र कारगर हो सकता है। चेन्नै के पास अपनी चेन्नै की स्पिन होती पिच पर बाए हाथ के कलाई के स्पनिर नूर अहमद(8 मैच, 12 विकेट),रवींद्र जडेजा ( 8 मैच, 5 विकेट), ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन( 7 मैच ,5 विकेट) के रूप में मजबूत स्पिन त्रिमूर्ति है। साथ ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील मैच (8 मैच, 11 विकेट), मतीशा पथिराना ( छह मैचों में सात विकेट) के रूप में शुरू और खासतौर पर डेथ ओवर में गेदबाजी करने में माहिर गेंदबाज हैं। चेन्नै के नूर, जडेजा और अश्विन की स्पिन त्रिमूर्ति सनराइजर्स हैदराबाद के ट्रेविज हेड, अभिषेक शर्मा और इशान किशन के रूप में उसके विस्फोटक बल्लेबाजों की त्रिमूर्ति पर लगाम लगा उसे तेज आगाज करन से रोक उसका पूरा गणित बिगाड़ सकती है।

चेन्नै सुपर किंग्स के लिए शिवम दुबे ने एक अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा 230 रन, रचिन रवींद्र ने एक अर्द्धशतक सहित 191 रन, रवींद्र जडेजा ने एक अर्द्धशतक सहित 145 रन, विजय शंकर ने एक अर्द्धशतक सहित 118 रन, धोनी ने आठ मैचों में 131 रन, डेवॉन कॉनवे ने एक अर्द्धशतक सहित तीन मैचों में 94, राहुल त्रिपाठी ने पाच मैचो मे 55 रन बनाए। सच तो है चेन्नै की मौजूदा सीजन में नाकामी का सबसे बड़ा कारण बल्लेबाजी इकाई के रूप में उसकी नाकामी है। चेन्नै को जीत की राह पर लौटना है तो उसे खासतौर बल्लेबाजी में एक इकाई के रूप में दमदार बल्लेबाजी की जरुरत होगी। सनराइजर्स हैदराबाद के पास लेग स्पिनर जीशान अंसारी के साथ बाएं हाथ उपयोगी स्पिनर के रूप मे विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रेविज हेड हैं।

## मुंबई इंडियंस ने डेथ ओवर वाली गेंदबाजी समय से पहले ही शुरू कर दी: धोनी



हमने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई मे घटिया प्रदर्शन किया। हमें मालूम था कि बाद में पिच पर औस आएगी। मुंबई इंडियंस के पास जसप्रीत बुमराह के रूप में आखिर के मारधाड़ वाले ओवरों के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। मुंबई इंडियंस ने डेथ ओवर वाली गेंदबाजी समय से पहले ही शुरु कर दी। हमें इसका लाभ उठा कर रन बनाने चाहिए थे। नौजवान आयुष म्हात्रे ने अच्छी बल्लेबाजी की और बढ़िया ढंग से शॉट खेले। आयुष को हमने भी बल्लेबाजी करते बहुत नहीं देखा है लेकिन मुझे उनकी बल्लेबाजी देख कर लगा कि वह अपने शॉट खेलना पसंद करते हैं। वानखेड़े की पिच पर कोई कोई गेंद रुक कर आ रही थी और मुंबई के बल्लेबाजों ने स्पिन गेंदबाजी को बढ़िया ढंग से खेला। हम अच्छा स्कोर बना नहीं पाए। आप यदि शुरु के छह ओवर में बहुत ज्यादा रन दे देते हं तो फिर मुश्किल हा जाता है। हमें यह बात समझनी होगी कि अतीत में बढ़िया क्रिकेट खेल कर हमने कामयाबी हासिल की है। हमें बहुत भावुक होने की जरूरत नहीं है। हम सही क्रिकेट खेलने और बढ़िया स्कोर खड़ा करने की जरूरत है। हमें कैच लपकने होंगे। हमें एक समय केवल एक मैच की बाबत सोचना होगा। हमें हम यदि प्ले ऑफ के लिए क्वॉलिफाई नहीं करते तो अगले सीजन के लिए संयोजन को देखना होगा।

## शुरू में लड़खड़ाने के बाद हम संभल नहीं पाए : कमिंस



'क्लासेन और अभिनव मनोहर ने बढ़िया बल्लेबाजी कर हमें मुंबई के खिलाफ एक सम्मानजक स्कोर तक पहुंचाया। शुरू में विकेट गंवाने के बाद जरूरत अपनी पारी संभालने की थी लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। हमने मैच से पहले हैदराबाद की पिच की बाबत चर्चा की थी। आपको हर बाद जरूरत पिच के मिजाज को भांपने की होती है। पहले मैच में हमने है राबाद में 280 से ज्यादा का स्कोर बनाया लेकिन अगले में हम इस पर सस्ते में सिमट गए। यही टी 20 क्रिकेट है आपको मालूम नहीं होता कि क्या होने वाला है। हमें अब अपने घर से बाहर कुछ मैच खेलते हैं। वहां भी हमें पिच को जल्द भांपना होगाँ कई बार शुरू से दे दनादन की रणनीति कारगर रहती है और और कई बार आपको धीहम धळीमे अपनी पारी आगे बढ़ानी पड़ती है।

## एसआरएच ने एमआई से हार में परिस्थितियों को गलत समझा : विटोरी



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद का आईपीएल 2025 अभियान बुधवार रात को बद से बदतर हो गया, क्योंकि उन्हें सीजन की छठी हार का सामना करना पड़ा - इस बार मुंबई इंडियंस के हाथों। शुरुआती मूवमेंट वाली सतह पर बराबर स्कोर का पीछा करते हुए, स्क्रा॥ पहले पांच ओवरों में 13/4 पर लड़खड़ा गया। मैच के बाद हेड कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि पावरप्ले का अधिकतम इस्तेमाल करने की टीम की रणनीति पूरी तरह से विफल रही। मुझे लगता है कि टॉस महत्वपूर्ण था। हम पहले गेंदबाजी करना चाहते थे क्योंकि परिस्थितियां बहुत अलग थीं, (यह पिछले विकेटों से अलग) विकेट था। मेरा मतलब है, हमने चर्चा की थी कि यह 280, 250 रन का विकेट है। इसलिए परिस्थितियां नाटकीय रूप से बदल गईं। इसलिए पहले से ही यह आकलन कर पाना कि बराबर स्कोर क्या था, जाहिर तौर पर मुश्किल है। जब आप शुरुआत में ही वहां जाते हैं, तो आप स्पष्ट रूप से पावर प्ले को अधिकतम करने की कोशिश करते हैं। और दुर्भाग्य से, हम ऐसा करने में सक्षम नहीं थे, और हम लगातार विकेट खोते रहे। एक बार जब हमें एहसास हुआ कि सतह वैसी नहीं थी जैसी हमने उम्मीद की थी, तो हमें उस तरह के 180 के स्कोर की ओर बढ़ना था। दुर्भाग्य से, ऐसा करना मुश्किल है जब पावर प्ले के बाद आपका स्कोर 24/4 हो। पावरप्ले में एसआरएच का अत्यधिक आक्रामक इरादा, जिसने उन्हें सीजन की शुरुआत में सफलता दिलाई थी, तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल विकेट पर उनकी हार का कारण बना। दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट ने नई गेंद से परिस्थितियों का फायदा उठाया और विटोरी ने टीम की जल्दी से खुद को ढालने में विफलता को स्वीकार किया।

# केंद्रीय खेल मंत्री मंडाविया ने एनसीएसएसआर का किया उदघाटन

### बोले, हमें 2036 ओलंपिक को भारत में लाने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना होगा



■ डिजिलॉकर के माध्यम से खेल प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा की भी शुरुआत

■ मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई सभी खेल पहल एथलीट-केंद्रित है

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय युवा मामलों एवं खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नैशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एवं रिसर्च (एनसीएसएसआर) का नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में बृहस्पतिवार को यहां उदघाटन किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने इसके बाद यहीं डिजिलॉकर के माध्यम से खेल प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा की भी शुरुआत की। डिजिलॉकर के माध्यम से खेल प्रमाण पत्र जारी से खिलाड़ियों के साथ उनके प्रमाणपत्रों को लेकर किसी भी तरह धोखाधड़ी और गड़बड़ी को रोका जा सकेगा।

डिजिलॉकर, दस्तावेजों और प्रमाण पत्रों के भंडारण, आसान साझाकरण और सत्यापन के लिए एक क्लाउड-आधारित मंच है। नैशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एवं रिसर्च यानी राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र की खेल प्रकोष्ठ में वापसी खिलाड़ियों के लिए बेहद कारगर होगी। खेल मंत्री मंडाविया ने कहा, मै बेशक राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ)में दखल पसंद नहीं करता। लेकिन खेल संघों को सरकार की 'एथलीट-केंद्रित नीति से भटकने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होने कहा कि मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई सभी खेल पहल एथलीट-केंद्रित हैं । मंडाविया ने मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2024, मसौदा राष्ट्रीय खेल नीति 2024 और खेलों में आयु धोखाधड़ी के खिलाफ मसौदा राष्ट्रीय संहिता (एनसीएएएफएसएस) 2025 का उदाहरण देते हुए ये भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुशासन सुनिश्चित करने के सरकार के संकल्प को दर्शाते हैं।उन्होंने घोषणा की कि डिजी लॉकर के माध्यम से जारी किए गए खेल प्रमाण-पत्रों को जल्द ही राष्ट्रीय खेल रिपोजिटरी प्रणाली (एनएसआरएस) के साथ एकीकृत किया जाएगा, जिससे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से सरकारी नकद पुरस्कारों का स्वतन्वितरण सीधे एथलीटों के बैंक खातों में हो सकेगा और कागजी आवेदन की जरूरत खत्म हो जाएगी। सरकार की पहल को सराहते हुए ओलंपिक रजत पदक पदक विजेता व मेजर ध्यान चंद खेल रत्न विजेता मीराबाई चानू ने कहा, 'डिजिलॉकर वाकई खिलाड़ियों के लिए बढ़िया योजना है। डिजिलॉकर के जरिए खेल प्रमाण पत्र जारी किए जाने से मुझ जैसी सभी खिलाड़ियों का तनाव खत्म हो जाएगा। अक्सर खिलाड़ियों को कुछ दस्तावेजों के लिए घर वापस लौटना पड़ता है - जैसे सरकारी नौकरी, वीजा आदि - क्योंकि हम उन्हें हमेशा अपने साथ नहीं रखते हैं। मैं इस पहल के लिए सभी खिलाड़ियों की ओर से केंद्रीय खेल मंत्री का आभार जताना चाहूंगी।' मंडाविया ने भारत की 2036 ओलंपिक की दावेदारी को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय खेल संघों में गुटबाजी और भाई-भतीजावाद को समाप्त करने को कहा। उन्होंने कहा, ' हमें 2036 ओलंपिक को भारत में लाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना होगा।

## गौरव प्रताप सिंह ने 63 का कोर्स रिकॉर्ड बनाकर बढ़त हासिल की



**बेंगलुरु,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। नोएडा के गौरव प्रताप सिंह ने नौ-अंडर 63 का कोर्स रिकॉर्ड स्कोर बनाया और बेंगलुरु के प्रेस्टीज गोल्फशायर क्लब में खेले जा रहे 2 करोड़ रुपये इनामी कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण 2025 में पहले दौर की बढ़त हासिल की। गौरव के शानदार प्रदर्शन ने राशिद खान द्वारा 2012 में बनाए गए पांच-अंडर 67 के पिछले कोर्स रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दिल्ली के अर्जुन प्रसाद, जो पिछले सप्ताह दिल्ली में दूसरे स्थान पर रहे, ने आठ-अंडर 64 के साथ अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और पहले दिन दूसरे स्थान पर रहे। बेंगलुरु के खलिन जोशी ने 65 का स्कोर बनाया और पुरुष और महिला पेशेवरों के मिश्रित क्षेत्र वाले अपनी तरह के पहले पीजीटीआई इवेंट में तीसरे स्थान पर रहे। गगनजीत भुल्लर, ओम प्रकाश चौहान और युवराज संधू 67 के स्कोर के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रहे। महिला गोल्फरों में हिताशी बक्शी का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा, उन्होंने 69 का स्कोर किया और संयुक्त 19वें स्थान पर रहीं। गौरव प्रताप सिंह ने अपने दिन की शुरुआत पहले होल पर टैप-इन बर्डी से की और उसके बाद पांचवें होल पर 20-फीट ईगल कन्वर्जन किया। 3-वुड के साथ कुछ बेहतरीन टी शॉट और शानदार वेज-प्ले की मदद से गौरव, जो पीजीटीआई मुख्य टूर पर दो सहित चार प्रो खिताब जीत चुके हैं, ने आठवें और 16वें होल के बीच पांच और बर्डी हासिल कीं। 40 वर्षीय खिलाड़ी ने आखिरकार 17वें होल पर बर्डी के लिए 15-फुटर लगाया और दिन का अंत 63 के शानदार स्कोर के साथ किया। इस सत्र में पांच शीर्ष-10 के साथ पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में दूसरे स्थान पर मौजूद अर्जुन प्रसाद ने गुरुवार को नौ बर्डी और एक बोगी लगाई।

## सार संक्षेप

### अलकाराज ने चोट के कारण मैड्रिड ओपन से नाम वापस लिया

**मैड्रिड।** दो बार के चैंपियन कार्लोस अलकाराज ने बार्सिलोना में लगी एडक्टर चोट और बाएं पैर में एक अलग चोट के कारण मैड्रिड ओपन, एटीपी 1` मास्टर्स इवेंट से नाम वापस ले लिया है। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरुवार को टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस फैसले की घोषणा की। अलकाराज ने कहा कि हमने जोखिम नहीं लेने, भविष्य के लिए स्थिति को और खराब नहीं करने और अपने शरीर की बात सुनने का फैसला किया है। हमें कठिन निर्णय लेने होंगे, लेकिन हमने सही निर्णय लिया है। मैं आराम करने, ठीक होने और जल्द से जल्द कोर्ट पर वापस आने की कोशिश करूंगा। पिछले हफ्ते बार्सिलोना फाइनलल में होल्गर रून से हारने के दौरान स्पैनियार्ड ने अपने ऊपरी दाएं पैर का उपचार करवाया था। अलकाराज को उम्मीद थी कि वह एटीपी मास्टर्स 1` इवेंट में खेलने के लिए फिट हो जाएंगे, लेकिन उन्हें लगता है कि टूर्नामेंट बहुत जल्दी आ गया है। अलकाराज ने कहा कि बार्सिलोना फाइनल में मुझे पैर में कुछ महसूस हुआ, लेकिन मुझे नहीं लगा कि यह इतना गंभीर है।

### रॉयल रेंजर्स, ड्रीम एफसी और एमिटी की रोमांचक जीत

**नई दिल्ली।** अनीता की शानदार हैट्रिक की मदद से रॉयल रेंजर्स ने सिटी एफसी को 3-` से हरा कर डीएसए महिला प्रीमियर लीग में शानदार जीत दर्ज की। नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के पहले मैच में हंस कैपिटल फुटबाल क्लब ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब पर 4-2 की जीत दर्ज की। विजेता के लिए दो शानदार गोल करने वाली सृष्टि कुमार को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। वी चिंग और पायल ने एक-एक गोल बांटे। वहीं ईव्स के लिए नैंसी और नेहा ने एक-एक गोल किये। पुरुषों की ए डिवीजन के एक मैच में आशुतोष के दो दर्शनीय गोलों से द ड्रीम टीम ने उत्तराखंड फुटबाल क्लब को 2-` से पराजित किया। विजेता टीम ने अधिकांश समय दबदबा बनाया लेकिन कई आसान मौके गँवाए। वरना जीत का अंतर बड़ा हो सकता था। अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए सीनियर डिवीजन लीग के मैच में एमिटी इंडियन नेशनल फुटबाल क्लब ने अहबाब एफसी को 5-3 से हराया।

## कमिंस ने एसआरएच की हार के लिए एंकर की कमी को जिम्मेदार ठहराया



**हैदराबाद,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि उनकी टीम की पारी में स्थिरता की कमी थी, क्योंकि वे आईपीएल 2025 के 41वें मैच में राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सात विकेट से हार गए। मैच के बाद, कमिंस ने हेनरिक क्लासेन और अभिनव मनोहर को एसआरएच को गेंदबाजी करने के लिए कुछ देने का श्रेय दिया, लेकिन स्वीकार किया कि यह पर्याप्त नहीं था। एसआरएच के 35 रन पर 5 विकेट जल्दी गिरने का जिक्र करते हुए कमिंस ने कहा कि अभिनव और क्लासी ने हमें अच्छे स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन हम इस पारी को आगे नहीं बढ़ा सके। पारी को वास्तव में स्थिर करने के लिए एक खिलाड़ी की जरूरत थी। मैच की शुरुआत में चिपचिपा और धीमा दिखाई देने वाली सतह पर, एसआरएच ने पावरप्ले में चार विकेट खो दिए - सीजन का सबसे कम पावरप्ले स्कोर - क्योंकि मुंबई की नई गेंद की जोड़ी, ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर ने कमाल कर दिया। क्लासेन की 44 गेंदों पर 71 रनों की जुझारू पारी और अभिनव मनोहर के धैर्यपूर्ण 43 रनों की बदौलत एसआरएच ने 8 विकेट पर 143 रन बनाए। कमिंस ने सतह की प्रकृति और टी20 क्रिकेट में बढ़िया मार्जिन पर विचार किया। उन्होंने कहा कि आपको यहां अपनी पारी बनानी होगी।

### नदीम ने नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेने से किया इंकार

**मुंबई,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन अरशद नदीम ने बेंगलुरू में होने वाली आगामी नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। यह जानकारी पाकिस्तानी मीडिया में आई है। अरशद नदीम ने अपने मौजूदा कार्यक्रम के साथ टकराव को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग न लेने का कारण बताया है। यह एक दिवसीय प्रतियोगिता है जिसका आयोजन 24 मई को बेंगलुरू के श्री कांतीरवा स्टेडियम में किया जाएगा। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट ने अरशद के हवाले से कहा कि मैंने निमंत्रण अस्वीकार कर दिया है क्योंकि मेरा कार्यक्रम एक साल पहले ही तय हो चुका था और मैं 27 मई से दक्षिण कोरिया में होने वाली एशियाई प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहा हूं। अरशद फिलहाल अपने गृहनगर मियां चन्नू में छुट्टियां मना रहे हैं।

## रोहित विश्व स्तरीय खिलाड़ी : बोल्ट





**हैदराबाद,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की प्रशंसा की है, जिन्होंने लगातार दो अर्द्धशतक जड़कर पांच बार की चैंपियन टीम को आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की दौड़ में वापस ला दिया है। सनराइजर्स हैदराबाद पर मुंबई इंडियंस की सात विकेट की शानदार जीत के बाद, बोल्ट ने रोहित को 'विश्व स्तरीय' खिलाड़ी बताया, जिसका फॉर्म टीम के रिकॉर्ड छठे खिताब की तलाश में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मैच के बाद मीडिया से बातचीत में बोल्ट ने कहा कि मुझे लगता है कि पूरी मुंबई इंडियंस टीम में कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और जाहिर तौर पर रोहित को इस संबंध में किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि हर कोई किसी न किसी मौके पर योगदान देना चाहता है, लेकिन रोहित हाल ही में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और सही समय पर अच्छा खेल रहे हैं। इसलिए वह सीजन के बाकी बचे हिस्से में हमारे लिए बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि आपको किसी भी भूमिका के लिए तैयार रहने की जरूरत है। रोहित ने 46 गेंदों पर 70 रन की शानदार पारी खेली, जिससे मुंबई ने 15.4 ओवर में 144 रनों का मामूली लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले बोल्ट ने नई गेंद से 4-26 विकेट लिए थे, जिससे एसआरएच का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया था। इस जीत ने न केवल मुंबई की प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा, बल्कि उनके नेट रन रेट को भी काफी हद तक बढ़ाया, जिससे वे अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बोल्ट ने कहा कि वह नए कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में अपने समय का आनंद ले रहे हैं। हार्दिक एक जोशीले क्रिकेटर हैं। वह आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं और अच्छी तरह से संवाद करते हैं। वह मेरे पसंदीदा भारतीय क्रिकेटरों में से एक हैं और उनके नेतृत्व में खेलना एक ताजा अनुभव है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में मैं मैच के किसी भी चरण में गेंदबाजी करने के लिए तैयार था। मैं 10 आईपीएल सीजन खेलने के लिए काफी भाग्यशाली रहा हूं, जहां हर बार एक ही तरह की रेसिपी नहीं रही।

# हॉकी इंडिया ने की राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 54 सदस्यीय दल की घोषणा

■ यह शिविर 25 अप्रैल 2025 को बेंगलुरु के साई सेंटर में शुरू होगा

■ 54 खिलाड़ियों में से 38 को मौजूदा कोर ग्रुप से बरकरार रखा गया है



**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने आगामी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 54 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची घोषित की है। यह शिविर 25 अप्रैल 2025 को बेंगलुरु के साई सेंटर में शुरू होगा। उत्तर प्रदेश के झांसी में आयोजित 15वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में उनके प्रदर्शन के आधार पर हॉकी इंडिया ने आगामी राष्ट्रीय शिविर के लिए 54 खिलाड़ियों के एक कोर ग्रुप का चयन किया है। यह शिविर 25 से 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसके दौरान समूह का मूल्यांकन किया जाएगा और उसके बाद खिलाड़ियों की सूची को 40 तक लाया जाएगा। चयनित 40 खिलाड़ी 1 से 25 मई तक निर्धारित शिविर के अगले चरण में प्रशिक्षण जारी रखेंगे। 54 खिलाड़ियों में से 38 को मौजूदा कोर ग्रुप से बरकरार रखा गया है। बाकी खिलाड़ियों को हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है, जिसमें हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी पंजाब, यूपी हॉकी, हॉकी बंगाल और मणिपुर हॉकी के खिलाड़ी शामिल हैं। मौजूदा कोर ग्रुप से बरकरार रखे गए खिलाड़ियों में कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, पवन, मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, अमनदीप लाकड़ा, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय, यशदीप सिवाच, मोहम्मद राहील मौसीन, राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, सुमित, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, पूवन्ना चंदुरा बॉबी, राजिंदर सिंह, विष्णु कांत सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, आदित्य अर्जुन लालगे, बॉबी सिंह धामी, सेल्वम कार्थी, सुनील जोजो, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सुदीप चिरमाको और अंगद बीर सिंह शामिल हैं।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.104 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.657 |
| 3- | मुंबई इंडियंस | 9 | 5 | 4 | 10 | +0. 673 |
| 4- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.472 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.054 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 8 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.633 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.361 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.392 |

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 3.24 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमेंट | 1.77 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.26 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.94 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.87 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 4.00 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.96 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.53 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.17 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.57 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 96,188 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,685 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.40 | 89.74 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.52 | 120.08 |
| यूरो | 89.12 | 103.36 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.39 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारत में वर्ष 2026 तक 120 से ज्यादा नए मिड-साइज जीसीसी होंगे स्थापित

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में मिड-साइज वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) का तेजी से विकास हो रहा है, जिसने समग्र जीसीसी मार्केट को पीछे छोड़ते हुए बाजार औसत 4.5 प्रतिशत के मुकाबले 6.2 प्रतिशत सीएजीआर वृद्धि दर्ज करवाई है। यह जानकारी गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। इंडक्स जीसीसी सर्वे के अनुसार, भारत में 2026 तक 120 से ज्यादा नए मिड-साइज जीसीसी की स्थापना के साथ 40,000 नई नौकरियों के अवसर मिलेंगे। वर्तमान में 800 से अधिक केंद्रों के मौजूदा आधार पर 2,20,000 पेशेवर काम कर रहे हैं।

देश में मिड-मार्केट जीसीसी सेगमेंट में 2024-2026 के बीच 15-20 प्रतिशत राजस्व वृद्धि देखे जाने की उम्मीद है, जो वैश्विक कंपनियों द्वारा इन परिचालनों में मजबूत विश्वास को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 200 से 1,000 पेशेवरों को रोजगार देने वाले मिड-साइज कॉरपोरेशन तेजी से ऐसी ग्लोबल कंपनियों के लिए रणनीतिक प्राथमिकता बन रहे हैं, जो



- 40 हजार नई नौकरियों के मिलेंगे अवसर
- वर्तमान में 800 से अधिक केंद्रों पर 2,20,000 पेशेवर कर रहे काम

स्पेशल एक्सपर्टाइज और ऑपरेशनल फ्लेक्सिबिलिटी की तलाश कर रहीं हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 65 प्रतिशत मिड-साइज कॉरपोरेशन अगले दो वर्षों में अपने जीसीसी निवेश को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं, क्योंकि वे अपने इनोवेशन एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए अपने भारतीय परिचालन को महत्वपूर्ण मानते हैं।

कंपनियों ने दूसरे ग्लोबल लोकेशन की तुलना में भारतीय जीसीसी का लाभ उठाकर 30-40 प्रतिशत की कटौती के साथ पर्याप्त लागत लाभ की रिपोर्ट की है। इससे संगठनों को इनोवेशन और दूसरी रणनीतिक पहलों के लिए बचत को फिर से आवंटित करने की सुविधा मिलती है।

## असम की बॉयो रिफाइनरी में बांस से बनेगा इथेनॉल



**उत्तर-पूर्व के किसानों की बढ़ेगी आय**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और किसानों की आय को बढ़ाने के लिए इथेनॉल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में अब असम में भी बॉयो-इथेनॉल प्लांट करीब तैयार हो गया है। असम बॉयो-इथेनॉल प्लांट की क्षमता 49 किलो टन प्रति वर्ष (केटीपीए) होगी। इस प्लांट में बांस से इथेनॉल का उत्पादन किया जाएगा और इससे उत्तर-पूर्व के करीब 30,000 ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर गुरुवार को कहा कि पर्यावरण और हमारी आर्थिक उन्नति के बीच बेहतर तालमेल को दर्शाते ये तस्वीरें असम बॉयो-इथेनॉल प्लांट की हैं, जहां ग्रीन गोल्ड यानि बांस से इथेनॉल का उत्पादन होने जा रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि 49 केटीपीए उत्पादन क्षमता वाली इस बॉयो रिफाइनरी से 30,000 ग्रामीण परिवारों के जीवन में नया सूर्योदय होगा। यह असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और नागालैंड के बांस किसानों के आर्थिक जीवन को और समृद्ध करने के लिए लगभग तैयार है। पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अन्नदाता से ऊर्जादाता का मंत्र किसानों की आय बढ़ाता है। साथ ही रोजगार के नए अवसर पैदा करता है और देश का धन बचाने के

## ग्लोबल ट्रेड वार के बीच यूबीएस ने भारत को किया अपग्रेड

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म यूबीएस ग्रुप एजी ने भारत को अंडरवेट से अपग्रेड कर न्यूट्रल कर दिया है। यह अपग्रेड ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में बढ़ोतरी के कारण अंतरराष्ट्रीय व्यापार अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूबीएस कहा कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत है और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी प्रति शेयर आय (ईपीएस) में बढ़त बनी हुई है। वहीं, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी देश की अर्थव्यवस्था को फायदा होगा।

ब्रोकरेज फर्म ने आगे कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के सकारात्मक पहलुओं में से एक यह है कि जमा वृद्धि में सुस्ती के बावजूद बैंकों द्वारा जमा दरों को कम करने की बढ़ती इच्छा और सरकार द्वारा खपत को बढ़ाने के उपाय शामिल हैं।

यूबीएस के रणनीतिकार सुनील तिरुमलाई ने गुरुवार को



- कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से देश को होगा फायदा

जारी एक नोट में लिखा है कि डिफेंसिव और घरेलू अर्थव्यवस्था पर केंद्रित शेयरों के प्रति बढ़ती प्राथमिकता के बीच वैश्विक ब्रोकरेज भारतीय बाजार के प्रति अधिक आशावादी हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि, कंपनियों के सामान्य प्रदर्शन के मुकाबले वैल्यूएशन अभी भी महंगे लग रहे हैं, लेकिन भारत अपनी घरेलू केंद्रित अर्थव्यवस्था के कारण व्यापार अनिश्चितता के बीच रक्षात्मक दिख रहा है। साथ ही कच्चे तेल की कीमत में कमी का फायदा देश को मिल रहा है।

## भारत में एक करोड़ रुपए की कीमत वाले घरों की मांग बढ़ी

**मुंबई,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। इस साल की पहली तिमाही में एक करोड़ रुपए और उससे अधिक के घरों की मांग में बढ़ोतरी हुई है, जिससे देश में कुल घरों की बिक्री का आंकड़ा 65 हजार से अधिक हो गया है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।



जेएलएल की रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी-मार्च अवधि में घरों की बिक्री में मामूली गिरावट दर्ज की गई है और कुल 65,246 यूनिट्स की बिक्री हुई है। इस गिरावट के सीमित होने की वजह 3-5 करोड़ रुपए और 1.5-3 करोड़ रुपए के घरों की मांग में बढ़ोतरी होना है।

रिपोर्ट में बताया गया कि अधिक कीमत वाले घरों की मांग में लगातार वृद्धि से घर खरीदने वालों के बीच बढ़ती समृद्धि, बदलती जीवनशैली प्राथमिकताओं और बड़ी एवं प्रीमियम एसेट्स को प्राथमिकता देने का संकेत मिलता है। रिपोर्ट के अनुसार, देश की शीर्ष सात शहरों में घरों की बिक्री में बेंगलुरु, मुंबई और पुणे का वर्चस्व रहा है और इन शहरों की कुल बिक्री में हिस्सेदारी 66 प्रतिशत की रही है।

## भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा दे रही सरकार

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने के लिए नए सुधारों का ऐलान किया। नए सुधार पर्यावरण के लिए अधिक अनुकूल हैं, क्योंकि भूमिगत कोयला खनन से खुले खदानों में खनन की तुलना में सतह पर काफी कम बाधाएं उत्पन्न होती हैं।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंत्रालय ने एडवांस टेक्नोलॉजी को अपनाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी नीतिगत उपायों की एक सीरिज शुरू की है, जिसमें निरंतर माइनर्स, लॉन्गवॉल सिस्टम, रिमोट सेंसिंग टूल्स और एआई-आधारित सुरक्षा तंत्र शामिल हैं, जो इकोसिस्टम संतुलन सुनिश्चित करते हुए उत्पादकता को बढ़ावा देंगे।

मंत्रालय ने बताया कि यह बड़े सुधार उच्च पूंजी निवेश और लंबी



**सरकार ने नए सुधारों का किया ऐलान**

निर्माण अवधि जैसी पारंपरिक चुनौतियों का समाधान करेंगे। नए सुधार सतत विकास के व्यापक दृष्टिकोण के साथ तालमेल बिठाते हुए कोयला इकोसिस्टम को आधुनिक बनाने के सरकार के संकल्प की पुष्टि करते हैं। इन सुधारों के तहत भूमिगत कोयला खनन के विकास को गति देने के लिए प्रोत्साहनों का एक मजबूत पैकेज शुरू किया गया है। इसमें भूमिगत कोयला खदानों के लिए राजस्व हिस्सेदारी के न्यूनतम प्रतिशत को 4 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करना शामिल है। यह टारगेटेड कटौती पर्याप्त राजकोषीय राहत प्रदान करती है और भूमिगत परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता को बढ़ाती है। इसके अतिरिक्त भूमिगत खनन के लिए अनिवार्य एडवांस पेमेंट की आवश्यकता को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। यह उपाय एक बड़ी वित्तीय बाधा को दूर करता है और निजी क्षेत्र से व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करता है और परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन की सुविधा प्रदान करता है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह सुधार निवेश-अनुकूल और नवाचार-संचालित कोयला क्षेत्र को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं।

**सार संक्षेप**

### ग्रीनलाइन की ग्लोबल लीडर बेकर्ट के साथ साझेदारी

**मुंबई।** भारत के गैस-बेस्ड इकोनॉमी के विजन के तहत एस्सार वेंचर ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने टायर रीइन्फोर्समेंट टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर बेकर्ट के साथ साझेदारी का हाथ बढ़ाया है। यह साझेदारी रोड लॉजिस्टिक्स को डीकार्बोनाइज करने से जुड़ी है। ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड भारत में एलएनजी और इलेक्ट्रिक-पावर्ड हैवी कमर्शियल ट्रकों का एकमात्र ग्रीन लॉजिस्टिक्स ऑपरेटर है। इस साझेदारी की शुरुआत ग्रीनलाइन के एलएनजी-पावर्ड ट्रक को बेकर्ट के रंजनगांव प्लांट में लाने के साथ की गई है, जो एक पायलट फेज की शुरुआत है। इसका उद्देश्य बेकर्ट के लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन के कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है। प्रत्येक ग्रीनलाइन एलएनजी ट्रक से सालाना 24 टन तक सीओ2 उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है, जिससे बेकर्ट के वर्ष 25 तक कार्बन नेट-जीरो बनने और सस्टेनेबल सॉल्यूशन से 65 प्रतिशत बिक्री लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का मुनाफा बढ़ा

**अहमदाबाद।** अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने गुरुवार को कहा कि वित्त वर्ष 25 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 13 प्रतिशत बढ़कर ऑल-टाइम हाई 2,427 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इसके साथ ही, जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी का मुनाफा 87 प्रतिशत बढ़कर 714 करोड़ रुपए हो गया है। वित्त वर्ष 25 में अडाणी ग्रुप की कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर 24,447 करोड़ रुपए हो गई है। इसकी वजह ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स से आय में इजाफा, मुंबई एवं मुंद्रा में बिजली की रिकॉर्ड बिक्री और स्मार्ट मीटर बिजनेस का अच्छा प्रदर्शन करना है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 25 में 24,447 करोड़ रुपए की आय में से 5,64 करोड़ रुपए आईएनडी-एएस 115 के तहत सर्विस कंसेशन एग्रीमेंट (एससीए) के तहत आए हैं। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 24 में 858 करोड़ रुपए था।

### रेनो का भारत में नया डिजाइन सेंटर

**चेन्नई।** फ्रांस के रेनो समूह के पूर्ण स्वामित्व वाली भारतीय कंपनी रेनो इंडिया ने रेनो डिजाइन सेंटर चेन्नई का उद्घाटन करते हुए भारत पर केंद्रित अपनी नई रणनीति रेनॉल्यूशन इंटरनेशनल पेश की है। कंपनी ने गुरुवार को यहां कहा कि इस रणनीति का मकसद बदलाव लाना है। चेन्नई में नए रेनो डिजाइन सेंटर का उद्घाटन हुआ है, जो बदलाव लाने और 'भारत में डिजाइन' के रेनो के सपने को आगे बढ़ाएगा। यह 'भारत में निर्माण' के मजबूत आधार पर काम करेगा। खासकर रेनो निसान टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस सेंटर इंडिया (आरएनटीबीसीआई) के करीब होने के कारण यह एक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में भी काम करेगा। रेनो ग्रुप के मुख्य डिजाइन अधिकारी लॉरेन्स वैन डेन एकर ने कहा कि भारत एक अनूठा और जीवंत देश है।


# दिग्गज कंपनियों में हुई मुनाफावसूली से बाजार ढेर

**मुंबई,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल समेत 16 दिग्गज कंपनियों में हुई मुनाफावसूली से शेयर बाजार पिछले लगातार सात कारोबारी सत्र की तेजी गंवाकर आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 315.06 अंक लुढ़ककर 80 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,801.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.25 अंक फिसलकर 24246.70 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.16 प्रतिशत उतरकर 43,590.49 अंक और स्मॉलकैप 0.01 प्रतिशत टूटकर 49,267.43 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1920 में लिवाली जबकि 2015 में बिकवाली हुई वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2930 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1441 में गिरावट जबकि 1404 में तेजी रही वहीं 85 में टिकाव रहा।

बीएसई में सर्विसेज, धातु, हेल्थकेयर और कमोडिटीज में 0.63 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों में मुनाफावसूली का दबाव रहा। इस दौरान सीडी 0.33, ऊर्जा 0.06, एफएमसीजी 0.82, वित्तीय सेवाएं 0.40, इंडस्ट्रियल्स 0.18, आईटी 0.11, दूरसंचार 0.28, यूटिलिटीज 0.28, ऑटो 0.22, बैंकिंग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.04, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.19, तेल एवं गैस 0.17, पावर 0.17, रियल्टी 1.39, टेक 0.59 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत लुढ़क गए।




- सेंसेक्स 315.06 अंक लुढ़ककर 79,801.43 अंक पर रहा
- निफ्टी 82.25 अंक फिसलकर 24246.70 अंक पर बंद

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10, जर्मनी का डैक्स 0.36 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.74 प्रतिशत गिर गया जबकि जापान का निक्केई 0.49 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.03 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 58 अंक की गिरावट लेकर 80,058.43 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,173.92 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, मुनाफावसूली होने से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 79,724.55 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,116.49 अंक के मुकाबले 0.39 प्रतिशत गिरकर 79,801.43 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर 4.00, भारती एयरटेल 1.96, आईसीआईसीआई बैंक 1.53, इटरनल 1.17, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.57, एचसीएल टेक 0.46, एचडीएफसी बैंक 0.35, कोटक बैंक 0.35, टीसीएस 0.32, बजाज फाइनेंस 0.30, इंफोसिस 0.24, एनटीपीसी 0.19, पावरग्रिड 0.19, अदानी पोर्ट्स 0.17, आईटीसी 0.15, मारुति 0.09 और एसबीआई 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसइंड बैंक 3.24, अल्ट्रासिमेंट 1.77, टाटा मोटर्स 1.26, टेक महिंद्रा 0.94, सन फार्मा 0.87, टाइटन 0.83, एशियन पेंट 0.47, बजाज फिनसर्व 0.29, टाटा स्टील 0.28, रिलायंस 0.13, एक्सिस बैंक 0.07, एलटी 0.03 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।

## क्रेडिफिन लिमिटेड ने 213.6 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई : गुप्ता

**जालंधर,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। अचल संपत्ति के बदले बंधक ऋण (संपत्ति के बदले ऋण या एलएपी) और ई-वाहनों, मुख्य रूप से ई-रिक्शा, ई-लोडर और ईवी दुपहिया वाहन को वित्तपोषण प्रदान करने वाली गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्रेडिफिन लिमिटेड (पहले पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड) ने इक्विटी और ऋण के रूप में 213.6 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई है।

क्रेडिफिन लिमिटेड के सीईओ शल्य गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि कंपनी भारत के मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध एनबीएफसी है। इसका मुख्यालय जालंधर और इसका कॉर्पोरेट कार्यालय दिल्ली-एनसीआर में है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने इक्विटी और ऋण के रूप में 2.49 करोड़ अमेरिकी डॉलर की पूंजी जुटाई है। इसमें लगभग 6.7 प्रतिशत इक्विटी और 93.3 प्रतिशत ऋण शामिल है। इस पैसे का इस्तेमाल कंपनी द्वारा अपने परिचालन वाले क्षेत्रों में देखी जा रही जोरदार वृद्धि को निधि देने के लिए किया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि क्रेडिफिन ने पिछले चार वर्षों में प्रभावशाली वृद्धि दर्ज करते हुए विकास की गति को तेज कर दिया है। यह मौजूदा कार्यालयों को मजबूत कर रहा है, तेजी से नए भौगोलिक क्षेत्र खोल रहा है और पारंपरिक ऋण चैनलों से पीछे छूट गए लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नए उत्पाद पेश कर रहा है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, चावल महंगा व अन्य जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से चावल महंगा हो गया वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 4134 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.26 सेंट की बढ़त लेकर 48.60 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों के लिए उच्च वृद्धि वाला बाजार बन रहा भारत

**उपभोक्ता उत्पादों की वृद्धि में तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा है भारत**

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत अब एक आकर्षक बाजार बनता जा रहा है, जो वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों को अच्छा मुनाफा देते हुए अपनी पिछली छवि को बदल रहा है। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई है।

भारत की सहयोगी कंपनियां कुछ प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के लिए अपने ग्लोबल पैरेंट कंपनियों की तुलना में दो से छह गुना के बीच कुल शेयरधारक रिटर्न देती हैं। बेन एंड कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, 100 मिलियन डॉलर के भारतीय राजस्व योगदान वाली कंपनियों पर ध्यान देने से जानकारी मिलती है कि 60 प्रतिशत भारतीय सहयोगी कंपनियों का राजस्व उनकी पैरेंट कंपनियों की वृद्धि दर से कम से कम दोगुना है। भारत में बेन के कंज्यूमर प्रोडक्ट प्रैक्टिस के प्रमुख रवि स्वरूप ने कहा कि



भारत में पहले से निवेश करने वाली कंपनियों को विकास, उच्च शेयरधारक रिटर्न और वैश्विक रूप से प्रासंगिक उत्पादों को आकार देने के अवसरों का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि जिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने बाजार में प्रवेश नहीं किया है, उन्हें अभी कार्रवाई करनी चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करती हैं तो उन्हें विकास और लॉन्ग टर्म रणनीतिक लाभ से चूकना पड़ सकता है।

पिछले दशक में उभरते बाजारों में भारत उपभोक्ता उत्पादों की वृद्धि में तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा है। अगले 5-6 वर्षों में देश वैश्विक स्तर पर कामकाजी आयु वर्ग की आबादी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करेगा। साथ ही टॉप पांच उभरते उपभोक्ता उत्पादों के बाजारों में प्रति व्यक्ति आय में सबसे तेज वृद्धि देखेगा, जिसमें चीन, ब्राजील, मैक्सिको और रूस जैसे देशों के नाम भी शामिल होंगे।

भारत को पारंपरिक रूप से बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एक कठिन बाजार माना जाता रहा है। बावजूद इसके देश ने बाधाओं को दूर कर तेजी से सुधार किए हैं। तेजी से डिजिटल तकनीक अपनाने, स्मार्टफोन और इंटरनेट की व्यापक पहुंच ने कंपनियों को भारत की विविध आबादी तक प्रभावी ढंग से पहुंचने में सक्षम बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स पारंपरिक और आधुनिक व्यापार चैनलों की तुलना में 2-3 गुना तेजी से बढ़े हैं।

# मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का किया वर्चुअल शुभारम्भ

## जिले के 50 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू





**बिलासपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का वर्चुअल शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश के ग्रामीणों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रदेश के चयनित ग्राम पंचायतो से सीधा संवाद किया। कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत केंदा में कार्यक्रम आयोजित किया गया।अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की भी शुरुआत की जिसमें सीएससी की सेवाओं के साथ वित्तीय समावेशन सेवाएं भी साथ में चालू की गई। जिसके तहत नगद आहरण, राशि हस्तांतरण, बीमा, पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन आदि सुविधाएं प्रदान की जाएगी। प्रदेश स्तर पर 1460 एवं जिले में ग्राम स्तर पर 50 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की शुरुआत की गई।

मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से योजना के सुचारू कियान्वयन आर्थिक एवं सामाजिक लाभ पर चर्चा की। श्री साय द्वारा मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण हेतु संकल्प एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताई। साथ ही राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री के बिहार के मधुबनी से उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, सभी पंच गण, ग्राम के गणमान्य नागरिक, महतारी वंदन के हितग्राही, प्रभारी उप संचालक श्रीमती शिवानी सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोटा युवराज सिंह करा.अधिकारी शिव कपूर मरकाम, ग्राम पंचायत सचिव सालिक राम, जिले की डीपीएम नरेंद्र जायसवाल, वी एल ई विकेंद्र मौजूद थे।

# छोटे और मध्यम उद्योगों के विकास को लेकर उद्योगपतियों की बैठक आयोजित

## केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के निर्देश पर दिल्ली से जानकारी देने आए अफसर



**बिलासपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू की विशेष पहल पर एमएसएमई भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित योजना के तहत बिलासपुर जिले में कृषि पर आधारित, फ्लाई ऐश तथा स्टील फेब्रिकेशन एवं अन्य उद्योगों पर आधारित एमएसएमई कलस्टर के लिए सीएफसी एवं सीडीपी (कलस्टर डेव्लपमेंट) की स्थापना की सम्भावना के संबंध में विकास आयुक्त एमएसएमई कार्यालय नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा आज जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा कक्ष में बैठक लिया गया।

भारत सरकार नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा योजना से होने वाले लाभ, उत्पाद की गुणवत्ता एवं बाजार के सम्भावनाओ के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित उद्योग संघ के पदाधिकारियो सहित उद्योगपतियो के द्वारा योजना के प्रति उत्साह के साथ जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। बैठक में एमएसएमई भारत सरकार नई दिल्ली के अमित कुमार तामरिया संयुक्त संचालक, सुभाषचंद सहायक संचालक एवं एमएसएमई रायपुर के. बी. इरपाते सहायक संचालक, उद्योग संचालनालय के सयुक्त संचालक शिव कुमार राठौर, मुख्य महाप्रबंधक एम.एल. कुशरे, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बिलासपुर एवं अन्य अधिकारी तथा छत्तीसगढ़ राज्य लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केड़िया, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह, जिला उद्योग संघ के महासचिव शरद सक्सेना, एवं विभिन्न उद्योगो के संगठनो के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में उद्योगपतिगण उपस्थित रहे। उद्योगपतियो के द्वारा आगामी बैठक शीघ्र आयोजन करने का अनुरोध किया गया।

## सार-संक्षेप



### पहलगाम में आतंकवादी हमले में मृतक पर्यटकों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**बिलासपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या ने सम्पूर्ण देश को स्तब्ध कर दिया है। इस कायराना हमले में 26 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई तथा 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सम्पूर्ण देश के लिए एक असहनीय पीड़ा है जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। इस राष्ट्रीय शोक की घड़ी में बिलासपुर रेलवे स्टेशन के टीटीई लॉबी के सामने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में मोमबत्ती जलाकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस. भारतीयन ने भी उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा हमले में पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। श्रद्धांजलि सभा में टिकट चेकिंग स्टॉफ के साथ-साथ रेलवे बुकिंग, पार्सल, सिविल डिफेन्स, आरपीएफ, रिजर्वेशन, कैरेज एवं ऑपरेटिंग स्टॉफ तथा मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारीगण शामिल हुए। बिलासपुर रेल मंडल परिवार शोक संतप्त परिवारों के साथ इस दुख की घड़ी में खड़ा है और इस अमानवीय कृत्य की घोर निंदा करता है।

### ब्रह्माकुमारीज़ परिवार ने मोमबत्ती जलाकर, मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की



**बिलासपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी के नेतृत्व में ब्रह्माकुमारीज सदस्यों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं घायल पर्यटकों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की गई। इस आतंकी हमले में शरीर छोड़ने वाले पर्यटकों, घायल हुए लोगो के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए बीके स्वाति दीदी ने कहा कि हमारे हर विचार जो हम उनके लिए करते हैं, वह ऊर्जा बनकर उन तक जरूर पहुँचते है, हमारी आध्यात्मिक ऊर्जा उन्हें भीतर से शक्ति और स्थिरता देती है। इस दुखद घटना में ब्रह्मकुमारीज परिवार द्वारा एक साथ मोमबत्ती जलाकर शांति और शक्ति के वाइब्रेशन प्रदान कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किये एवं 5 मिनट का मौन धारण किया गया।

### पहलगाम की घटना से देशभर में आक्रोश, संत समाज की ओर से आचार्य दिनेश ने की सख्त कार्रवाई की मांग

**बिलासपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई दर्दनाक और निंदनीय घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के सामने आने के बाद देशभर में आक्रोश की लहर है। आम जनता के साथ ही धर्म समाज, संत समुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इसी क्रम में बिलासपुर के सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ के पीठाधीश्वर एवं अखिल भारतीय संत समिति धर्म समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष आचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र ने भी इस घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल मानवता को शर्मसार करती हैं, बल्कि देश की एकता और अखंडता पर भी गहरा आघात पहुंचाती हैं। उन्होंने आगे कहा, यह केवल एक घटना नहीं है, यह हमारे समाज की नैतिकता पर हमला है। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। सरकार को चाहिए कि वह त्वरित जांच कर दोषियों को सार्वजनिक रूप से दंडित करे, ताकि समाज में एक सख्त संदेश जाए।

आचार्य डॉ. दिनेश चंद्र ने यह भी कहा कि धर्मगुरु, समाजसेवी और आम नागरिक एकजुट होकर इस प्रकार की घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाएं, जिससे भविष्य में कोई ऐसी दुस्साहसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में जिस तरह से पर्यटकों के हिंदू पहचान की पुष्टि कर उनकी निर्मम हत्या की गई उससे जनमानस में भारी असंतोष फैल गया है। सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है।

संत समाज की ओर से राज्य और केंद्र सरकार से यह मांग की गई है कि घटना की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि देशवासियों का न्याय व्यवस्था पर विश्वास बना रहे।

# आतंकवाद के खिलाफ सारा देश एकजुट सरकार करे कड़ी कार्रवाई-सिंहदेव

## पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा-साय सरकार सिर्फ चल रही है, काम कुछ नहीं हो रहा क्योंकि सरकार में कई पॉवर सेंटर्स हो गए है



**बिलासपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टी एस सिंहदेव ने आज यहां कहा कि आतंकी हमले के लिए कौन जिम्मेदार है और किसकी गलती है इस पर आने वाले दिनों में समीक्षा होती रहेगी लेकिन अभी आतंकवाद के खिलाफ सारा देश एकजुट है और सरकार के साथ है, आतंकवाद का खात्मा जरूरी है। सरकार को कड़ाई के साथ कार्रवाई करनी होगी।

कांग्रेस भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री सिंहदेव ने कांग्रेस संगठन, प्रदेश सरकार के कामकाज पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनाए जाने की संभावनाओं पर कहा कि बिलासपुर की मीडिया ने उन्हें सी एम तक बना दिया था। प्रदेश की साय सरकार के कामकाज पर उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में सरकार चल भर रही है। सरकार में कई पावर सेंटर्स है, अधिकारी समझ नहीं पा रहे है कि उन्हें किसकी बात माननी है और किसकी नहीं माननी है। कांग्रेस से कई लोगों के पार्टी से निष्कासन को उन्होंने कहा कि एक दूसरे को निपटाने की बीमारी कांग्रेस ही नहीं सभी पार्टियों में है।

श्री सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में एक मुख्यमंत्री, दो उप मुख्यमंत्री हैं लेकिन वरिष्ठ मंत्री और एक संगठन का नेता सक्रिय भूमिका निभा रहे है। विकास कार्य को लेकर सरकार की कोई स्पष्ट नीति अभी तक सामने नहीं आई है। अधिकारियों को समझ में नहीं आ रहा है कि हमें किसकी बात माननी है। छत्तीसगढ़ में सरकार कैसे चल रही है ? इस प्रश्न पर उन्होंने आश्चर्य से कहा चल रही है ! चल भर रही है। काम होता हुआ कही दिख नहीं रहा है। प्रदेश में सड़कों की स्थिति बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन के पीछे जनता की एकमात्र उम्मीद थी- विकास, लेकिन एक साल बीत जाने के बावजूद सड़कों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सिंहदेव ने इसे अमानवीय, वीभत्स और निंदनीय करार दिया और कहा कि यह हमला देश में अस्थिरता फैलाने की साजिश है। भारत को अब आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की रणनीति अपनानी चाहिए। यह वक्त केवल बयानबाज़ी का नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक कार्रवाई का है। सिंहदेव ने केंद्र सरकार से मांग की कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ टारगेट तय करके अभियान चलाया जा रहा है, उसी तरह आतंकवाद के खिलाफ भी स्पष्ट रणनीति बनानी चाहिए। ऐसी घटनाएं हमारे हौसले को नहीं तोड़ सकतीं। हम और अधिक एकजुट होकर आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देंगे।

हर जुबा पर एक ही चर्चा है कि बहुत हो गया अब आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए। उन्होंने इसके लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जिस तरह छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलवाद के खिलाफ अभियान चला रही उसी तर्ज पर केंद्र सरकार को भी आतंकवाद के खिलाफ टारगेट करना चाहिए।

श्री सिंहदेव ने कहा कि पूरे देश में आक्रोश की लहर है। जम्मू कश्मीर के नागरिक भी मेहमानों के साथ हुई आतंकी घटना से बेहद नाराज है, और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सिंहदेव ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में पूरा देश, चाहे वह किसी भी राज्य, समाज या विचारधारा से जुड़ा हो, सेना और सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है। ऐसी घटनाएं हमारे हौसले को नहीं तोड़ सकतीं, बल्कि एकजुट होकर इसका मुंहतोड़ जवाब देने का संकल्प और मज़बूत होता है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी सुरक्षा के लिए हर संभव सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिमाकत करने की हिम्मत न कर सके।

प्रेस वार्ता में पूर्व विधायकों शैलेष पांडेय,रश्मि सिंह, सिया राम कौशिक,पूर्व महापौर रामशरण यादव ,जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष ,विजय पांडेय,आशीष सिंह ,वरिष्ठ पार्षद शहजादी कुरैशी महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष पिंकी बत्रा समेत अनेक कांग्रेस नेता मौजूद थे।

# आत्महत्या के लिये उकसाने वाले मौसा और मामा कुरूद तथा राजिम से गिरफ्तार

## मृतक योगेश निर्मलकर ने प्रेम विवाह किया था जो लड़की के मामा और मौसा को पसंद नहीं था

## दोनों के प्रताड़ना से दुखी हो युवक योगेश ने जहर सेवन कर जान दे दी थी



**बिलासपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। भांजी के साथ प्रेम विवाह किए युवक को मामा ने इतना प्रताड़ित किया कि युवक ने जहर सेवन कर जान दे दी। तारबाहर पुलिस ने आरोपी मामा समेत दो आरोपियों को धमतरी और गरियाबंद से गिरफ्तार किया है।

थाना थाना तारबाहर के मर्ग क्रमांक 03/2024 धारा 174 जाफौ के मृतक योगेश निर्मलकर पिता मनोहर लाल निर्मलकर उम्र 25 वर्ष सा. बकमा थाना महासमुंद जिला महासमुंद. की मर्ग जांच पर पाया गया कि मृतक योगेश निर्मलकर हल्दी राम रेस्टोरेंट में काम करता था जो दिनांक 19.03.2024 को जहर सेवन कर कर लिया था। मृतक योगेश निर्मलकर, हीना निर्मलकर से प्रेम करता था तथा महादेव मंदिर रायपुर में शादी कर लिया था इस बात को लेकर हीना के मामा कन्हैया निर्मलकरऔर मौसा जगत निर्मलकर के द्वारा मृतक को दबाव में डालकर लडकी हीना निर्मलकर को अपने साथ ले गये एवं लडकी से बातचीत करना बंद करा दिये थे ।आरोपियो द्वारा मृतक को प्रताडित कर रहे थे जिससे मृतक तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या कर लिया था मर्ग जांच पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।एफआईआर दर्ज होने के तत्काल बाद थाना प्रभारी कृष्णचंद सिदार द्वारा आरोपी की पतासाजी हेतु थाना तारबाहर से टीम गठित कर आरोपी के निवास स्थान कुरूद जिला धमतरी एवं राजिम जिला गरियाबंद टीम रवाना किया गया आरोपी के घर पुलिस पहुची तो आरोपी पुलिस को देखकर भाग रहा था जिसे घेराबंदी कर दौडाकर पकडा गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णचंद सिदार, सउनि उमेश उपाध्याय प्रआर 771 प्रमोद कसेर आर. प्रेम सूर्यवंशी आर. वीरेन्द्र आर्मो का विशेष योगदान रहा।

# विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर में अग्निशमन यंत्र प्रयोग करने का दिया गया विशेष प्रशिक्षण



**बिलासपुर**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियो की संरक्षित व सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी संदर्भ में रेल कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरण का प्रयोग करने में दक्ष बनाने हेतु नियमित रूप से प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिससे कि अग्नि दुर्घटना के दौरान अग्निशमन उपकरण का प्रयोग सभी कर्मचारी प्रभावी रूप से कर सके।

इसी क्रम में नागरिक सुरक्षा निरीक्षक व टीम द्वारा कल दिनांक 23 अप्रैल 2025 को विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर में प्रशिक्षु लोको पायलट, सहायक लोको पायलटों को अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान क्लास लेकर सुरक्षा मानकों और अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने की जानकारी दी गई।

आगजनी के दौरान अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने का प्रदर्शन कर सभी को बताया गया साथ ही अभ्यास भी कराया गया। आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया। आग को नियंत्रण नहीं कर पाने की स्थिति में पास के अग्निशमन केन्द्रों को संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नं. 112 को मुंह जुबानी याद रखने की भी सलाह दी गई।

# अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने कलेक्टर अवनीश शरण का किया सम्मान



**बिलासपुर**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन जिला शाखा के द्वारा मंथन सभाकक्ष में कलेक्टर अवनीश शरण का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। फेडरेशन के संभाग प्रभारी जी. आर. चंद्रा, जिला संयोजक डॉ. बी. पी. सोनी तथा महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि कलेक्टर द्वारा अपने कार्यकाल में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किया जिसमें प्रत्येक मंगलवार को शाम 4.00 बजे जनदर्शन कार्यक्रम आरंभ कर अधिकारियों-कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अभिनव पहल हेतु अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन जिला फेडरेशन के पदाधिकारी के द्वारा उनको स्मृति चिन्ह अभिनंदन पत्र शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अवनीश शरण ने अपने विचार व्यक्त कर कहा कि उनके सभी सफल कार्यक्रम में आप सभी का पूर्ण सहयोग रहा है। अधिकारियों-कर्मचारियों की सामूहिक योगदान से मैंने अपना कार्य पूर्ण किया इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

स्वागत समारोह में जी. आर. चंद्रा, डॉक्टर बी. पी. सोनी, राजेंद्र दवे, किशोर शर्मा, सुनील यादव, देवेंद्र ठाकुर, विजय तिवारी, चंद्रशेखर पांडे, अश्वनी पांडे, रमेश द्विवेदी, प्रशांत पांडे, हेमंत शर्मा, प्रवीन शर्मा, कुसुम कांता तिर्की, सुधा लता सोनी, अजंता रजक, धना बाई, रेखा अनंद, प्रेमवती माझी, अशोक कुमार ब्रह्मभट्ट, विश्राम केवट, उमेश कश्यप, कैलाश गजभिए, एक. के. भीमते, डॉक्टर लखन प्रसाद मनहर, डॉक्टर ए. एस. रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# बिलासपुर पुलिस ने दो नन्ही जिंदगियां बचाने किये संवेदनशील पहल

## हायर सेंटर में त्वरित इलाज उपलब्ध कराने बिलासपुर पुलिस की तत्परता ने दो नन्हीं ज़िंदगियों को दी नई उम्मीद

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने तत्परता दिखाते हुए ग्रीन कॉरिडोर बनाने दिया यातायात को निर्देश

## अति अल्प समय में बिना व्यवधान के दो नन्हीं जिंदगियों को पहुंचाई गई मध्य नगरी के निजी अस्पताल से चकरभाठा एयरपोर्ट

**बिलासपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के एक निजी अस्पताल में इलाजरत प्रीमेच्योर दो (जुड़वा) नन्हीं जिंदगियों की नाजुक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उनके परिजनों के आग्रह पर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बिलासपुर यातायात पुलिस के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह के दिशा निर्देश पर तत्काल ही निर्बाध यातायात व्यवस्था हेतु ग्रीन कॉरिडोर बनाने का निर्णय लिया गया एवं शीघ्र ही उसे पर अमल लाते हुए यातायात पुलिस द्वारा ग्रीन कॉरिडोर के रूप में मध्य नगरी निजी हॉस्पिटल से लेकर एयरपोर्ट तक दुरुस्त यातायात व्यबस्था बनाई गई।

इस हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुए निजी अस्पताल मध्य नगरी चौक से चकरभाठा एयरपोर्ट तक दोनों नन्ही जिंदगियों को पहुँचाने हेतु ग्रीन कॉरिडोर के सभी जगह पर यातायात का बल तैनात किया गया एवं एंबुलेंस को निर्बाध रूप से एयरपोर्ट पहुंचाने हेतु यातायात के बल ए एस पी ट्रेफिक के द्वारा पायलटिंग करते हुए निर्बाध रूप से अति अल्प समय में एयरपोर्ट पहुंचाई गई।



बिलासपुर शहर में आम राहगीरों को इस संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर इंसानियत का मिसाल पेश करते हुए उन्होंने भी ग्रीन कॉरिडोर में एंबुलेंस के जाने के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं किया। साथ ही यातायात पुलिस की मुस्तैदी और चुस्ती ने पुर नो मेंस- नो वेहीकल के रूप में पूरे रोड को जीरो कर रखा था और एम्बुलेंस को एअरपोर्ट तक जाने के दौरान कोई बाधा की स्थिति निर्मित नही होने दिया। मामला प्रीमैच्योर जुड़वा बच्चों का है जो जन्म के बाद ही क्रिटिकल स्टेज में थे। दोनों बच्चों का वजन और प्लेटलेट्स बेहद कम थे। इन नन्ही बच्चो के परिजन अपने नाजुक हालत में पैदा हुए नवजातों के बेहतर इलाज के लिए हैदराबाद ले जाने का निर्णय लिये थे लेकिन बच्चों की हालत नाजुक देख उन्हें और सुरक्षित एयर एंबुलेंस तक पहुंचाना चुनौतीपूर्ण था। एयर एंबुलेंस चकरभाटा एयरपोर्ट पर मौजूद थी और बच्चों को शहर के मध्यनगरी के पास निजी अस्पताल से वहां तक पहुंचाना था। हैदराबाद के डॉक्टरों का टीम भी नन्ही जिंदगियों की नाजुक स्थिति को देखते हुए हैदराबाद से बिलासपुर के निजी अस्पताल में पूरे टीम सहित पहुंच गए थे।

ऐसे में यातायात पुलिस ने सतर्कता के साथ तत्परता दिखाते हुए नन्ही जिंदगियों को एयरपोर्ट पहुँचाने त्वरित ड्यूटी पर मुस्तैद हुए। करीब दोपहर 12.30 बजे, एंबुलेंस को अस्पताल से निकाला गया और ट्रैफिक पुलिस की मदद से तैयार ग्रीन कॉरिडोर पर नन्हीं जानों को लेकर वाहन तेजी से दौड़ गया। हर चौराहे, और प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक जवान मुस्तैदी से तैनात रहे ताकि बिना किसी देरी के एंबुलेंस सीधे एयरपोर्ट तक पहुंचे। एसएसपी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक की निगरानी में यह ग्रीन कॉरिडोर सफलता पूर्वक संचालित किया गया और दोनों बच्चों को जल्दी और सुरक्षित एयर एंबुलेंस तक पहुंचाया।

विदित हो कि इससे पहले भी बिलासपुर में ग्रीन कॉरिडोर के ज़रिए कई ज़िंदगियों को समय पर इलाज मिला है लेकिन इस बार मामला दो जुड़वां मासूमों का था अतः बिलासपुर पुलिस पूरी संवेदनशीलता के साथ उन मासूम नन्ही जिंदगियों को हायर सेंटर में उचित उपचार हेतु पहुँचाने में हर संभव मदद करने का प्रयास किया और अति अल्प समय में उन्हें एयरपोर्ट पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बिलासपुर पुलिस दुआ करती हैं कि दोनों बच्चे जल्द स्वस्थ होकर घर लौटें। इस पूरी व्यवस्था के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने निरंतर पल-पल की जानकारी लेते रहे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे अपने पूरे यातायात टीम के साथ स्वयं पायलेटिंग करते हुए दो नन्ही जिंदगियों को एंबुलेंस के माध्यम से एयरपोर्ट तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाए।

**NECC**

| 25.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 405 | 75 | 155 |
| चिल्हर | 6.00 | 95 | 180 |
| डिलीवरी | 420 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771